CMYK

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 22 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 246 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 3 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग पेज 2



चोटिल आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर खेल टाइम्स



धधकती धरती: विकास की अंधी दौड़ या विनाश का काउंटडाउन सम्पादकीय



भारत ने इजरायल की मदद कर कानून तोड़ा: यूएन दूत पेज 12

# शांतिवार्ता पर सस्पेंस खत्म

## ईरान का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान जाने के लिए राजी

इस्लामाबाद, वार्ता

**पश्चिम एशिया** में जारी तनाव के बीच दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को जानकारी दी है कि अमेरिका और ईरान ने इस्लामाबाद में युद्धविराम वार्ता के नए दौर के लिए संकेत दिए हैं। हालांकि, अभी तक अमेरिका या ईरान ने सार्वजनिक रूप से बातचीत के समय की पुष्टि नहीं की है।

अधिकारियों की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने भी इस बात से इन्कार किया है कि उनका कोई अधिकारी अभी पाकिस्तान की राजधानी में मौजूद है। पाकिस्तान की अगुवाई कर रहे मध्यस्थों को इस संबंध में पुष्टि मिल गई है। अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मुख्य वार्ताकार बुधवार सुबह इस्लामाबाद पहुंचेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब दो हफ्ते का युद्धविराम खत्म होने वाला है। इस कूटनीतिक हलचल के बीच वाशिंगटन से काफी कड़े बयान आ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो वह ईरान के बिजली संयंत्रों को निशाना बनाएंगे। ट्रम्प ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर का जिक्र करते हुए इसे परमाणु ठिकानों को पूरी तरह खत्म करने वाली कार्रवाई बताया। वहीं ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद गालिबाफ ने इन धमकियों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत की मेज को आत्मसमर्पण की मेज में बदलना चाहता है। गालिबाफ ने साफ किया कि ईरान धमकियों के साये में बातचीत स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि पिछले दो हफ्तों में ईरान ने युद्ध के मैदान में नए पत्ते खोलने की पूरी तैयारी कर ली है।



- मुख्य वार्ताकार आज सुबह इस्लामाबाद पहुंचेंगे
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे

### शानदार समझौते के साथ होगा अंत, शांति वार्ता पर बोले ट्रम्प, युद्धविराम बढ़ाने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** दुनिया भर की निगाहें इस समय अमेरिका और ईरान के बीच मंडरा रहे युद्ध के बादलों पर टिकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस तनावपूर्ण माहौल में अपनी स्थिति साफ कर दी है कि शांति की समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है। ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि 22 अप्रैल की आधी रात के बाद वह किसी भी कीमत पर युद्धविराम को आगे नहीं बढ़ाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कूटनीति के लिए अब और समय देना मुमकिन नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि हमारे पास इतना समय नहीं है। समय सीमा 22 अप्रैल है और मैं युद्धविराम को बढ़ाना नहीं चाहता। जब उनसे पूछा गया कि क्या समझौता न होने पर वह फिर से सैन्य कार्रवाई करेंगे, तो ट्रम्प ने बिना झिझक कहा कि वह बमबारी की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इसी रवैये के साथ आगे बढ़ना बेहतर है।

### पाक ने भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक किया बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस 24 मई तक बंद रखने का फैसला किया है। अब ये पाबंदियां एक साल से भी ज्यादा समय तक लागू रहेंगी। पिछले साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपना-अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। हमले में 26 लोग मारे गए थे। 24 अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान का एयरस्पेस पेस बंद है, वहीं दूसरी तरफ पिछले साल 30 अप्रैल से पाकिस्तानी विमानों को भारतीय एयरस्पेस इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं है।

# छूने से देवता अपवित्र कैसे होते हैं: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में केरल के सबरीमाला मंदिर समेत विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ कथित भेदभाव से जुड़े मामलों पर सुनवाई जारी है। इसके लिए अदालत ने 9 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का गठन किया है, जो 2018 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिकाओं पर विचार कर रही है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा कि यदि किसी आस्थावान भक्त को देवता को छूने से रोका जाता है, तो क्या ऐसे में संविधान उसकी रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा? यह टिप्पणी जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने उस समय की, जब यह चर्चा चल रही थी कि जन्म या परंपरा के आधार पर किसी को पूजा-अधिकार से वंचित किया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने पूछा, 'मूर्ति छूना ईश्वर का अपमान कैसे हो सकता है और वे अपवित्र कैसे हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या संविधान उस भक्त की मदद के लिए आगे नहीं आएगा, जिसे केवल उसके वंश और जन्म के कारण देवता को छूने से रोक दिया जाता है। इस पर सबरीमाला के वकील एडवोकेट वी. गिरी ने कहा किसी भी मंदिर में होने वाले रीति-रिवाज उस धर्म का अभिन्न हिस्सा होते हैं। पूजा देवता की विशेषताओं के उलट नहीं हो सकती। भगवान अयप्पा 'नैष्ठिक ब्रह्मचारी' हैं, इसलिए वहां की परंपराएं उसी के अनुरूप तय की गई हैं। मामले में मंदिर के प्रमुख पुजारी की ओर से कहा गया कि पूजा की परंपराएं और अनुष्ठान धर्म का अभिन्न हिस्सा हैं और इन्हें धार्मिक अधिकार माना जाना चाहिए। उनके अनुसार, भक्त जब मंदिर आता है तो उसे देवता के स्वरूप और उसकी परंपराओं को स्वीकार करना होता है। सबरीमाला मामले के साथ-साथ अदालत अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े कई अहम मुद्दों की भी जांच कर रही है। इनमें मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश, अंतरधार्मिक विवाह के बाद पारसी महिलाओं के अग्नि मंदिर में प्रवेश का अधिकार, बहिष्कार की प्रथाओं की वैधता और दाऊदी बोहरा समुदाय में महिला जननांग विकृति से जुड़े कानूनी सवाल शामिल हैं। सुनवाई के पहले दिन संविधान पीठ ने स्पष्ट किया कि सभी पक्षकारों को तय समयसीमा के भीतर ही अपनी दलीलें प्रस्तुत करनी होंगी। अदालत ने कहा कि अन्य महत्वपूर्ण मामले भी लंबित हैं, इसलिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। सभी वकीलों को अपने तर्क और दस्तावेज समय पर पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई का पूरा कार्यक्रम पहले ही तय कर दिया था। इसमें समीक्षा याचिकाओं के समर्थन में दलीलें 7 से 9 अप्रैल तक सुनी गईं। विरोधी पक्ष की दलीलें 14 से 16 अप्रैल तक रखी गईं। जवाबी दलीलें 21 अप्रैल को और अंतिम बहस एमिकस क्यूरी की ओर से 22 अप्रैल तक पूरी होने की संभावना है।

**सबरीमाला मंदिर की सुनवाई के दौरान उठा सवाल, छठे दिन परंपरा व प्रथा पर हुए तर्क**

**सबरीमाला के वकील बोले: भगवान अयप्पा ब्रह्मचारी, इसलिए पूजा की प्रथा भी वैसी**



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प व वेंस पर टिप्पणी करने वाला CDS का वीडियो फर्जी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के दुष्प्रचार नेटवर्क ने इंटरनेट पर भ्रामक सामग्री प्रसारित करते हुए छेड़छाड़ किया गया डाक्टर्ड वीडियो साझा किया गया है, जिसमें झूठा दावा किया गया है कि भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से साझा किए गए इस क्लिप में संदर्भ को बिगाड़कर पेश किया गया है। यह राजनयिक संबंधों में तनाव पैदा करने और जनता को गुमराह करने के समन्वित प्रयासों का हिस्सा लग रहा है। जनरल अनिल चौहान के एक पुराने साक्षात्कार से निकाले गए इस जोड़-तोड़ वाले क्लिप में उन्हें कथित तौर पर ईरान के साथ युद्धविराम वार्ता के सिलसिले में जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा पर टिप्पणी करते हुए दिखाया गया है।

### पाक ने नई 'तैमूर' क्रूज मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने समुद्री मारक क्षमताओं को और धार देते हुए स्वदेश विकसित 'तैमूर' एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। देश की सैन्य-मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तानी नौसेना ने तैमूर मिसाइल का परीक्षण किया। यह एक ऐसी जहाज-रोधी हथियार प्रणाली है, जो लंबी दूरी तक सटीक हमला करने में सक्षम है। बयान में कहा गया है कि मिसाइल ने अपने मिशन को असाधारण सटीकता के साथ पूरा किया है। यह समुद्री खतरों का पता लगाने, उन पर नजर रखने और उन्हें बेअसर करने की क्षमता रखती है।

### पाकिस्तानी अपराधी मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी खुफिया कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर और आईएसआई के कथित गुर्गे शहजाद भट्टी से जुड़े एक अपराधी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो युवा गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लक्षित हत्याओं (टारगेट किलिंग) और हमलों की योजना बना रहे थे। पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी शहजाद भट्टी के निर्देश पर काम कर रहे थे और गोलीबारी तथा ग्रेनेड हमले करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे।

### रक्षा मंत्रालय ने किए 975 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने टी-72, टी-90 टैंकों के लिए ट्रॉल असेंबली की खरीद के लिए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) और इलेक्ट्रो न्यूमेटिक्स एंड हाइड्रोलिक्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ लगभग 975 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए।

## तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार थमा गुरुवार को होगा मतदान

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गुरुवार को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल के पहले चरण के लिए 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले जनसभाएं रोक दी जाती है। प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क साधते हैं। दोनों राज्यों में 23 अप्रैल को मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव 29 अप्रैल को होगा, जिसमें 142 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में कुल 4,023 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। वहां मुख्य मुकाबला वर्तमान सत्तारूढ़ द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और उसके मुख्य प्रतिद्वंदी अन्नाद्रमुक, गैर-भारतीय जनता पार्टी बीच है।

# केरल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 13 की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले के मुंडथिक्कोडु इलाके में मंगलवार को एक पटाखा निर्माण यूनिट में भीषण विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब शहर में आयोजित होने वाले वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव त्रिशूर पूरम की तैयारियां चल रही थीं। इस घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है।

घटनास्थल पर पहुंचे राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के समय यूनिट में करीब 40 लोग काम कर रहे थे, क्योंकि आयोजकों द्वारा कर्मचारियों के लिए दोपहर का भोजन लाया गया था। अधिकारी ने कहा कि हमें सूचना मिली है कि सात लोग वहां से भागने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि यह विस्फोट उस पटाखा इकाई में हुआ, जहां त्रिशूर पूरम के थिरुवंबाडी गुट के लिए आतिशबाजी के सैंपल तैयार किए जा रहे थे। इस घटना में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और 5 लोगों की हालत बेहद ही गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी हुई थी, जिसमें आग लगने के बाद जोरदार धमाका हुआ। प्रारंभिक जानकारी में लगभग 40 लोगों के घायल होने की बात सामने आई थी, जिनमें से कम से कम पांच की हालत गंभीर बताई गई थी। घटना के तुरंत बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और प्रशासन ने त्रिशूर मेडिकल कॉलेज सहित आसपास के अस्पतालों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति से निपटा जा सके। विस्फोट के बाद इलाके में घना धुआं और आग फैल गई, जिससे बचाव कार्यों में भी कठिनाई आई। घटनास्थल पर मौजूद अधजले और बिना फटे विस्फोटकों के कारण राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुआ।पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की टीमें मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गईं। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे धमाके की तीव्रता और वहां मौजूद विस्फोटक सामग्री के पैमाने का अंदाजा लगाया जा सकता है। राज्य संचालित केआईएलए के कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने तेज धमाके की आवाज सुनी और पहले उन्हें लगा कि यह भूकंप है।



- कई अन्य लोग घायल, पीएम ने जताया दुख

## मध्य प्रदेश में रात में लू का अलर्ट, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला

**नई दिल्ली।** देश के मैदानी इलाकों में तेज गर्मी जारी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा और दिल्ली में कई जगह पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। कई जगह लू का भी अलर्ट है। मध्य प्रदेश के भोपाल में पहली बार रात में लू चलने की चेतावनी दी गई है। भोपाल, छिंदवाड़ा, मंडला, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रतलाम और छतरपुर समेत 16 जिलों में लू चलने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज में 44.4 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। गर्मी को देखते हुए 8वीं तक के स्कूलों का टाइम बदल दिया गया है। झारखंड में भी आज से स्कूलों के समय में बदलाव किया है। महाराष्ट्र के गोंदिया और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पारा 43 डिग्री दर्ज हुआ। दोनों जिलों में दोपहर 12:30 बजे से 4 बजे तक ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े। दोनों ही राज्यों में दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में काम करने पर रोक लगा दी गई है।

# पहलगाम हमले के एक साल बाद भी बैसारन मैदान बंद

पहलगाम, वार्ता

**कश्मीर के** प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में पर्यटकों की वापसी शुरू तो हुई है, लेकिन संख्या अब भी कम बनी हुई है। इसका बड़ा कारण बैसारन घास का मैदान अब भी बंद होना है, जहां पिछले वर्ष आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

बैसारन में 22 अप्रैल को हुए हमले में कुल 26 लोगों की जानें गईं थी, जिससे भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था। हालात अब सामान्य हुए हैं, लेकिन 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर बैसारन अब तक बंद है, जिससे पर्यटकों का भरोसा पूरी तरह बहाल नहीं हो पाया है। हमले के बाद बंद किए गए कई पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया है, लेकिन बैसारन बंद ही रहा है। प्रवेश द्वार पर सरकार ने एक स्मारक बनाया है, जहां हमले में मारे गए 26 लोगों के नाम दर्ज हैं। पर्यटक वहां तस्वीरें लेते हैं, नाम पढ़ते हैं और फिर लिद्दर नदी के किनारे घूमकर लौट जाते हैं। पहलगाम टैक्सी ड्राइवर संघ के अध्यक्ष गुलाम नबी लोन ने कहा कि पर्यटक आ तो रहे हैं, लेकिन रात नहीं रुक रहे। इससे टैक्सी, घुड़सवारी और होटल व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार, पिछले साल पहलगाम में करीब चार लाख पर्यटक आए, जो सामान्य 12.15 लाख की तुलना में काफी कम है। स्थानीय कारोबारी इस गिरावट के लिए बैसारन और आसपास के स्थलों के बंद रहने को जिम्मेदार मानते हैं। स्थानीय पर्यटन से जुड़े लोगों का कहना है कि बैसारन पहले कभी बंद नहीं रहा और इसे जल्द खोलने की मांग लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने चंदनवाड़ी के बंद होने पर भी चिंता जताई और कहा कि प्रमुख स्थल बंद होने से पर्यटक ठहरने के बजाय जल्दी लौट जाते हैं। फिलहाल मुख्य पहलगाम के बाहर केवल बेटाब वैली ही पर्यटकों के लिए खुली है। यहां करीब 5000 पोनीवाले और होटल व्यवसाई इस स्थिति से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने टैक्सी चालकों, पोनीवालों और होटल कर्मचारियों को क्यूआर कोड जारी करना शुरू किया है। अब तक करीब 7000 लोगों को सत्यापन के बाद यह कोड दिया जा चुका है, और लक्ष्य 25,000 लोगों को शामिल करने का है। यह देश का पहला ऐसा स्थान है, जहां पहचान के लिए क्यूआर आधारित प्रणाली लागू की जा रही है। पोनीवाला एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद वानी ने कहा कि सुरक्षा इंतजाम बेहतर हुए हैं, लेकिन बैसारन के बंद रहने से पर्यटन को भारी नुकसान हो रहा है। पर्यटक भी बैसारन को खोलने की मांग कर रहे हैं। मुंबई से आए एक पर्यटक ने कहा कि मैं यहां घूमने आया हूं, डर नहीं है, लेकिन बैसारन बंद देखना निराशाजनक है। बैसारन जाने वाले रास्ते पर सुरक्षा बलों ने नाके लगाए हैं और एक सीमा से आगे किसी को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।



- 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर है बैसारन, पर्यटकों का भरोसा पूरी तरह बहाल नहीं हो पाया

# कांग्रेस ने पीएम के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लेटर लिखकर कहा कि पीएम ने 'राष्ट्र के नाम संबोधन' में विपक्षी सांसदों के वोट और उनके इरादों पर सवाल उठाए थे। यह नियमों के खिलाफ है।

वेणुगोपाल ने लिखा कि पीएम ने करीब 29 मिनट के संबोधन में विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण बिल रोकने का आरोप लगाया। सांसदों के वोटिंग पैटर्न पर सवाल उठाए। उनके फैसलों के पीछे की मंशा पर भी टिप्पणी की। कांग्रेस सांसद ने मांग की है कि इस मामले को लोकसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए और पीएम के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाए। स्पीकर को लिखे लेटर में कहा कि इस तरह के बयान चुने हुए सांसदों की स्वतंत्रता और उनकी ईमानदारी पर सवाल खड़े करते हैं। इससे संसद की गरिमा और अधिकार कमजोर होते हैं। संविधान सांसदों को स्वतंत्र रूप से काम करने का अधिकार देता है। कोई भी व्यक्ति यहां तक कि प्रधानमंत्री भी, उनके वोट या आचरण पर सवाल नहीं उठा सकता।

- लोकसभा स्पीकर को लेटर लिखा
- कहा: सांसदों के वोट पर टिप्पणी नियमों के खिलाफ

# युवक को घर में घुसकर गोली मारी

## मेरठ में उपचाराधीन घायल युवक की हालत नाजुक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब देर रात कुछ हमलावारों ने घर में घुसकर युवक को गोली मार दी। मेरठ में उपचाराधीन घायल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रावटी निवासी सौरभ (26 वर्ष) पुत्र सुदेश ग्राम सिसौना स्थित एक बैंकेट हॉल में आयोजित शादी समारोह में पहुंचा था। बताया जाता है कि सौरभ का शादी समारोह में किसी से विवाद हो गया। सौरभ के परिजनों ने बताया कि विवाद के बाद सौरभ तब तक रावटी अपने घर नहीं पहुंचा था कि उससे पहले ही बाइक सवार तीन युवक उनके घर आए और विवाद की बात सौरभ के परिजनों से करने लगे। साथ ही सौरभ का इंतजार करने लगे। इस बीच जैसे ही सौरभ घर पहुंचा, तो घर में पहले से ही मौजूद आरोपियों ने सौरभ की कनपटी पर तमंचा रख गोली मार दी। गोली लगते ही सौरभ गंभीर जमीन पर गिर गया। तीनों आरोपी बाइक छोड़ फरार हो गए। आनन-फानन में घायल को बिजनौर ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस सहित सीओ देश दीपक सिंह भी मौके पर पहुंचे और रात में स्थिति को संभाला। वहीं गांव में जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उधर हीमपुर दीपा पुलिस ने मौके से मिली बाइक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति की बाइक मौके पर मिली है वह ग्राम टूंगरी निवासी है, जो परिवार सहित मौके से फरार है। सूत्र बताते है कि हमलवर के दो अन्य साथी भी उसी गांव के है। सूत्रों का दावा है कि घायल सौरभ और उस पर हमला करने वाला दोनों ही हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा जट स्थित जेके इंटरनेशनल स्कूल की वैन चलाते हैं। वहीं दिन निकलते ही एसपी ग्रामीण हीमपुर दीपा थाने पहुंचे। उन्होंने न केवल हीमपुर दीपा पुलिस से घटना की जानकारी ली, बल्कि अग्रिम कार्रवाई के लिए हीमपुर दीपा पुलिस सहित सीओ देश दीपक सिंह को भी निर्देशित किया।



### आरोपियों को दिलाएंगे कड़ी से कड़ी सजा : जय भगवान सिंह

थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान ने बताया कि कानून को अपने हाथ में लेकर खौफ पैदा करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि सीओ के नेतृत्व एवं एसपी के दिशा निर्देशन में आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### टूंगरी व रावटी में पनप रहा गुंडाराज

ग्राम टूंगरी व रावटी की नई पीढ़ी में गुंडाराज पनपता जा रहा है। बीते वर्ष रावटी के कुछ युवकों ने चांदपुर में जमकर उत्पात मचाया था यहां तक कि फायरिंग की भी सूचना थी। चांदपुर पुलिस ने उस वक्त कुछ युवकों को पकड़ा था, परंतु मोटी सेटिंग कर छोड़ दिया था। वहीं ग्राम टूंगरी निवासी कुछ दबंगों ने भी रतनपुर खुर्द के मदरसे के पास स्थित मुस्लिम युवक के घर पर फायरिंग कर तहलका मचा दिया था, तत्कालीन थाना प्रभारी योगेश मावी ने पूरे मामले को डकारने और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। पुलिस की सेटिंग का ही यह पूरा खेल है कि यहां कानूनी फीस जमा कर नए-नए अपराधी पैदा हो रहे हैं।

## एक नजर

### गैस किल्लत पर प्रशासन सख्त



**नजीबाबाद।** नगर में गैस की किल्लत की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नायब तहसीलदार अमित कुमार और सप्लाई इंस्पेक्टर इंडियन गैस एजेंसी पहुंचे। अधिकारियों ने एजेंसी संचालक से स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से कहा कि अब गैस सिलेंडर बुक होने के बाद सीधे घर-घर पहुंचाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और बुकिंग के बाद डिलीवरी की प्रतीक्षा करें। नायब तहसीलदार अमित कुमार ने बताया कि गैस वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए एजेंसी को सख्त निर्देश दिए गए हैं। सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है और बहुत जल्द गैस की किल्लत दूर कर दी जाएगी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि कालाबाजारी या मनमानी करने पर एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से भी अपील की गई कि गैस संबंधी किसी भी समस्या की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### बीबीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** विवेक कॉलेज के प्रबंधन विभाग (बीबीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणामों के अनुसार, बीबीए तृतीय सेमेस्टर में गुरदीप सिंह ने 75.25% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शाकिब जावेद ने 72.25% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि हिमांशी चौहान ने 72.12% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। बीबीए पंचम सेमेस्टर में नवनीत कौर ने 73.67% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कार राणा ने 70.33% अंकों के साथ द्वितीय तथा मानवी ने 70.17% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रबंधन विभाग के प्राचार्य डा. सर्वेश कुमार शीतल ने बताया कि बीबीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। महाविद्यालय के चेयरमैन अमित गोयल ने कहा कि यह उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम विवेक विश्वविद्यालय के उच्च स्तरीय शैक्षणिक वातावरण को दर्शाता है। महाविद्यालय के सचिव इंजी. दीपक मित्तल ने इसे शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों के अनुशासन का परिणाम बताया। महाविद्यालय के वित्तीय सलाहकार अनिल शर्मा ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को कुशल प्रोफेशनल बनाना है, जिससे वे कॉरपोरेट जगत की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें। महाविद्यालय संयोजक डा. हितेश शर्मा ने बताया कि विवेक महाविद्यालय व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माधयम से विद्यार्थियों को सक्षम एवं प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### एक रात में तीन जगह लगी आग

**नजीबाबाद।** मौहल्ला वाहिद नगर में एक बंद मकान में आग लग गई। मकान स्वामी जतिन दुआ पुत्र स्व. राजकुमार दुआ परिवार सहित शादी समारोह में यमुना नगर, हरियाणा गए थे। दोपहर में घर से धुआं उठता देख लोगों ने फायर स्टेशन को सूचना दी। फायर स्टेशन प्रभारी के एस जादौन के नेतृत्व में फायर सर्विस यूनिट ने मौके पर पहुंचकर मकान में लगी भीषण आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। बगल के कमरे में भरे धुएं के कारण हथौड़े से दरवाजा तोड़ा गया। इस अग्निकांड में दीवान बेड, बिजली का मीटर, इनवर्टर, दरवाजा और एक रेंजर साइकिल जल गई। प्रथम दृष्टया कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मकान और आसपास के घर सुरक्षित बचा लिए गए। मौके पर नगर पालिका चेयरमैन और स्थानीय पुलिस मौजूद रही। दूसरी घटना बीती रात सिग्नल स्टोर रेलवे स्टेशन के पीछे आदर्श नगर कॉलोनी स्थित रेलवे परिसर में हुई। यहां रखे प्लास्टिक के पाइप और लोहे के पुराने सामान में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कुरेद-कुरेद कर आग को पूरी तरह बुझाया। टीम की तत्परता से पास की रेलवे आवासीय कॉलोनी और स्वास्थ्य निरीक्षक उत्तर रेलवे के कार्यालय को सुरक्षित बचा लिया गया। आग लापरवाही से धूम्रपान करने के कारण लगना प्रतीत हुई है। इस घटना में प्लास्टिक के पाइप क्षतिग्रस्त हुए। घटनास्थल पर आरडी मीणा, आरपीएफ उपनिरीक्षक वीर सिंह और मुख्य आरक्षी वेद प्रकाश भट्ट मौजूद रहे। दूसरी तरफ मौहल्ला नवाबपुरा में थाने के पीछे रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में वायर स्पार्किंग से अचानक आग लग गई। मौहल्लेवासियों ने तुरंत विद्युत विभाग को फोन पर सूचना दी। सूचना पर विद्युतकर्मी अंकुल मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। समय रहते कार्रवाई से एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

## एक नजर

### उपचार के दौरान युवक की मौत



**शेरकोट।** उपचार के दौरान युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। बिना किसी कार्यवाही के युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर के मौहल्ला फतेहनगर निवासी अंकुश कुमार ने बताया कि उनके तहेरे भाई पंकज कुमार पुत्र स्व. खूब सिंह पेट से संबंधित बीमारी से पीड़ित थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें रविवार को धामपुर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया था। बताया गया कि बीती देर रात उपचार के दौरान पंकज कुमार ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और मौहल्ले में शोक का माहौल बन गया। मृतक चार भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े था। उनके परिवार में दो छोटे-छोटे बच्चे हैं, जिनमें एक की उम्र करीब दो वर्ष और दूसरे की पांच वर्ष बताई जा रही है। पंकज कुमार ब्रश कारखाने में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था।

### बीसीए में युक्ति अग्रवाल प्रथम



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स के बीसीए तृतीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष) का परीक्षाफल महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष विशेष रूप से छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। छात्रा युक्ति अग्रवाल पुत्री अतुल कुमार अग्रवाल ने 79.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और इंस्टीट्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा प्रेरणा चौहान पुत्री प्रकाशवीर 77.2 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं छात्र शुभम छाबड़ा पुत्र पंकज छाबड़ा 74.5 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहें। इस मौके पर संस्था की चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिये प्रेरित किया। संस्थान परिसर में परिणाम घोषित होते ही खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा.दुष्यंत जैन, परीक्षा नियंत्रक एव विभागाध्यक्ष गौरव मलिक, मधुलिका राजपूत, परमजीत कौर (कोर्डिनेटर), जितेंद्र सिंह, नीशू सिंह, रश्मि शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा आपत्तिजनक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद सनसनी फैल गई। वायरल वीडियो लगभग दो साल पहले की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में युवक और युवती आपत्तिजनक स्थिति में दिखाई दे रहे हैं, जबकि एक अन्य युवक वीडियो बनाता नजर आ रहा है और तीसरा युवक मौके पर मौजूद होकर छेड़छाड़ करता दिख रहा है।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया। हालांकि, हैरानी की बात यह रही कि पुलिस ने गंभीर धाराओं में कार्रवाई करने के बजाय तीनों का चालान धारा 151 में कर दिया, जिसके बाद उन्हें आसानी से राहत मिल गई।

### गिरफ्तारी के बाद भी नरमी

इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ऐसे गंभीर मामलों में भी पुलिस नरमी बरतती रही, तो इससे अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे तथा बहन-बेटियों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो जाएगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर सख्त धाराओं में कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। दूसरी तरफ थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो के खिलाफ किसी की तरफ से तहरीर नहीं दी गई तहरीर मिलते है कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# सीडी इंटर कॉलेज भूमि पर कब्जे का विवाद गहराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सीडी इंटर कॉलेज की भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है।

आज तहसीलदार के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन पैमाइश के बाद बिना ठियाबंदी किए ही लौट जाने से विवाद और बढ़ गया। इसको लेकर कॉलेज प्रशासन ने राजस्व टीम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कॉलेज के प्रबंधक सुशांत ऐरन के अनुसार, करीब एक माह पूर्व बिजनौर निवासी एक व्यक्ति ने अपने साथियों के साथ कॉलेज की खसरा संख्या 630 की भूमि को निजी बताते हुए वहां दीवार खड़ी कर पिलर लगा दिए और कब्जा कर लिया। इस संबंध में प्रबंध समिति ने पहले एसडीएम व पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 13 अप्रैल को प्रबंधन ने दोबारा सीएम पोर्टल और राजस्व विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। शिकायत के क्रम में मंगलवार को राजस्व टीम मौके पर पहुंची और पैमाइश भी की, लेकिन आरोप है कि टीम ने न तो खसरा संख्या की ठियाबंदी की और न ही कब्जा हटाने की कोई कार्रवाई की। प्रबंधन का आरोप है कि विपक्षी पक्ष के दबाव में आकर टीम ने कार्रवाई से परहेज किया। साथ ही, पैमाइश से संबंधित कोई रिपोर्ट भी कॉलेज प्रशासन को उपलब्ध नहीं कराई गई।

इस रवैये से आक्रोशित प्रबंधन व स्टाफ ने अब पूरे प्रकरण को डीएम के समक्ष उठाने की बात कही है।

# रोजगार सेवकों का जोरदार प्रदर्शन

### बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** रोजगार सेवकों ने विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर ब्लॉक कार्यालय में प्रदर्शन किया। रोजगार सेवकों ने मानदेय बढ़ाने सहित पांच प्रमुख मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए ब्लॉक उपाध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत रोजगार सेवक लंबे समय से कम मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 24 हजार रुपए प्रतिमाह मिलने वाला मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपए किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है। रोजगार सेवकों ने मांग की कि उन्हें ईपीएफ की सुविधा शीघ्र लागू की जाए तथा मनरेगा योजना के प्रभावी संचालन के लिए टैबलेट या मोबाइल उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक प्रस्तावित कलमबंद हड़ताल के दौरान उनकी समस्याओं का समाधान किए जाने की भी मांग उठाई गई।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि करीब एक वर्ष से मानदेय का भुगतान न होने से रोजगार सेवकों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है, जिससे परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समाधान न होने पर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

प्रदर्शन के उपरांत रोजगार सेवकों, तकनीकी सहायकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने संयुक्त रूप से बीडीओ सीपी पांडेय को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस दौरान मुनीष कुमार, बिशनपाल, रोहित, अशोक कुमार, सोनू, सुषमा, अरुण कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं परिणाम की तैयारी अंतिम चरण में, मूल्यांकन पूरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ 25 अप्रैल के बाद कभी भी जारी हो सकते हैं नतीजे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित करने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं। बोर्ड से जुड़े सूत्रों के अनुसार परिणाम 25 अप्रैल के बाद किसी भी दिन जारी किए जा सकते हैं। मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है और अब डेटा एंट्री, अंकों का मिलान तथा अंतिम सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है।

इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में 52 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक प्रदेश भर के 8033 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गईं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई तथा लखनऊ और प्रयागराज स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से लाइव मॉनिटरिंग की गई। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राएं अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर रोल नंबर के माध्यम से देख सकेंगे। इसके अतिरिक्त डिजीलॉकर और उमंग ऐप पर भी डिजिटल मार्कशीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे छात्रों को त्वरित सुविधा मिल सके। यूपी बोर्ड ने इस वर्ष उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेश भर में 254 केंद्र बनाए थे। करीब 1.52 लाख शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगाया गया, जिनमें हाईस्कूल के लिए लगभग 96 हजार और इंटरमीडिएट के लिए 55 हजार से अधिक परीक्षक शामिल रहे। बोर्ड ने लगभग 2.80 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित समय में पूरा कराया। परिणाम जारी होने के बाद स्क्रूटनी, अंक सुधार और अन्य औपचारिक प्रक्रियाएं भी शुरू कर दी जाएंगी।

# खड़गे ने पीएम मोदी को बताया 'आतंकवादी', भाजपा भड़की



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तमिलनाडु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी को 'आतंकवादी' कहा। हालांकि बाद में सफाई देते हुए इसे 'आतंकित करने' के संदर्भ में बताया। बीजेपी ने इसे कांग्रेस की सोची-समझी साजिश करार दिया और तीखी निंदा की। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि ये कोई जुबान फिसलना नहीं, बल्कि राहुल गांधी के इशारे पर कहा गया है। हालांकि खड़गे ने कहा कि उनके कहने का ये मतलब नहीं था। वो कहना चाह रहे थे कि पीएम आतंकित करते हैं। खड़गे के इस बयान पर बीजेपी आगबबूला है.

बीजेपी नेता संबित पात्रा ने कहा कि यह न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को भी दिखाता है। भले ही वह कोई सफाई दे रहे हों, लेकिन याद रखिए कि यह कांग्रेस पार्टी की एक सोची-समझी साजिश है। हर रोज राहुल गांधी अपने भाषणों में प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और आज राहुल के इशारे पर खड़गे ने प्रधानमंत्री को आतंकवादी कह दिया। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जो ओसामा बिन लादेन को 'ओसामा जी' कहती है। यह वही कांग्रेस पार्टी है जो बड़े-बड़े आतंकवादियों के साथ खड़ी नजर आती है, फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादी कहती है। संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को याद रखना चाहिए कि जब भी कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया है, भारत की जनता ने उसे सजा दी है। इस बार भी भारत की जनता इसका जवाब देगी।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication    दिनांक : 21.04.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 16-DRM-MB-26-27 21.04.2026 | 17-DRM-MB-25-26 21.04.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of jacketing in underpass 1269A in RK yard and improvement of drainage in TSS/RK and surrounding areas of underpass 1269A/ 1269B to prevent water logging issue in monsoon season in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB | Upgradation / modernization of infrastructure at Roorkee goods shed under Sr. DEN/I/MB. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 4,57,26,835.54 | 8,56,25,680.37 |
| धरोहर राशि | 9,14,500.00 | 17,12,500.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 19.05.2026 16:00 | 19.05.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 05.05.2026 | 05.05.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 12 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ    1323/26

# काशीराम कॉलोनी में युवती की हत्या

## आरोपी राहुल ने खुद को भी किया घायल, पुलिस पर गंभीर आरोप





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** योगीराज में भी गुंडे बेलगाम है। बहन-बेटियों की इज्जत और जान सुरक्षित नहीं है। इसी क्रम में एक सनसनीखेज घटना में आज दिनदहाड़े काशीराम कॉलोनी में एक तरफा इश्क में पागल हुए युवक राहुल ने मुस्लिम समाज की अपनी कथित प्रेमिका की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरोपी युवक राहुल ने खुद को भी चाकू मार कर घायल कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार रामलीला ग्राउंड के समीप स्थित चर्चित काशीराम कालोनी निवासी जाकिर की पुत्री कशिश (18 वर्ष) आज घर में अकेली थी। ग्राम गोकलपुर निवासी राहुल बाइक से कालोनी पहुंचा और सीधे युवती के घर में घुस गया। उसने कशिश के सीने पर कई बार चाकू से वार किए। जिससे उसे समझने का मौका नहीं मिला और वह लहूलुहान हो कर नीचे गिर गई। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान एक बुजुर्ग सीढ़ियों पर बैठा रहा।

घटना के समय युवती की मां अपनी बेटी को लेने अंबाला गई हुई थी। उनकी बेटी वहां अपनी मौसी के यहां रह रही थी। घटना के वक्त युवती का पिता जाकिर भी घर पर मौजूद नहीं था। घटना के बाद घायल कशिश को उसके मामा नबील अस्पताल लेकर



पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार राहुल और कशिश के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ समय पहले राहुल युवती को अपने साथ भगा ले गया था, जिसके बाद पुलिस ने उसे बरामद किया था। पोक्सो एक्ट में उसके खिलाफ कार्रवाई हुई थी। उसका अपराधिक इतिहास भी है। पुलिस के द्वारा कार्रवाई करने के बावजूद वह लगातार कशिश को परेशान कर रहा था। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

परिजनों ने यह भी बताया कि करीब 10 दिन पहले आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसकी शिकायत भी पुलिस से की गई थी।

बताया जा रहा है कि आरोपी राहुल ब्याज पर पैसे देने का काम करता है। उसने पीड़िता के परिवार को भी पैसे उधार दिए थे। वहीं कशिश की अगले महीने शादी होने वाली थी। उसका रिश्ता तय हो चुका था।

घटना काशीराम कॉलोनी के कमरा नंबर 656, ब्लॉक 55 की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कह रही है। घटना के बाद काशीराम कॉलोनी में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि कॉलोनी में संदिग्ध लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस कॉलोनी का माहौल अच्छा नहीं है। नशाखोरी और अय्याशी आम है। इस कॉलोनी में जिन लोगों को आवास आवंटित हुए थे, वह यहां पर नहीं रहते हैं। ज्यादातर लोगों ने या तो किराए पर आवास दे रखे हैं या फिर बेच दिए हैं। डूडा विभाग के द्वारा इनकी जांच नहीं कराई जाती है।

## आग का गोला बना ट्रांसफार्मर, अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला लालसराय में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मुनीम चौक स्थित नगीना वॉटर वर्क्स के परिसर में रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर अचानक आग का गोला बन गया। आग की लपटें और काले धुएं के गुबार को देखकर इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम ने मोर्चा संभाल लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आज शाम चार बजे चली तेज हवाओं ने काल का रूप ने लिया। ट्रांसफार्मर के पास स्थित एक पेड़ की टहनियां हाईटेंशन तारों में जा उलझीं। तारों के टकराने से जो जोरदार शॉर्ट सर्किट हुआ, उससे निकली चिंगारियों ने सीधे ट्रांसफार्मर के तेल को निशाना बनाया। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धूं-धूं कर जलने लगा और बिजली सप्लाई ठप हो गई। आग लगते ही स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। मौहल्ले वालों ने हिम्मत दिखाते हुए बाल्टियों से पानी और रेत डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तेल की आग बेकाबू होती गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ी और सिविल पुलिस मौके पर पहुंची। भारी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। यह ट्रांसफार्मर नगीना का दूसरा सबसे बड़ा बिजली केंद्र माना जाता है। इसके फुंकने से लालसराय, लोहारी सराय और खुर्रम अली सराय की बिजली पूरी तरह गुल हो गई है। हजारों की आबादी अब इस भीषण गर्मी में बिना पंखे और पानी के रहने को मजबूर है। घटना की गंभीरता को देखते हुए विद्युत विभाग के जेई और अन्य कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। जेई ने बताया कि 630 केवीए का यह ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। अब बिजनौर से नया ट्रांसफार्मर मंगाया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर की मौत, परिजनों में कोहराम



**मंडावर।** क्षेत्र के ग्राम सुक्खापुर निवासी नकुल कुमार (16 वर्ष) पुत्र ओमपाल सिंह की बीती रात संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों में चर्चा है कि युवक की मौत कोई जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। वहीं युवक के परिजन मौत का कारण हार्ट अटैक बता रहे है। नुकुल मंडावर के प्रकाश पब्लिक स्कूल में बारहवीं का छात्र था। वहीं बालावाली चौकी के दरोगा आदेश कुमार ने ऐसी किसी जानकारी होने से इंकार किया है। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## युवक लापता : अपहरण का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम टांडा बेरखेड़ा निवासी युवक के अचानक लापता हो जाने परिजन परेशान है। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम टांडा बेरखेड़ा निवासी मनोज (22 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र सिंह 17 अप्रैल को बाइक से स्योहारा बाजार सामान लेने गया था, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों आसपास व रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की। लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। बताया जाता है कि बाजार में एक दुकान के बाहर मनोज को आखिरी बार देखा गया था, जहां वह दो अज्ञात युवकों के साथ मौजूद था इसके बाद से उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मनोज के पिता सुरेंद्र सिंह ने थाना स्योहारा में गुमशुदगी दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के चलते अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी युवक का कोई ठोस सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है। पुलिस का कहना है कि मामले के शीघ्र खुलासे के लिए विशेष टीम लगाई गई है।

## साहनपुर में जब्त की गई पॉलिथीन

### अतिक्रमण भी हटाया गया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर पंचायत साहनपुर क्षेत्र में आज पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद कराने के उद्देश्य से अभियान चलाया गया। जिससे सब्जी वह फल विक्रेताओं सहित अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज साहनपुर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने जिला प्रशासन के निर्देश पर पॉलिथीन का इस्तेमाल बंद कराने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया।

कर्मचारियों के पॉलिथीन जब्त कर जुर्माना वसूलने की खबर से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इसके बावजूद नगर पंचायत की टीम ने भारी मात्रा में पॉलिथीन जब्त की। टीम ने सभी सब्जी व फल विक्रेताओं की जांच की।

नगर पंचायत के कर्मचारियों ने सड़कों व नाले-नालियों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही की और अतिक्रमण हटवाया। नगर पंचायत के मुख्य लिपिक सादिक बेग चेतावनी दी है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और आम जनता को जनहित में इस अभियान में सहयोग करना चाहिए।

# चिलचिलाती धूप में सड़कों पर सन्नाटा

## भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। चिलचिलाती धूप में घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि मई-जून का महीना आ गया है। नागरिकों का कहना है कि जब अप्रैल में इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है, तो मई और जून माह में न जाने क्या होगा। भीषण गर्मी से सबसे ज्यादा परेशानी भट्टियों के सामने और खुले आसमान में काम करने वालों को हो रही है। मजदूर वर्ग भी सबसे ज्यादा परेशान है। सुबह दस बजे के बाद सड़कों पर निकलना दुश्वार हो जाता है। मजबूरी में ही घरों से बाहर निकला जा रहा है। छात्राओं और



युवतियों को धूप से बचने के लिए कई तरह के जतन करते हुए देखा जा सकता है। चिलचिलाती धूप की वजह से सफेद व कमजोर त्वचा वाले सबसे ज्यादा परेशान है।

दूसरी तरफ त्वचा रोग विशेषज्ञ भी तेज धूप से बचने की सलाह दे रहे हैं। इनका कहना है कि अगर तेज धूप निकलने के दौरान सड़क पर जाना जरुरी है, तो छाता लेकर जाएं। कामकाजी महिलाएं तो छाता लेकर जा रही है। मगर छात्राओं की अपनी मजबूरी है। स्कूलों व कालेजों में वह छाता सुरक्षित नहीं रख पाती हैं और अक्सर वह चोरी हो जाता है। इसकी वजह से वह दुपट्टे की मदद लेती हैं। ज्यादातर स्कूलों व कालेजों में छुट्टी का समय भरी दोपहरी का होता है।



इधर स्कूली वाहनों में बच्चों को ठूस-ठूस कर भरा जाता है। एक ई-रिक्शा में बाहर से पंद्रह बच्चों को भर लिया जाता है। उन्हें भीषण गर्मी में इसकी वजह से पसीने से तर-बतर देखा जा सकता है।

जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग के अधिकारी इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। खटारा बसों, ई-रिक्शाओं एवं वैनों में बच्चों को क्षमता से ज्यादा संख्या में बिठाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि वैन में गैस सिलेंडर भी लगे हुए हैं। गैस के संकट के बावजूद वैन चालकों को न जाने कहां से ब्लैक में सिलेंडर मिल रहे है। गर्मी में इससे हादसा हो सकता है।

## एक नजर

### बस की चपेट में युवक की मौत




**मंडावर।** बस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस मौके पर छोड़कर फरार हो गया। थाना कोतवाली शहर के ग्राम गजरौला शिव निवासी सोनू (32 वर्ष) पुत्र जीराज बीती रात करीब साढ़े नौ बजे मंडावर से बाइक द्वारा अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह ईनामपुरा मोड़ पर पहुंचा, तभी बिजनौर की तरफ से आ रही प्राइवेट बस की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बस को थाने ले गई। वहीं बस चालक बस को छोड़कर वहां से फरार हो गया।

### सिमराह का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल सीनियर सेकेंड्री स्कूल की हाईस्कूल की परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। आज सुबह विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य मंसूर खान ने बताया कि बोर्ड परीक्षा का परिणाम अत्यंत संतोषजनक रहा। प्रबंधक मौहम्मद कमाल, हिना कमाल एवं प्रधानाचार्य मंसूर खान ने स्टाफ की प्रशंसा करते हुए उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बधाई दी। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कक्षा - 10वीं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं अन्य स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः अदील अनवर, अरीबा परवीन, अब्दुल रहमान, अलमास आलम, नमरा खान व तैय्यबा फातिमा को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मंसूर खान ने कहा कि अगर विद्यार्थी ईमानदारी के साथ मेहनत करें, तो उसके सार्थक परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने लक्ष्य बनाकर पढाई करने पर जोर देते हुए कहा कि भविष्य में ओर अधिक अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का गौरव बढाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित गुप्ता, राजू कुमार, मौहम्मद हसीब व समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

### जिशांत सिसोदिया ने जीता गोल्ड



**धामपुर।** 16 अप्रैल से 19 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40-45 राज्यों की टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सिमराह इंटरनेशनल स्कूल, धामपुर के छात्र जिशांत सिसोदिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग में अंडर 44 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। जिशांत सिसोदिया की इस उपलब्धि में ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के सचिव अंकुश चौधरी, उनके कोच दीपिका सिंह एवं शिवानी सिंह का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिसर पहुंचने पर स्कूल के प्रबंधक मौहम्मद कमाल, हिना कमाल एवं प्रधानाचार्य मंसूर खान ने खिलाड़ी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा।

### बाइक सवार घायल

**नांगल सोती।** ग्राम हरचंदपुर निवासी धनीराम (42 वर्ष) आज शाम करीब छह बजे बाइक से नांगल से घर वापस आ रहा था। नांगल- चंदक मार्ग पर हनुमान मंदिर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में धनीराम घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवक को उपचार के लिए बिजनौर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, ज्ञापन सौंपा



**नगीना।** कोतवाली ब्लॉक के ग्राम नुरुल्लापुर के ग्रामीणों ने क्षेत्र में व्याप्त जलभराव और जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर प्रशासन को सामूहिक शिकायत पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि गंदगी और जलभराव के कारण गांव में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और पैदल चलना भी दूभर है। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# जलालाबाद में जब्त की गई भारी मात्रा में पॉलिथीन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला प्रशासन के निर्देश पर जलालाबाद में पॉलिथीन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए जुर्माना वसूला गया।

अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार रावत के निर्देश पर जैसे ही नगर पंचायत की टीम बाजार में पहुंची, तो हड़कंप मच गया। दुकानदार पॉलिथीन छिपाने लगे। लेकिन नगर पंचायत कर्मियों ने उनसे पॉलिथीन जब्त कर ली। नगर पंचायत कर्मियों ने चेतावनी

## जिला प्रशासन के निर्देश पर चलाया गया अभियान

देते हुए कहा कि जो भी दुकानदार पॉलिथीन में सामान देगा, उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार रावत ने कहा कि यह अभियान लगातार चलेगा। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को भी चेतावनी दी।

# बार एसो. की कार्यकारिणी ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुंसफी नगीना परिसर में बार एसोसिएशन नगीना की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं नवागंत.ुक न्यायिक अधिकारियों का स्वागत समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश संजय कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

मुख्य अतिथि जिला जज संजय कुमार ने नगीना बार के अधिवक्ताओं की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि न्याय व्यवस्था की मजबूती में बार और बेंच का समन्वय आवश्यक है। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए निष्पक्ष और प्रभावी कार्य करने का आह्वान किया।

समारोह की शुरुआत में निवर्तमान महासचिव नईम अहमद ने पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद एल्डर कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक विश्नोई को पद की शपथ दिलाई। तत्पश्चात अध्यक्ष





**न्यायिक अधिकारियों का भव्य स्वागत**

दीपक विश्नोई ने महासचिव मौहम्मद नईम, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष नरगिस जहां, संयुक्त सचिव मौहम्मद इमरान व अभिषेक विश्नोई को शपथ दिलाई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मौहम्मद शफीक, अमी. चंद, आशुतोष शर्मा, मनव्वर हसन, ममता, दीक्षा चौहान, समीर जोशी ने भी शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों मो. शारिक सिद्दीकी (एडीजे नगीना), वर्तिका शुभानंद (एसीजेएम नगीना), नेहा राजन (सिविल जज जूनियर डिवीजन), सुभाष कुमार (अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन) का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। अध्यक्ष दीपक विश्नोई की अध्यक्षता व महासचिव मौहम्मद नईम के संचालन में आयोजित इस समारोह को बिजनौर के अपर जिला जज प्रशांत मित्तल, सीजेएम प्रीति चौधरी और एसडीएम नगीना विजयशंकर मिश्रा ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मौहम्मद आरिफ खान, नरेंद्र चौहान, निशात अहमद, अरशद जावेद, इकरामुद्दीन, अंबरीश कुमार, हाजी तुफैल, कसीम अहमद, संजीव कुमार, पवन अग्रवाल, शहजाद आलम, विनीत अग्रवाल, जहीर अहमद खान, कुशलपाल सिंह, फरीद अहमद खान, जसीम अहमद, सीपी सिंह, अशोक कुमार त्यागी सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## एक नजर

### संगठन की मजबूती पर जोर



**चांदपुर।** ग्राम महमूदपुर कस्बा में बहुजन समाज पार्टी की बैठक अम्बेडकर धर्मशाला में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि बसपा जिलाध्यक्ष कविराज सिंह व जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी रहे। बैठक में बूथ नंबर 225 व 226 का गठन किया गया। जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने बहुजन समाज के महापुरुषों एवं चार बार मुख्यमंत्री रही मायावती द्वारा किए गए विकास कार्य की जानकारी दी। उन्होंने 2027 में बसपा को वोट देकर पांचवीं बार मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष कविराज ने कहा कि बसपा दलितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों का एक मिशन है। मुस्लिम समाज के लिए भी बसपा सुप्रीमो मायावती कई योजनाएं चलाई। विधानसभा प्रभारी चेतराम सिंह ने 2007 से 2012 की सरकार के विकास कार्यों के बारे में जनता को जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष वीर सिंह ने उपस्थित सभी जनता का आभार प्रकट किया। विधानसभा सचिव रोहतास प्रजापति ने ओबीसी समाज से बसपा को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा की ओबीसी समाज को जो मान सम्मान बसपा सरकार में मिला है, वह कोई और नहीं दे सकता। बैठक की अध्यक्षता सेक्टर अध्यक्ष राजाराम ने की। संचालन विधानसभा प्रभारी रामकिशन ने किया। बैठक में रईस अहमद, शकील अहमद, जमील अहमद, रुपेश सिंह, लाखन सिंह, पवन कुमार, शेर सिंह, प्रियांशु, अरुण कुमार, निमोनिया, बंटी कुमार, मोहित कुमार, परम सिंह, प्रशांत कुमार, प्रिंस कुमार, वीर सिंह, कमल राज, नदीम अहमद, मौहम्मद ताहिर आदि उपस्थित रहे।

### प्रदर्शनी में सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत



**चांदपुर।** पिछले लगभग तीन सप्ताह से चल रही विकास प्रदर्शनी मेला जहां भारी भीड़ आकर्षित कर रहा है, वहीं प्रदर्शनी में पहुंचने वाली महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर मात्र चार-छह होमगार्ड व्यवस्था संभाले हुए हैं। आग लगने की स्थिति में अग्निशमन की कोई व्यवस्था देखने को नहीं मिलती है। विभिन्न झूलों को बिना ट्रम्स कंडीशन के चलाया जा रहा है, इनकी सुरक्षा व्यवस्था क्या है, इस बारे में ना तो प्रदर्शनी ठेकेदार के पास कोई जवाब है और ना ही संबंधित अधिकारी इस तरफ ध्यान दे रहे है। पिछले एक सप्ताह प्रदर्शनी में दो बार मारपीट और एक महिला से बदतमीजी की घटना हो चुकी है। दो बाइकें भी चोरी होने की सुगबुगाहट है। प्रदर्शनी ठेकेदार अरशद मीर साहब इस बारे में सिर्फ अपनी ही अपनी कहते नजर आते हैं। ऐसा भी नहीं है कि प्रदर्शनी में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर पुलिस ड्यूटी नहीं है। ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन ठेकेदार पुलिस कर्मियों के बैठने के लिए कोई बेहतर व्यवस्था नहीं कर पाए है। एक छोटा सा पंडाल दिखावे के लिए बना हुआ है।

### विकास चौधरी ब्लॉकाध्यक्ष मनोनीत



**नहटौर।** भाकियू (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने संगठन विस्तार और मजबूती को देखते हुए विकास चौधरी पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम फूलसंदा को ब्लॉक अध्यक्ष नहटौर की जिम्मेदारी सौंपते हुए मनोनयन पत्र सौंपा है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रीय किसानों और उनके समर्थकों में हर्ष की लहर है। विकास चौधरी की ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की सूचना मिलते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। विनीत चौधरी और सचिन कुमार के नेतृत्व में दर्जनों किसानों और टीम के सदस्यों ने ग्राम फूलसन्दा पहुंचकर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का फूल मालाओं व उपहार भेंट कर व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि संगठन ने मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है। जिसके लिए वह भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभारी है। उन्होंने कहा यह पद नहीं, बल्कि किसानों की सेवा का एक बड़ा उत्तरदायित्व है। वह संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने और किसानों के हक की लड़ाई पूरी निष्ठा से लड़ने का प्रयास करेंगे। ब्लॉक क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। इस मौके पर कुलदीप राठी, नीटू कुमार, शेंकी चौधरी, सचिन जेडी, सोनू फलोदिया सहित भारी संख्या में किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित



**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. नचिकेत मुखी पटेल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित कर दी है। जिसमें तीन उपाध्यक्ष, पांच महामंत्री, छह मंत्री, एक संयोजक आईटी सेल, एक प्रवक्ता एवं 13 राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाएं गए हैं। अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. नचिकेत मुखी पटेल के अनुसार युवा गुर्जर महासभा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए डा. आरआर गुर्जर मध्य प्रदेश, डा. प्रफुल्ल पटेल महाराष्ट्र एवं धार्मिक भाई मालवीया पटेल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, चिराग घेलाभाई काकड़िया पटेल गुजरात, दीपक बैंसला सीए दिल्ली, डा. प्रियांक पटेल महाराष्ट्र, रामअवतार बड़िया राजस्थान एवं विकास जांगल एड. को राष्ट्रीय महामंत्री, दीपकभाई लक्ष्मणभाई पटेल गुजरात, मुश्ताक गोरसी जम्मू-कश्मीर, मयूर पाटिल महाराष्ट्र, दर्शन जिंदड़ पंजाब, अनिल बिड़ला गुर्जर मध्यप्रदेश, सुभाष जेलदार (नांगल चौधरी) हरियाणा एवं धीरज वैसोया एड. दिल्ली को राष्ट्रीय मंत्री, हेमंत विट्ठलभाई पटेल गुजरात को राष्ट्रीय संयोजक आईटी सेल, राजेश उद्धव पटेल गुजरात को राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा जयवीर पोसवाल राजस्थान, दलीप गुर्जर मध्य प्रदेश, दीपक भड़ाना उत्तर प्रदेश, सचिन गुर्जर हरियाणा, अल्पेश पटेल गुजरात, जीवन कुमार संजू पंजाब, लोकेश नम्बरदार दिल्ली, दत्तात्रेय पटेल मध्य प्रदेश, निसार खटाना श्रीनगर कश्मीर, हितेश वसंत पाटील महाराष्ट्र, हर्ष मुकेशभाई पटेल गुजरात, विशाल कटारिया उ.प्र. एवं सूर्यान्श गुर्जर उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया हैं। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (स्थापित-1908) के राष्ट्रीय मंत्री डा. मनोज कटारिया ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरुषोत्तम पाटील, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला की स्वीकृति के उपरांत युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.नचिकेत मुखी पटेल ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा कर दी हैं। डा. मनोज कटारिया ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारियों के आगामी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा करता हूं कि संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकजुटता के साथ अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का विस्तार कर गुर्जर समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करेंगे।

### डाकघर हटने से बढ़ी परेशानी

**स्योहारा।** सालों से संचालित डाकघर का लगभग चार वर्ष पूर्व ग्राम खलीलपुर में स्थानांतरण कर दिया जाना आज भी नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। नगर की बड़ी आबादी को अब डाकघर संबंधी कार्यों के लिए नगर से बाहर जाना पड़ता है। जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त बर्बादी हो रही है। नागरिकों के अनुसार जिस स्थान पर वर्तमान में डाकघर संचालित हो रहा है, वहां तक पहुंचने का मार्ग बेहद संकरा और पतली गली से होकर गुजरता है। इस कारण बुजुर्गों, दिव्यांगजनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात या भीड़भाड़ के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। विद्यार्थियों, पेंशनधारकों तथा आम नागरिकों को स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, बचत खाते, आधार अपडेट, मनीऑर्डर एवं अन्य सरकारी सेवाओं के लिए बार-बार खलीलपुर जाना पड़ रहा है। नागरिकों कहना है कि स्योहारा जैसे बड़े एवं ऐतिहासिक नगर से डाकघर का हटना विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता है। नागरिकों आरोप है कि यह केवल डाकघर तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे सरकारी कार्यालय भी हैं, जो स्योहारा में होने चाहिए थे या पहले नगर में संचालित होते थे, लेकिन धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानांतरित होते चले गए। इससे नगर की पहचान और सुविधाएं लगातार कम होती जा रही हैं। दैनिक शाह टाइम्स अब जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे को अभियान के रूप में उठाने जा रहा है। अखबार के आगामी अंकों में विस्तार से यह उजागर करेगा कि स्योहारा जैसे बड़े नगर में कौन-कौन से महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय आज मौजूद नहीं हैं। जनप्रतिनिधियों की भूमिका, प्रशासनिक उदासीनता तथा विकास से जुड़े सवालों को क्रमवार प्रकाशित किया जाएगा, ताकि जिम्मेदार अधिकारियों तक आम जनता की आवाज मजबूती से पहुंच सके। नगर के बुद्धिजीवियों सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि डाकघर को पुनः नगर में स्थापित कराया जाए तथा नगर की जनसंख्या और आवश्यकता के अनुसार सभी जरूरी सरकारी कार्यालय उपलब्ध कराए जाएं जिससे लोगों को राहत मिल सके और नगर का विकास पुनः गति पकड़ सके।

### जिला स्टेयरिंग समिति की बैठक

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला स्टेयरिंग समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीडीओ रणविजय सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई अवधेश कुमार शर्मा, एसडीएम सदर रितु चौधरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी लोकेश कुमार अग्रवाल, उपायुक्त मनरेगा एवं एनआरएलएम सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग को लाठी-डंडो से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जमीनी विवाद को लेकर बुजुर्ग को लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

ग्राम महमूदपुर कामिल निवासी बुजुर्ग जमील अहमद (63 वर्ष) पुत्र लतीफ का गांव के कुछ व्यक्तियों से लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते आज शाम करीब साढ़े छह बजे जब जमील अपने खेत पर सिंचाई कर रहे थे, तभी हमलाव.रों ने उन पर हमला कर दिया। परिजनों ने आरा.ेप लगाया है कि गांव के तीन व्यक्तियों ने तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। हमलावरों ने बुजुर्ग को घेर लिया और बेरहमी से मारपीट की, जिससे वे खेत में ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। बुजुर्ग की चीख- पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल जमील अहमद को परिजनों ने तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष के परिजनों ने बताया कि यह हमला जमीनी विवाद को लेकर पूर्व नियोजित था।

# झालू में जनगणना का प्रशिक्षण संपन्न

## सटीक आंकड़ों, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्य पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत में जनगणना 2027 के अंतर्गत विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े सभी संबंधित कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों को जनगणना प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराना और उन्हें फील्ड कार्य के लिए पूरी तरह तैयार करना रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुप.रवाइजर, एन्यूमैरेटर, मास्टर ट्रेनर, जूनियर इंजीनियर सहित अन्य कर्मचारियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश की योजनाओं और नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण



आधार है। ऐसे में प्रत्येक जानकारी को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ दर्ज करना आवश्यक है।

इस मौके पर जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी बिजनौर जेपी यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की लाप.रवाही से बचने को कहा। साथ ही फील्ड में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया। मास्टर ट्रेनर बृजेश कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की तकनीकी प्रक्रियाओं को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया। उन्होंने घर-घर जाकर सही जानकारी एकत्रित करने और उसे निर्धारित प्रारूप में दर्ज करने के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही फील्ड में आने वाली संभावित चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्मृति गुप्ता (जूनियर इंजीनियर), अनुज अग्रवाल, अनिल कुमार, हितेश त्यागी, समर जहां, नवनीत, आरती, पिंकी अग्रवाल, निधि अग्रवाल, अंशु चौधरी, राम रानी शर्मा और रंजीता देवी सहित अनेक कार्मिक उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे अपने कार्य में सहायक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्मिकों ने जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना कार्य को प्रभावी और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# दिगंबर जैन मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

**नहटौर।** दिगंबर जैन मंदिर में समाज के लोग एकत्रित हुए। जैन मुनियों ने अन्य प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न कराई। इसके उपरांत, सौधर्म इंद्र के नेतृत्व में देवता अपने-अपने रथों पर सवार होकर ग्राम पाड़ला स्थित भगवान ऋषभनाथ मंदिर पहुंचे। यात्रा दिगंबर जैन मंदिर से शुरू होकर मौहल्ला चौधरियान, होलियान, कालू की आढ़त, महावीर चौक और हल्दौर चौराहे से होते हुए ग्राम पाड़ला पहुंची। यात्रा के दौरान बैंड धार्मिक धुनें बजाते हुए चल रहे थे। पाड़ला में भगवान ऋषभनाथ की प्रतिमा को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ स्थापित किया गया। इस मौके पर मुनि 108 विवृत सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए भौतिक संसाधनों का मोह त्याग कर दीक्षा की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि दीक्षा पूरी होने के बाद तप के मार्ग पर चलना चाहिए, क्योंकि तप के बाद ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# एम्स की मांग ने पकड़ा जोर

## सीएम योगी को भेजे जाएंगे एक लाख पोस्टकार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए स्वीकृत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को नगीना में स्थापित कराने की मांग अब एक जन-आंदोलन का रूप ले रही है। आज भाजपा नेता और नामित सभासद डा. भूपेश चौहान के नेतृत्व में एक व्यापक 'पोस्टकार्ड अभियान' का आगाज किया गया। इस अभियान के तहत क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक लाख पोस्टकार्ड भेजकर अपनी आवाज बुलंद करेगी।

मुख्यमंत्री को संबोधित इन पोस्टकार्ड्स में नगीना में एम्स बनवाने के लिए ठोस तर्क दिए गए हैं। अभियान के संयोजक डा. भूपेश चौहान ने बताया कि नगीना में बिजनौर रोड पर स्थित दशकों



से बंद पड़ी सहकारी कताई मिल की विशाल और अप्रयुक्त सरक.ारी भूमि उपलब्ध है, जो एम्स जैसे संस्थान के लिए सर्वथा उपयुक्त है। इसके अलावा, नगीना सड़क और रेल मार्ग से बेहतरीन कनेक्टिविटी रखता है।

पोस्टकार्ड में यह भी रेखांकित किया गया है कि नगीना में एम्स बनने से न केवल जनपद बिजनौर, बल्कि पूरे मुरादाबाद मंडल और पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों की एक बड़ी आबादी को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी।

अभियान की शुरुआत मंगलवार को पहले 1000 पोस्टकार्ड भेजकर की गई। इससे पूर्व डॉ. चौहान ने अन्य नामित सभासदों और स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ एसडीएम विजय शंकर मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा था। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बजट में पश्चिम यूपी के लिए एम्स की स्वीकृति के बाद, सीएमओ ने भी स्वास्थ्य महानिदेशक को बिजनौर में एम्स स्थापना का प्रस्ताव भेजा है। अब नगीना की जनता इस मौके को भुनाने के लिए सड़कों पर उतर चुकी है।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौरौर**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 100/2025

**अनस चौधरी बनाम सना चौधरी**

अनस चौधरी आयु करीब 35 वर्ष पुत्र श्री आसिफ अली निवासी मुस्लिम चौधरियान निकट मस्जिद मनहारियान, नरेश चन्द जैन रोड, कस्बा स्योहारा पोस्ट व परगना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर पिन कोड 246746 मो.नं. 9910145424 **- वादी**

**बनाम**

श्रीमति सना चौधरी आयु करीब 33 वर्ष पत्नी श्री अनस चौधरी पुत्री श्री अशरफ चौधरी निवासी शाही मस्जिद कस्बा स्योहारा पोस्ट व परगना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर पिन कोड 246746 मो.नं. 7906311721

**-प्रतिवादनी**

दरख्वास्त मुसम्मा अनस चौधरी वास्ते हुसूल सर्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतारी मुसम्मा अनस चौधरी मुसबफा सना चौधरी अपने मुजीब एक्ट 7 सन 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा अनस चौधरी ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 24 मास 04 सन् 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्बत दरख्वास्त गार्जियन एण्ड वाडस एक्ट के उज्र हो तो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मुकाम बिजनौर में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

**नियत दिनांक : 24-04-2026**

**प्रबंधक**

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

**आवश्यकता है**

प्राचार्य, प्रवक्ता

विषय- हिंदी, भूगोल, एम.एस.सी गणित, एम.कॉम

योग्यता व वेतन-यूजीसी नियमानुसार।

**-: संपर्क करें :-**

डी.वी.एम महाविद्यालय एंड टेक्निकल कॉलेज,

हकीकतपुर सहसू, नगीना 9319072999

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र एजाजुलहक पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम मंगोलपुरा, थाना कोतवाली देहात व मेरी पुत्रवधु सुहाना पत्नी एजाजुलहक मेरे कहने-सुनने में नहीं है। मैंने उक्त दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उनके किसी भी क्रिया-कलाप से मेरा तथा मेरे परिवार के अन्य व्यक्तियों का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**मेहंदी हसन पुत्र अली हसन निवासी ग्राम मंगोलपुरा, थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर।**

# डीएम ने पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी

## लंबित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित हुई।

डीएम जसजीत कौर ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि विगत बैठक के जो प्रकरण लंबित हैं, उन्हें विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी विभाग से कोई समस्या हो, तो उन्हें संज्ञानित करें, ताकि संबंधित अधिकारी से लंबित समस्या का निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के



लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने सभी पूर्व सैनिक शिकायतकर्ताओं की शिकायत को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें डीएम के समक्ष प्रस्तुत की गई। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के सापेक्ष शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन उनकी शिकायतों के समाधान के लिए गंभीर है। समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयपूर्वक तत्पर के साथ निस्तारण कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बंधु मौजूद थे।

# बीएससी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट का बीएससी तृतीय सेमेस्टर वर्ष 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया।

परीक्षा में जैनब परवीन और इलमा जबी ने 73.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अलीशा परवीन ने 72.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जैनब शाहिद ने 70 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान हासिल किया।

### छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कॉलेज के प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आदर्श नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा करें।

विज्ञान विभाग की प्रवक्ता रिजवाना खान, ईरम शाहिद, निशा परवीन एवं अल्फिया सिद्दीकी ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज

**नांगल सोती।** नांगल निवासी विकास उर्फ विक्की पुत्र लाखन सोमवार देर शाम से घर से लापता है, जिससे परिवार में हड़कंप मचा हुआ है। परिजनों ने काफी रिश्तेदारियों सहित विकास को आसपास के गांव और जंगल में तलाश किया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया, आखिर में थक हारकर पुलिस को इस बाबत सूचित किया गया। जिस पर पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

### कपड़ा व्यापारी के घर चोरी का खुलासा नहीं

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा की बीच बस्ती में कपड़ा व्यापारी मुनीश बंसल के घर 31 मार्च को दिनदहाड़े शातिर चोर ने घर खंगाल दिया और उनके घर से सोने-चांदी के आभूषण और करीब 60 हजार की नगदी लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस 22 दिन बाद भी अपने खाली हाथ लिए बैठी है। कानून के ये लंबे हाथ अब 22 दिन बीत जाने के बाद बौने नजर आ रहे है।

### विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग



**नांगल सोती।** मौहल्ला बड़तला में विद्युत आपूर्ति के लिए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे लगभग 120 कनेक्शन जुड़े हैं। मंगलवार की दोपहर विद्युत आपूर्ति के दौरान अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत कर्मियों को दी। मौके पर पहुंचे कर्मियों ने बिजली आपूर्ति बंद कराकर आग पर काबू पाया। जिससे हादसा होने से टल गया। उधर विद्युत निगम के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि कूड़े के ढेर में आग लगने के कारण ट्रांसफार्मर में आग लग गई थी, समय से आग पर काबू पा लिया था। ट्रांसफार्मर चालू स्थिति में है जिससे बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

### हिरण के शावक पर कुत्तों का हमला

**किरतपुर।** जंगल से भटक कर मौहल्ला अहमद खेल आबादी क्षेत्र में घुसे एक हिरण को कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल शावक को कुत्तों के बीच से सुरक्षित बाहर निकाला और उसका प्राथमिक उपचार कराया। वन अधिकारियों ने बताया कि शावक को सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ दिया गया है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि इस तरह के वन्य जीव दिखाई देने पर उन्हें नुकसान न पहुंचाएं और तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें। इस घटना से क्षेत्र में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बना रहा, लेकिन समय रहते रेस्क्यू होने से हिरण के शावक की कुत्तों से जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया।

### के.एस. में शतरंज प्रतियोगिता



**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रेस एकेडमी में एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों में किया गया। जिसमें स्कूल के चारों सदनों के बच्चों ने शानदार किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने फीता काटकर व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। सीनियर बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला जल सदन के प्रेरित और अग्नि सदन के तुषार के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में अग्नि सदन के तुषार ने जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला अग्नि सदन की वंशिका जैन और वायु सदन की प्रियांशी के बीच खेला गया। जिसमें वंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला वायु सदन के शशांक एवं अग्नि सदन के तनिष्क के मध्य खेला गया। जिसमें शशांक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन खेल शिक्षक शंकर कुमार व खुशबू सोढ़ी ने किया। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने बच्चों को शतरंज के नियम व इस खेल से जुड़ी अनेक जानकारी दी एवं बच्चों को खेल भावना व खेल के प्रति जागरूक भी किया। प्रधनाचार्य ने प्रतिभागियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम लालबाग निवासी जिंदल सिंह उर्फ बिंदर पुत्र लक्ष्मण सिंह ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही मोहन सिंह, मंगल सिंह व परमजीत सिंह पुत्रगण मक्खन सिंह व मोहन सिंह की पत्नी सिमरन कौर उससे पुरानी रंजिश रखते हैं। उसके खेत में आए दिन नुकसान पहुंचाते रहते हैं। आरोप है कि 13 अप्रैल को भी इन्होंने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि बिंदर सिंह की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मिल गेट क्षेत्र का निरीक्षण



**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा और विभागध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने मिल गेट क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम नंगला का दौरा किया और किसान यशवंत सिंह के गन्ने के खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीओ 0118, सीओएस 18231, 13235 और कोलक 16202 किस्मों की फसल की स्थिति और पेडी प्रबंधन गतिविधियों का जायजा लिया। इसके बाद ग्राम चकराजमल, सराय (हरियाणा), बुआपुर और बख्शनपुर का भी दौरा किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) मनोज चौहान व जोनल अधिकारी दिनेश राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम विषय पर साक्षरता शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज हबीबवाला में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के एक्शन प्लान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1996 विषय पर एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पीएलवी जयवीर सिंह ने उपस्थित लोगों को बताया कि यह कानून भ्रूण हत्या को रोकने और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण जांच पर प्रतिबंध लगाकर घटते लिंग अनुपात को नियंत्रित करने के लिए बनाया गया है। प्रसवकाल में लिंग चयन

### लिंगानुपात में सुधार आवश्यक

तकनीकों को भी शामिल करके कानून को सख्त बनाने के लिए 2003 व 2011 में संशोधन किए गए है। इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले अपराध संज्ञेय, गैर जमानती और गैर-समझौता योग्य बना दिया गया है।

लिंगानुपात 1:1 होना चाहिए। 2011 की जनगणना अनुसार 1000:943 है। लिंगानुपात में सुधार आवश्यक है।

शिविर में शाहनवाज, अंजलि पीएलवी राजीव कुमार, गजेंद्र कुमार, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# सपा सरकार में हटेंगे स्मार्ट मीटर

## उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी : बी.के. कश्यप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा नेताओं ने कहा प्रदेश में उनकी पार्टी की सरकार बनने के बाद सभी स्मार्ट मीटर हटा दिए जाएंगे और उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी।




सपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बीके कश्यप एड. के संयोजन में सपा जिला कार्यालय पर विभिन्न प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष महमूद कस्सार ने कहा कि 2027 में हम सभी सपा की सरकार बनाने का कार्य करेंगे। यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष नवाब मंसूरी ने संगठन को मजबूत करने की बात कही। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष राजेश गोयल ने कहा कि भाजपा व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहीं हैं। छात्र सभा के जिलाध्यक्ष फैजान ने कहा कि पार्टी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों को भी पार्टी के बड़े नेताओं को सम्मान देने का कार्य करना चाहिए। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र बबली ने नेता जी को याद कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। आशुतोष विश्वकर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के संयोजक बीके कश्यप एड. ने सभी को सम्मान देने और नौजवानों के हक अधिकार की एक अच्छी पहल की है। युवजन सभा के प्रदेश सचिव तरुण लांबा ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को नौजवानों की आवाज बताया। बैठक में सभी नेताओं ने एकजुट रहने और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति तैयार की। हर माह सारे नेता मिलकर एक बड़ी बैठक जिला कार्यालय पर करेंगे। बीके कश्यप एड. ने कहा कि प्रकोष्ठ के सभी जिलाध्यक्षों को सम्मान तभी मिलेगा, जब उत्तर प्रदेश में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। सभी एकजुट होकर 2027 की तैयारियों में लग जाओ। हम सभी नौजवानों की जिम्मेदारी अधिक है। प्रत्याशी कोई हो, हमें केवल अखिलेश यादव और साईकिल को मजबूत करना है। बैठक का संचालन सोहेल बाकर ने किया। इस मौके पर अजीम कुरैशी, शराफत प्रधान, वारिस, राजकुमार शर्मा, नमन प्रधान, दिलशाद अंसारी, अखलाक पप्पू, सुरेंद्र बाल्मीकि, आसिफ आदि लोग भी उपस्थित रहे। इससे पहले बीके कश्यप एड. ने सभी जिलाध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नूरपुर-धामपुर मार्ग स्थित नींदड़ू के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत से परिवार सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं मृतक युवक का पोस्टमार्टम के बाद दफिना कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला शेखान निवासी 20 वर्षीय मौहम्मद कैफ की सोमवार देर शाम दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके बाद मंगलवार

### नगर में शोक की लहर

को उन्हें नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जनाजे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। परिजनों के अनुसार सोमवार देर शाम कैफ अपने पड़ोसी सुफियान के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। तभी



धामपुर-नूरपुर मार्ग पर ग्राम नींदड़ू के पास पेट्रोल पंप के सामने उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैफ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि सुफियान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया गया कि कैफ अपने पिता की इकलौती संतान था, जिसे उन्होंने गोद लिया था। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### टिटनेस और डिप्थीरिया का टीकाकरण



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में टिटनेस व डिप्थीरिया का टीकाकरण कराया गया। इसके तहत 13, 14, 15 व 16 वर्ष के विद्यार्थियों को टीडी वैक्सीन लगाई गई है। प्रधानाचार्य आभावती ने सभी अभिभावकों से अपील से कहा कि सभी पात्र छात्राओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। क्योंकि यह टिटनेस और डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव का प्रभावी उपाय है। आशा शकीला व अमृता चौधरी एएनएम द्वारा टीकाकरण कराया गया।

### अवैध खनन के खिलाफ प्रदर्शन



**राजा का ताजपुर।** भाकियू (अराजनीतिक) के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन कर ताजपुर-स्योहारा मार्ग जाम कर दिया। जाम के चलते सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में संचालित ईंट-भट्टों के लिए हो रहे मिट्टी के खनन और ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉलियों के आवागमन से सड़कों की हालत बेहद खराब हो गई है। परिवहन के दौरान रास्तों पर गिरने वाली मिट्टी सूखकर धूल बन जाती है, जो हवा में उड़कर आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है। धूल के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और आंखों से संबंधित बीमारियां भी बढ़ रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सड़कों पर जमी मिट्टी की परत के कारण दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक ईंट-भट्टों के वाहनों पर नियंत्रण नहीं किया जाता और सड़कों की सफाई व मरम्मत का कार्य शुरू नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। थाना प्रभारी संजय कुमार ने किसानों को समझाया तब जाकर किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस मौके पर यादराम सिंह, बंटी सिंह, पिंकू सिंह, दीपक सिंह, अंकुर सिंह, विजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# टाइगर व गंगा हेरीटेज के नाम से विशेष बस सेवा

## डीएम ने एआरएम रोडवेज से कार्य योजना शासन को प्रेषित करने को कहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



प्राप्त समाचार के अनुसार बैठक में डीएम जसजीत कौर ने एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि बिजनौर टाइगर-गंगा हेरीटेज के नाम से विशेष बस सेवा प्रारंभ कराए जाने से संबंधित कार्य योजना बनाएं और उनके द्वारा शासन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विकास कुमार अग्रवाल डिविजनल अध्यक्ष द्वारा जिले में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों का उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों के हित के दृष्टिगत ब्रिक्स चौप्टर के एसओआर में पीडब्ल्यूडी द्वारा फ्लाई ऐश ब्रिक एवं टाइल आदि की दरें निर्धारित करने के अनुरोध पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि शासन की औद्योगिक नीतियों का प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक निवेश आकर्षित किया जाए, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ सकें। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जनपद में औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बैकों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता पूर्वक जांच करते हुए सही प्रकार से स्वीकृत करना सुनिश्चित करें, जिससे कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्राप्त हो सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा विद्युत आपूर्ति, सड़क, परिवहन, भूमि आवंटन, बैंक ऋण, प्रदूषण संबंधी अनुमति एवं अन्य जनहित से जुड़े विभागीय समस्याओं को उठाया गया। जिन पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम द्वारा पीएम विश्वकर्म योजना की समीक्षा के दौरान पोर्टल पर प्रदर्शित कुल आवेदन पत्र 578 जिसके सापेक्ष प्रथम स्तरीय सत्यापन 227, द्वितीय स्तरीय सत्यापन 108 तथा तृतीय स्तर पर स्वीकृति की संख्या 85 पाई गई। सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत 1700 आवेदन पत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों को प्रेषित 441, बैंक द्वारा स्वीकृत 13, बैंक द्वारा वित. रित 22, लंबित आवेदन 428 तथा 11 आवेदन बैंकों द्वारा अस्वीकृत किया जाना प्रकाश में आया।

इस मौके पर सीडीओ, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार, संबंधित विभागीय अधिकारी सहित विकास कुमार अग्रवाल, मुनीश त्यागी, नितिन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# जनगणना प्रगणकों के प्रशिक्षण से दूसरे दिन 17 रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनगणना प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षित किया गया। दूसरे दिन 179 प्रगकण उपस्थित रहे रहे 17 अनुपस्थित इनमें एक महिला प्रगणक चिकित्सीय अवकाश व एक महिला कर्मी हज यात्रा पर है।

**0 गैर हाजिर में एक महिला चिकित्सीय अवकाश व दूसरी महिला कर्मचारी हज यात्रा पर**

भारत की जनगणना के प्रथम चरण में (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) को सफलतापूर्वक कराने को जिले के विभिन्न चार्जो पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा। प्रशिक्षण के लिए चार बैच बनाये गए है। प्रशिक्षण में दूसरे दिन 196 को प्रशिक्षण दिया जाना था। इनमें से 179 प्रगण व सुपरवाईरों ने प्रशिक्षण हासिल किया जबकि 17 प्रगणक और सुपरवाईजर गैर हाजिर रहे। दूसरे दिन अधिशासी अधिकारी। डा. मणि भूषण तिवारी और ए बी एस ए अंशुल कुमार तथा टी ओ कार्तिक यादव ने प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। ई ओ ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कर्मियों को जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूरी सटीकता और निष्ठा के साथ करने हेतु प्रेरित किया। ई ओ ने बताया कि अनुपस्थित कर्मचारियों की सूची तैयार कर ली गई है। जिनके विरुद्ध जनगणना अधिनियम, 1948 की धाराओं के तहत आवश्यक कार्यवाही को संबंधित विभागों के प्रमुखों को अलग से पत्र भेजे जायेंगे। जनगणना कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी।



सम्भल। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में जनगणना प्रगणकों को प्रशिक्षण का निरीक्षण करते ईओ।

# गर्मी में कुत्ते व बंदर हमलावर

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** तनाव और चिड़चिड़ापन सिर्फ मनुष्यों में ही नहीं होता,बल्कि पशु भी इससे ग्रस्त होते हैं।ऐसी दशा में जानवर हमलावर हो जाते हैं। गर्मी के चलते कुत्तों और बंदरों में तनाव अधिक बढ़ जाता है। नतीजन उनके हमले तेज हो रहे हैं। वह लोगों को काट रहे हैं। ऐंसी कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इसका आंकड़ा सरकारी अस्पतालों में इंजेक्शन लगवाने आने वालों लोगों की संख्या से लगाया जा सकता है। जंगल कटने के बाद बंदरों के सामने खाने का संकट पैदा हो गया। इसके बाद उन्होंने आबादी क्षेत्र में अपना डेरा जमा लिया। उसके बाद खाना न मिलने के कारण उनमें चिड़चिड़ापन आ रहा है। यह लोगों को देखकर एकदम काटने को दौड़ते हैं। आवारा कुत्ते भी गर्मी में हमलावर हैं। पालतू कुत्ते भी आने जाने वालों पर झपट रहे हैं। अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन लोग लगवाने पहुंच रहे हैं। डा. रिजवान अली ने बताया कि गर्मी में जानवर हमलावर हो जाते हैं।गर्मी में कुत्ते बन्दर व् अन्य जानवरों के शिकार लोग काफी होते हैं। इस लोगों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाना आवश्यक है।

**0तनाव और चिड़चिड़ापन इंसान में ही जानवार भी इससे प्रेरित**

# सीजन के अनुसार उर्वरक की बिक्री अधिक करने पर होगी कार्रवाई

**0जनपद में भरपूर मात्रा में उर्वरक उपलब्ध**

**0सहकारी समिति के 33 पैक्स अधिक यूरिया सेल के कारण नोटिस जारी**

**0समय से जवाब न देने पर की जाएगी कार्रवाई**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में यूरिया 18315.258 मैट्रिक टन, डी.ए.पी. 3432.446 मैट्रिक टन, एम.ओ.पी.1019.680 मै0टन, एप.पी.के. एस018569.984 मैट्रिक टन, एस.एस.पी 930.145 मैट्रिक टन (कुल-42267.514 मैट्रक टन) पर्याप्त मात्र में उर्वरक उपलब्ध है। जबकि सभी उर्वरक विक्रताओं को सीजन के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराने अन्यथा कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

दर असल सहकारी समितियों के 33 पैक्स अधिक यूरिया सेल के कारण नोटिस जारी किया गया। जिसका समय से जवाब न देने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। इसके अलावा जिले में उर्वरक भरपूर मात्रा में होने के कारण किसानों को उसका वितरण को लेकर शिकंजा कसा जा रहा है। जिसके तहत कृषकों को उर्वरक फार्मर रजिस्ट्री होने के उपरान्त ही उपलब्ध कराये। तथा फार्मर रजिस्ट्री की आई.डी. संख्या अपने सेल रजिस्टर में अंकित करना आवश्यक होगा। इसके साथ प्रत्येक उर्वरक विक्रेता स्टाक रजिस्टर के साथ सेल रजिस्टर भी रखेंगे। जिसमें कृषक का नाम, पता, दूरभाष नम्बर, आधार संख्या एवं फार्मर रजिस्ट्री की आई.डी. अंकित किया जाना जरूरी होगा। साथ ही मुख्य उर्वरक के अलावा जो अन्य उत्पाद हैं (जिंक, सल्फर, माइक्रोन्यूट्रेन्ट, जाईम आदि) इन सभी का विवरण स्टाक रजिस्टर एवं सेल रजिस्टर में अंकित किया जाना ज़रूरी है। माह मार्च एवं अप्रैल में निजी संस्थाओं के 22 उर्वरक विक्रेताओं एवं बी-पैक्स सहकारिता के 33 सहकारी समितियों के विरूद्ध एक्सेस सेल को लेकर जिला कृषि अधिकारी सम्भल के कार्यालय द्वारा नोटिस जारी किया , विभाग के सक्रियता के कारण विगत समयों में कोई भी टैगिंग की शिकायत प्राप्त नहीं हुए है।जिले में अभी किसी भी फसल में फारूेटिक उर्वरक की कोई मांग नहीं हैं। इसलिए उर्वरक विक्रेताओं से डी.ए.पी. उर्वरक का अधिक सेल न करने को कहा गया। जबकि जनपद सम्भल में यूरिया की माँग मक्का में टॉप ड्रेसिंग हेतु थोड़ी मात्रा में की जा रही है। जिसक लिए मुख्य माँग धान के समय में रहती है। इसलिए उर्वरक विक्रेता जनपद में प्रति हेक्टर 5 बैग फास्फेटिक एवं सात बैग यूरिया ही कृषकों को सीजन के अनुसार उपलब्ध करायेंगे। इससे अधिक बिक्री करने पर उनके विष्द्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# पैसों की खातिर दर-दर भटक रही बुजुर्ग विधवा महिला

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** विकासखंड असमोली के गांव सीडल माफी में बने स्वास्थ्य केंद्र पर एक बुजुर्ग विधवा महिला (70) सफाई करने का कार्य करती थी। बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह लगभग दो वर्ष से कार्य कर रही है। पिछले बात उसको 1000 प्रति महीने के हिसाब से दे दिया गया था। लेकिन उसे इस वर्ष उसे कोई भी रुपया नहीं दिया गया। और बार-बार वादे किए जाते हैं 14 अप्रैल को रुपए देने का वादा किया गया था। लेकिन आज 21 अप्रैल होने के बाद भी खाते में कोई पैसा नहीं आया। आज बुजुर्ग महिला अपने पैसे मांगने के लिए केंद्र प्रभारी पारुल के पास गई पारुल ने उनको एमओआईसी असमोली के पास भेज दिया कि वहां जाओ वही आपके पैसे दिलाएंगे। बुजुर्ग महिला असमोली आई है लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई। केंद्र प्रभारी सीडल माफी पारुल ने बताया कि पिछले वर्ष से सफाई कर्मचारी का कोई पैसा नहीं आया है। मैंने उच्च अधिकारियों को कई बार इस विषय में जानकारी दी लेकिन अभी तक कोई पैसा नहीं आया है जैसे ही पैसा आएगा उनके खाते में डाल दिया जाएगा।

# कल्कि सेना का विश्वास धर्म ध्वजा चढ़े

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्री कल्कि (सेना निष्कलंक) के 33 वें स्थापना दिवस के दो दिवसीय कार्यक्रमानुसार प्रथम दिन श्री कल्कि भगवान के महामंत्र का 24 घंटे का अखंड संकीर्तन का प्रारंभ हुआ।

प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर, कोट पूर्वी में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के 'राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप कुमार गुप्ता ने संगठन के स्थापना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि 33 वर्ष पूर्व जब संगठन की स्थापना की गई, तो उसका मुख्य उद्देश्य धर्म रक्षार्थ राष्ट्र हितार्थ श्री कल्कि सेना का संदेश पावन मानस सुखमय देश श्री कल्कि सेना की यह रीत प्रभु की भक्ति राष्ट्र से प्रीत और श्री कल्कि सेना का विश्वास 'धर्म ध्वजा चढ़े आकाश' साथ ही अतिशीघ्र सवा लाख कल्कि सैनिक संगठन का हिस्सा बनेंगे। आज 33 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन निरंतर सफलता पूर्वक अपने उद्देश्यों को पूर्ण कर रहा है। संगठन के 33 वर्ष के इन गौरवशाली क्षणों को हम भगवान श्री कल्कि के उत्सव के रूप में मना रहे हैं। आज का दिन उन समस्त कल्कि सैनिकों के लिए गौरवान्वित करने वाला दिन है जो इस संगठन से जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर 'संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पंडित शोभित शास्त्री ने बताया' कि संगठन के स्थापना दिवस के प्रथम दिन आज भगवान श्री कल्कि के महा पुण्यदायी मंत्र 'जय कल्कि जय जगत्पते-पद्ममापति जय रमापते' का 24 घंटे का अखंड संकीर्तन दोपहर 2:00 बजे प्रारंभ होकर कल दोपहर 2:00 तक निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने मंत्र के बारे में बताया कि इस फलदायिनी मंत्र का जाप करने से कई लाभ होते हैं। यह मंत्र भगवान विष्णु के अवतार कल्कि का स्मरण कराता है, इसके जाप से धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है, समस्याओं से मुक्ति मिलती है और भविष्य में आने वाली मुश्किलों से सुरक्षा मिलती हैं। कल्कि भगवान को अधर्म का नाश करने वाला माना जाता है। इसलिए, इस मंत्र का जाप करने से धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है और व्यक्ति अधर्म से दूर रहता है। कल्कि भगवान को भविष्य का अवतार माना जाता है। इस दौरान पंडित महेंद्र प्रसाद शर्मा, हिमांशु कश्यप उज्ज्वल सक्सेना, सुभाष खन्ना, गगन वार्ष्णेय, कुलदीप गुप्ता, नवीन सक्सेना, प्राज्ञय शर्मा, अनुज शर्मा, यश गुप्ता, रेखा शर्मा, अनुराग रस्तोगी, किरण शर्मा, शशि शर्मा, क्षमा गुप्ता, नीरू,अरुणा, कुसुम, संजू कश्यप, ललित ठाकुर, विकास कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- श्रीकल्कि मंदिर में कल्कि सेना स्थापना दिवस पर भजन कीर्तन करते।

## जेल से छूटे युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** क्षेत्र के गांव खेमपुर निवासी 21 वर्षीय कपिल पुत्र पप्पू सिंह का शव सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों ने युवक की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, कपिल करीब डेढ़ साल पहले थाना क्षेत्र के गांव मीलक देहरी जग्गू निवासी संजय सिंह द्वारा दर्ज कराए गए मामले में पास्को एक्ट के तहत वर्ष 2024 में जेल गया था। 17 अप्रैल 2026 को वह जेल से छूटकर घर लौटा था। रविवार को कपिल गांव खेमपुर के महेश की बेटी की लग्न समारोह में तलवार गांव गया था, जहां से वापस घर लौट आया। परिजनों के मुताबिक, देर शाम करीब 8 से 9 बजे के बीच उसे किसी का फोन आया, जिसके बाद वह थोड़ी देर में आने की बात कहकर घर से निकल गया। रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका।

# डम्फर की टक्कर से एक महिला की मौत, चार घायल

**0सामने से आ रहे डम्फर ने मारी टक्कर, पुलिस ने शव पीएम को भेजा**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** सम्भल-जोया मार्ग पर मदाला फतेहपुर के सामने डंपर ने मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी जिससे एक की मौत हो गई और चार घायल हो गए।

जनपद अमरोहा के डिडौली निवासी नईम पुत्र रमजानी, रेशाना पत्नी रमजानी, रुखसार पत्नी नईम और दो बच्चों को स्पलेंडर मोटर साइकिल यू पी 23 ' 9014 से जोया से सम्भल को जा रहे थे। मदाला फतेहपुर के सामने पीछे से आ रहे डंपर यूपी 21बी एन 7725 ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। रेशाना पत्नी रमजानी सड़क पर गिर गई जिससे रेशाना की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। नईम पुत्र रमजानी, रुखसार पत्नी नईम और दो बच्चे घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायलों को सी एच सी असमोली भेज दिया गया। पुलिस डंपर को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई। और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी।

## रा. स्वा. मिशन की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या के बारे में जानकारी लीकी गयी। नवीन उपकेन्द्र तैयार करने के बारे में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह ने बताया कि उन्होंने 34 उपकेन्द्र के लिए उपयुक्त स्थान तथा स्थान चयनित किये जाने को लेकर जानकारी प्रदान की।

## एक नज़र इधर भी



# चेयरमैन ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** क्षेत्रीय बालिका हैंडबॉल मीट 2026 पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रसूलपुर गुन्नौर में शुरू हुई।

जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गुन्नौर खुशबू प्रजापति ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि बालिकाएं प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही हैं। शिक्षा के स्तर में भी उनका परीक्षाफल अच्छा आया है। खेलकूद में भी वह अपना जौहर दिखा रही हैं।इस खेलकूद प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के नवोदय स्कूल की बालिकाओं जिसमें अंडर 14 अंडर 17 अंडर 19 की बालिकाओं ने खेलकूद में भाग लिया। प्रिंसिपल हेमलता बिष्ट जी की अध्यक्षता में प्रतियोगिता हुई। इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।

# मक्के के खेत में सास-बहू पर हमला

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मक्के के खेत में सास-बहू पर हमला लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल, पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट

बबराला थाना क्षेत्र के जमालपुर डांडा गांव में सोमवार सुबह मक्का के खेत पर गई एक महिला और उसकी सास पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है रिंकी (22) पत्नी राहुल सुबह करीब 7 बजे अपने मक्का के खेत पर थीं। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस के दो व्यक्तियों ने पुरानी रंजिश के चलते उन पर अचानक हमला कर दिया हमलावरों ने रिंकी को लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। रिंकी की चीख-पुकार सुनकर उनकी सास 40 वर्षीय मीना पत्नी श्रृषिपाल मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। हमलावरों ने मीना को भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट की इस दौरान सास-बहू दोनों गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गईं घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल दोनों घायलों को बबराला थाना ले गए परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा जहां उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है आरोपियों की पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे की हत्या का मुकदमा दर्ज करने की एसपी से गुहार

**असमोली ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना क्षेत्र एचौड़ा कंबोह के गांव धारंगपुर में बीते 1अप्रैल को गांव के ही सलमान का शव बरामद हुआ था जिसके परिजनों ने थाना पुलिस को हत्या का मुकद्दमा पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी थी लेकिन पुलिस मुकद्दमा पंजीकृत नहीं किया है। मृतक के पिता इसरार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते 27 मार्च को मेरे पुत्र को गांव के ही दो युवक घर से बुलाकर ले गए थे और जब देर शाम घर नहीं लौटा तो उक्त दोनों युवकों से जब बेटे के बारे में मालूम किया तो भड़क गए। पीड़ित परिजन इधर उधर ढूंढते रहे लेकिन युवक का कहीं पता नहीं चला। कई दिन बीत जाने के बाद गांव के ही नाले में एक शव दिखाई दिया पता चलते ही मौके पर पहुंचे तो देखा कि शव मेरे बेटे सलमान का ही था। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया लेकिन पुलिस ने उक्त युवकों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक सम्भल को प्रार्थना पत्र देते हुए बेटे की हत्या का मुकद्दमा दर्ज करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# माटीकला टूल किटस के लिए करें आवेदन

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित दूल-किट्स वितरण योजना के तहत जिले को वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु शासन द्वारा 40 विद्युत चाक का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जनपद सम्मल के क्षेत्र में निवास करने वाले माटीकला से निर्मित मूर्तियों, खिलोने, वर्तन एवं गृह उपयोगी वस्तुए बनाने वाले बेरोजगार पुरूष एवं महिलाअें माटीकला टूल किट्स प्राप्त करने के लिए अपना आवेदन पत्र माटीकला पोर्टल पर 15 मई तक ऑन लाइन कर सकते है।

# गर्मी में बिजली ने भी आंखे तरेरी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** भीषण हो रही गर्मी में बिजली भी ऑखे तरेर रही है। मंगलवार को दिन से लेकर रात तक अनेको बार ट्रिपिंग के साथ काफी देर तक बिजली गायब रही।

# रैली निकालकर स्कूल चलने को नौनिहालों ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्कूल चलो अभियान की नामांकन जागरुकता रैली निकाली गई ,रैली में सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली में शामिल बच्चे हाथों में शिक्षा जागरूकता से संबंधित नारे लिखी तख्तियाँ लिये हुए थे। रैली गाँव की गलियों में होती हुई मुख्य सड़क पर आकर विद्यालय द्वार पर समाप्त हुई। ग्रामवासियों ने उत्साहित होकर बच्चों पर पुष्प वर्षा की।

विकास क्षेत्र पंवासा के जूनियर हाईस्कूल शेर खां सराय में आयोजित रैली को लेकर प्रधनाध्यापिका अमीर जहां तुर्की ने बताया कि सन 2015 में इस विद्यालय की स्थिति अत्यंत दयनीय थी एवं छात्र संख्या बहुत कम थी। लगातार परिश्रम और समुदाय के सहयोग से आज इस विद्यालय की छात्र संख्या सौ से भी अधिक है और अभी लगातार एडमिशन हो रहे हैं। इस विद्यालय में पड़ोसी ग्राम पंचायतों,नूरियो सराय, सैफ खान सराय से काफी छात्र-छात्राएँ विद्यालय आते हैं। विभाग के सहयोग से विद्यालय को नया किचिन शेड, किचिन और कायाकल्प के माध्यम से शौचालय, विद्यालय का सुंदर एवं आकर्षक द्वार के साथ ही और भी सुविधएं प्रदान की हैं। जिलाधिकारी ने इस विद्यालय को संभल श्री बनाकर विद्यालय को अति आकर्षक बना दिया है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरताज अंसारी, जैनब आरा, सुआलेह सिद्दीकी, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष मोबीना के साथ ही 165 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## क्रीड़ा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में क्रीडा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने युवक मंगल दल के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि युवक मंगल दलों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जोड़ा जाए और उनको जागरूक किया जाए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि युवक मंगल दलों के पास अपना उद्योग होगा तो वह और लोगों को भी जागरूक करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कहा कि युवा कल्याण विभाग एवं खेल विभाग मिलकर ग्रामीण खेल कूद को और आगे बढ़ाया जाए।उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत के स्तर पर खेल के मैदानों के विषय में भी देख ले।

# तपती धूप लू के थपेड़ों से लोग हुए बेहाल

**0अप्रैल माह में जून वाली गर्मी**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है और अब समय से पहले ही लू ने दस्तक दे दी है। ऐसे मंगलवार को लोगों को अप्रैल के महीने में जून वाली गर्मी महसूस हुई। तपती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया।

मंगलवार को सुबह से तपती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। इससे लोगों का हाल बेहाल रहा और वह परेशान दिखे। मौसम विभाग ने पूरे दिन लू का यलो अलर्ट जारी किया हुआ था। इस दौरान अधिकतम तापमान 39.4 और न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले पांच दिनों के दौरान बदांयू में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि होगी, अगले पांच दिनों में तापमान में रोजाना वृद्धि दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 21 से 24 अप्रैल के बीच अधिकतम तापमान 41 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा, जबकि न्यूनतम तापमान 21 से 25 डिग्री के आसपास रहेगा। इस दौरान आसमान अधिकतर साफ रहेगा ,लू चलने की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने 25 और 26 अप्रैल को तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है, जहां अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है। लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए लू (हीट स्ट्रोक) से निपटने के लिए अस्पतालों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक यूनिट को सक्रिय कर दिया गया है, वहीं अन्य सरकारी अस्पतालों ने भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष इंतजाम शुरू कर दिए हैं।

## पीएम सूर्यघर योजना का करें अधिक प्रचार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के वेंडरों से समन्वय स्थापित करते हुए लंबित आवेदनों को निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए।

# अवैध खनन के डम्फर ने बालिका को रौंदा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**0पुलिस डम्फल को लेकर थाने पहुंची बैठक में**

**असमोली।** अवैध खनन कर तेज गति में दौड़ा रहे डम्फर ने छात्रा की स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा घायल हो गई। उसे मुरादाबाद रैफर कर दिया गया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव मदाला फतेहपुर निवासी मुखराम सिंह की पुत्री राजरानी, के एस डिग्री कालेज भूड़ा बेगमपुर में बीए द्वितीय की छात्र है। वह 21 अप्रैल की सुबह स्कूटी से विद्यालय को जा रही थी। असमोली से भूड़ा बेगमपुर की तरफ जाते हुए सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंपर संख्या यू पी 38 T 7910 ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी गिर गई और छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई। साथ जा रहे दूसरे छात्र-छात्राओं के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकटठा हो गए तथा सूचना पर परिजन एवं पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। घायल छात्रा को सी एच सी असमोली भेजा गया। जहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल सम्भल को रेफर कर दिया । थाना पुलिस डंपर को थाने ले आई।




सम्भल-अवैध खनन कर लो रहे तेज गति डम्फर के नीचे दबी बाइक।

# पुलिस समाज में एक मित्र के रूप में कार्य करती है

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के शांति देवी कन्या इंटर कालेज बबराला की छात्राओं एवं स्टाफ ने मिशन शक्ति नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन की कार्यक्रम के अंतर्गत थाना बबराला का भ्रमण किया।

थाना प्रभारी सौरभ त्यागी ने सभी छात्रों को थाने की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि पुलिस समाज में एक मित्र के रूप में कार्य करती है।पुलिस का कार्य समाज को भयमुक्त करना है। यातायात को सुचारू रूप से एवं समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करना है। उन्होंने जीडी के बारे में भी पूर्ण रूप से जानकारी दी। जीडी में थाने की दिनभर में होने वाली पूर्ण गतिविधियों को लेखा-जोखा होता है थाने में जो भी कोई कार्यवाही होती है। वह जीडी में अंकित की जाती है। थाना प्रभारी ने 1090 के बारे में छात्रों को बताया। यदि कोई समाज का व्यक्ति आपको परेशान करता है तो अपने संकोच होकर 1090 नंबर पर बताएं इसकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी थाना प्रभारी ने कहा कि माता-पिता और आपके गुरु सबसे अच्छे हितेषी होते हैं। माता-पिता निस्वार्थ रूप से पालन पोषण करते हैं। बच्चों को सदैव निसंकोच होकर कोई भी परेशानी अपनी माता-पिता को पहले बतानी चाहिए। माता-पिता उचित होगा वही कार्य करते हैं। प्रधाानाचार्य सोमेश पाठक ने बताया कि पुलिस हमारे मित्र और रक्षक दोनों होती हैं।थाना प्रभारी ने महिला डेस्क एवं साईबर सेल की जानकारी दी। उन्होंने इसके ऑफिस के बारे में बताया।



# बेकरी संचालक की हत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपी के घर पुलिस ने की कुर्की की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर में चर्चित बेकरी संचालक मोहम्मद असद हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद जफर के घर की कुर्की कर दी है। जफर, जो कि मृतक असद का सगा साला बताया जा रहा है, लंबे समय से फरार चल रहा था। कोर्ट के आदेश पर थाना नागफनी क्षेत्र में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई।गौरतलब है कि 27 फरवरी की शाम करीब 7:30 बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जिगर कॉलोनी चौराहे पर बदमाशों ने सरेआम मोहम्मद असद पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। हमलावरों ने बेहद नजदीक से कई राउंड गोलियां चलाईं, जिससे मौके पर ही असद की मौत हो गई। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत फैल गई थी और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए।पुलिस



जांच में सामने आया कि प्रॉपर्टी विवाद के चलते इस हत्या को अंजाम दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने तेजी दिखाते हुए फैजान, आलमवीर और आसिफ नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, लेकिन मुख्य साजिशकर्ता जफर अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कोर्ट से कुर्की का आदेश प्राप्त किया। इसके बाद जफर के मकान को खाली कराकर कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई। मौके पर किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस हत्याकांड के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

लोग सवाल उठा रहे हैं कि इतनी बड़ी वारदात का मुख्य आरोपी अब तक फरार कैसे है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।फिलहाल, पुलिस की इस कार्रवाई से साफ संकेत मिल रहा है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर हाल में आरोपियों को न्याय के कटघरे तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# समाजसेवी मंसूर आलम तेज गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए करा रहे हैं पानी की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मुरादाबाद दिव्यांग जन सेवा समिति के राष्ट्रीय संरक्षक प्रसिद्ध मेटल मास्टर कंपनी के स्वामी नेशनल अवार्ड से सम्मानित तथा मुरादाबाद जनपद में समाज सेवा में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले मंसूर आलम तेज धूप में एक तरफ इंसान प्यास से सभी बे हाल हो रहे है दूसरी तरफ जीव पशु भी प्यास से अछूत नहीं है।तेज गर्मी में बाजारों में जो प्यासे पशु आ रहे हैं उन्हें मंसूर पानी पिलाने का काम कर रहे हैं तथा पक्षियों को भी मिट्टी के बर्तनों में छतों पर पानी रखने की लिए भी व्यवस्था करा रहे हैं उनका कहना है मनुष्य की तरह भी जीव व पशु इतने ही कीमती होते हैं जितना मनुष्य हमें इनका भी ख्याल रखना चाहिए



बताते चलें मनसूर 30 वर्ष से अधिक से लोगों की बिना दिखावे के सेवा कर रहे हैं वह हमेशा दिव्यांग बेसहारा आदि की मदद चलते फिरते करते हैं उन्होंने समाज सेवा में मुरादाबाद के साथ-साथ बिलारी का नाम रोशन किया है उन्होंने कहा यह सब कुछ ऊपर वाले की देन है।

## एक नजर

### ई-रिक्शा और बाइक सवार में हुई टक्कर बाइक सवार युवक की मौत



**कुंदरकी।** थाना मैनाठेर। संभल मुरादाबाद रोड पर ई रिक्शा और बाइक सवार में हुई टक्कर बाइक सवार युवक की मृत्यु बाइक पर पीछे बैठा बच्चा घायल। सोमवार की दोपहर में संभल मुरादाबाद रोड नगर पंचायत महमूदपुर माफी मैं दोपहर के समय एक दर्दनाक हादसा हो गया जिसे देखकर बाइक सवार युवक अपने बेटे के साथ ई रिक्शा से टकरा गया बाइक सवार के सर से खून बह रहा था जिसे देखकर राहगीरों के दिल हिल रहे थे। बदायूं जिले के इस्लामनगर नई बस्ती निवासी गुड्डू पुत्र अली आजम अपने 6 वर्षीय बेटे ताजदार के साथ बाइक से डींगरपुर के अल्लापुर भीकन अपनी ससुराल मैं चचेरे साले की शादी मैं जा रहा था जैसे ही बाइक सवार युवक नगर पंचायत महमूदपुर माफी मैं हीरो एजेंसी के पास पहुंचा कि रोड किनारे खड़े ई रिक्शा चालक ने अपना ई-रिक्शा सड़क की ओर मोड़ दिया जिससे रोड पर आ रहे बाइक सवार युवक ई रिक्शा से टकरा गया टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार युवक का सर ई-रिक्शा में लगने से फट गया जिसमें बाइक सवार के सर से निकलने वाला खून सड़क पर बह रहा था जिसे देखकर राहगीरों के दिल हिल रहे थे वहीं सड़क किनारे बाइक सवार युवक का बेटा भी गंभीर रूप से घायल पड़ा था वहीं सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे नगर चौकी इंचार्ज दीपक राणा ने एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा जहां डॉक्टर ने बाइक सवार युवक को अमृत घोषित कर दिया वहीं घायल बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है।

### बाइक को टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर चालक पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )।** बाइक को टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर चालक पर एफआईआर दर्ज हो गई है थाना छजलैट के गांव कुरी रवाना निवासी नफीस का पुत्र सलीम गांव के फाइक नवी के साथ 14 अप्रैल की दोपहर को अपनी बाइक से छजलैट आ रहे थे जैसे ही दोनों सिराज नगर भीकनपुर पहुंचे तभी एक बिना नंबर के ट्रैक्टर जिसको कुशल पुत्र प्रदीप निवासी किशनपुर चला रहा था ने टक्कर मार दी बाइक में टक्कर लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी छतिग्रस्त हो गई दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

घायल का पिता थाने पहुंचा और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की है।

### फायर बाइकर्स के आतंक से लोग परेशान उठाई इनके खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कांठ( शाह टाइम्स )** नहर किनारे बसे लोग आजकल फायर बाइकर्स से परेशान है लोगों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है बतादे की जनपद बिजनौर के हिरनपुरा पेली मुख्तियारपुर नवादा खलीलपुर आदि गांव महमूदपुर रजवाहा के किनारे बसे हुए हैं। लेकिन इस मार्ग पर फायर बाइकर्स ने अपना पूरी तरह कब्जा जमा रखा है। यह बाइकर्स सुबह दोपहर या शाम किसी भी वक्त तेज रफ्तार के साथ सड़क पर गुजरते हैं और फायर की आवाज करते हुए निकल जाते हैं जिससे कई बार बच्चे भी डर जाते हैं और घर में बैठे हुए बुजुर्गों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों ने इन्हें रोकने का प्रयास भी किया है मगर नहर किनारे बने घरों के पास से गुजरते ही यह अपना कमाल दिखाना शुरू कर देते हैं और फायर की आवाज करते हुए कुछ ही देर में आंखों से ओझल हो जाते हैं। लोगों ने बाइकर्स के खिलाफ पुलिस कार्यवाही किए जाने की मांग उठाई है।

### शांतिभंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** अलग अलग गांव में मारपीट पर उतारू दो व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा के मोहल्ला मोहनपुरी निवासी विशाल कुमार पुत्र अमोद कुमार को पुलिस ने मोहल्ले के ही वीर सिंह पुत्र रोशन सिंह के साथ घर के बाहर झाड़ू लगाने को लेकर कहासुनी के बाद विवाद हो गया। पुलिस ने विशाल कुमार को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव के दूल्हापुर सबलपुर निवासी फैसल पुत्र मो0 अनीस को गांव की शाहजहां पत्नी जमालुददीन द्वारा दिए गए शिकायती पत्र की जांच के दौरान महिला के साथ मारपीट पर उतारू होने पर पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

# लिवर फेलियर में कब जरूरी हो जाता है ट्रांसप्लांट का फैसला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लिवर शरीर का एक अहम अंग है, जो विषैले तत्वों



को बाहर निकालने, पाचन और इम्युनिटी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि इसमें खुद को पुनर्जीवित करने की क्षमता होती है, लेकिन लंबे समय तक नुकसान होने पर इसकी कार्यक्षमता धीरे-धीरे खत्म हो सकती है, जिससे लिवर फेलियर का खतरा बढ़ जाता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के एचपीबी सर्जरी एवं लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. अजीताभ श्रीवास्तव के अनुसार, जब लिवर एंड-स्टेज लिवर डिजीज या एक्यूट लिवर फेलियर की स्थिति में पहुंच जाता है, तब ट्रांसप्लांट जरूरी हो जाता है। डॉ. श्रीवास्तव बताते हैं कि ट्रांसप्लांट से पहले मरीज की पूरी जांच की जाती है। इस प्रक्रिया में खराब लिवर को हटाकर स्वस्थ डोनर लिवर लगाया जाता है। सही समय पर लिया गया यह फैसला मरीज को नया जीवन दे सकता है।

# महेश यादव ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का पद संभाला, अधिकारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में प्रशासनिक स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। महेश यादव ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर निवर्तमान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा।वर्ष 2013 बैच के इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस अधिकारी महेश यादव एक अनुभवी, कर्मठ और दक्ष प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं देकर संगठन को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है। मुरादाबाद मंडल में अपनी नई जिम्मेदारी संभालने से पूर्व वे उत्तर रेलवे मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑपरेशंस मैनेजर (क्ल. ब्ल्ड) के पद पर कार्यरत थे।अपने सेवा काल के दौरान श्री यादव ने कई महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर स्टेशन डायरेक्टर के पद पर कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने यात्री सुविधाओं में सुधार और संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने फ्रेट ऑपरेशंस इंफॉर्मेशन सिस्टम में डिप्टी चीफ ऑपरेशंस मैनेजर के रूप में भी कार्य किया है। साथ ही, ट्रेन टाइमटेबलिंग से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही है। महेश यादव के नेतृत्व में मुरादाबाद मंडल में वाणिज्यिक कार्यों, यात्री सुविधाओं और सेवा गुणवत्ता में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। उनके अनुभव और प्रबंधन कौशल से मंडल के समग्र विकास को नई दिशा मिलने की संभावना है।पदभार ग्रहण के अवसर पर मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# पुतला दहन के दौरान महिला नेता के दुपट्टे में लगी आग, पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आरक्षण बिल को लेकर अखिल भारतीय हिंदू परिषद द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रदर्शनकारी विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन कर रहे थे, तभी अचानक आग की लपटें पास खड़ी महिला प्रदेश अध्यक्ष के दुपट्टे तक पहुंच गईं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुतला दहन के दौरान आग तेजी से भड़क उठी और देखते ही देखते महिला प्रदेश अध्यक्ष रीता पाल के दुपट्टे में आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए तत्परता दिखाई और बिना समय गंवाए जलते हुए दुपट्टे को अलग कर दिया। पुलिस की इस सूझबूझ और तेजी से बड़ी अनहोनी टल गई।घटना कोतवाली



क्षेत्र के इंपीरियल तिराहा की बताई जा रही है, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र होकर महिला आरक्षण बिल के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी मौके पर तैनात था, जिसकी मुस्तैदी ने हादसे को गंभीर रूप लेने से रोक दिया।घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस कर्मियों की सक्रियता साफ देखी जा सकती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।प्रदर्शन के दौरान हुई इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पुतला दहन जैसे कार्यक्रमों में सुरक्षा मानकों का कितना ध्यान रखा जा रहा है।

# दृष्टि कंपनी की तरफ से कार्यशाला का आयोजन हुआ सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** बरेली में बदायूं रोड पर दृष्टि कंपनी की तरफ से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिस में कई जिलों के सीएसपी ने भाग लिया दृष्टि के कंपनी के चीफ ऑपरेटर श्री पराग रोनवर ने कंपनी की बैंकिंग सेवा एवं महिला उत्थान सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि वित्तीय समावेश में दूरदराज से आए सीएसपी को कमिशन बढ़ाने के टिप्स भी सिखाए। महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वावलंबी बनाने के धूप बत्ती, अगरबत्ती, मधुमक्खी पालन, दूध डेयरी एवं ब्यूटी पार्लर के कार्य करने एवं बैंकों द्वारा लोन सुविधा दिलाने के बारे में विस्तार से कार्यशाला में जागरूक किया। इस मौके पर प्रदेश कॉर्डिनेटर इनामुल हक, जिला कॉर्डिनेटर अनुज श्रीवास्तव, अमित सिंह एवं सीएसपी परवेज आलम रईस अहमद, हसरत अली, नाजिम, गोपी कंसल,जिया उल मुस्तफा आदि लोगों ने भाग लिया।



# भीषण गर्मी में स्वास्थ्य की सुरक्षा : आयुर्वेद की प्रमाणिक सलाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** डॉ. आशुतोष शुक्ला गर्मी का मौसम आते ही तापमान के साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ भी बढ़ने लगती हैं। अत्यधिक गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी, थकावट, चक्कर आना, लू लगना, पाचन विकार और त्वचा संबंधी परेशानियाँ आम हो जाती हैं। आयुर्वेद के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में शरीर का बल धीरे-धीरे कम होता है तथा पित्त दोष बढ़ने लगता है। इसलिए इस मौसम में खान-पान और दिनचर्या का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। क्या खाएँ गर्मी में पर्याप्त पानी पीना बेहद जरूरी है। दिनभर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें। नारियल पानी, बेल का



शरबत, सत्तू, आम पना, नींबू पानी और छाछ शरीर को ठंडक देते हैं तथा डिहाइड्रेशन से बचाते हैं। मौसमी फल जैसे तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी, पपीता और सीमित मात्रा में आम लाभकारी हैं। ये शरीर में पानी की कमी पूरी करते हैं और ऊर्जा प्रदान करते हैं। भोजन में हल्की व सुपाच्य चीजें जैसे मूंग दाल, दलिया, चावल, हरी सब्जियाँ और छाछ शामिल करें। दही का सेवन दिन में करें, रात में परहेज रखें। **क्या न खाएँ**-तली-भुनी और मसालेदार चीजों से बचें। अधिक चाय-कॉफी, फास्ट फूड, कोल्ड ड्रिंक्स, शराब, ज्यादा नमक और तीखा भोजन शरीर की गर्मी बढ़ाते हैं तथा पाचन शक्ति कमजोर करते हैं। **अपनाएँ ये सावधानियाँ**-दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें। बाहर जाना जरूरी हो तो सिर ढककर निकलें। हल्के और सूती कपड़े पहनें। खाली पेट धूप में न जाएँ और पर्याप्त पानी पीते रहें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। **आयुर्वेदिक विशेष सुझाव**-सुबह खाली पेट धनिया पानी या सौंफ का पानी पीना लाभकारी है। छाछ में भुना जीरा और सेंधा नमक मिलाकर पीने से पाचन सुधरता है। गुलकंद का सेवन भी शरीर को ठंडक देता है। **लू से बचाव**-यदि चक्कर आना, तेज प्यास, सिरदर्द, उल्टी या कमजोरी जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत ठंडी जगह जाएँ, पानी या नींबू पानी दें और आवश्यकता होने पर चिकित्सक से संपर्क करें। ग्रीष्म ऋतु में संतुलित आहार, पर्याप्त जल सेवन और उचित दिनचर्या अपनाकर हम स्वस्थ रह सकते हैं। आयुर्वेद का सिद्धांत है कि ऋतु के अनुसार जीवनशैली अपनाने से स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है।

# टीएमयू नवरंग की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बिखरे प्रतिभा के रंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के शिक्षा संकाय ने अपने सांस्कृतिक महोत्सव कल्चर फेस्ट नवरंग 5.0 में स्टुडेंट्स की रचनात्मकता, खेल प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को सशक्त मंच दिया। स्टुडेंट्स ने 'कालचक्र', 'स्वतंत्रता संग्राम', 'शिव-शक्ति अद्वैत', देशभक्ति आधारित प्रस्तुतियों और पहाड़ी नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक चेतना को मंच पर जीवंत कर दिया। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक श्रृंखला ने सभी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऑडिटोरियम तालियों की गूंज से बार-बार गूंजता रहा। इससे पूर्व समारोह का रंगारंग शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग हुआ। समारोह में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह के संग-संग लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. कल्पना जैन, फाइन आर्ट्स के प्रिंसिपल श्री रविंद्र देव, शिक्षा संकाय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कवि सम्मेलन और काव्य गोष्ठी इस महोत्सव का विशेष आकर्षण रही। वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता ने पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण का प्रभावशाली संदेश दिया। समापन अवसर पर डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने नवरंग के सफल आयोजन के लिए समस्त फैकल्टीज और स्टुडेंट्स को




साधुवाद देते हुए बोले, हमें ज्ञानात्मक विकास के साथ-साथ भावात्मक एवम् कौशलों के विकास को भी प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने अंत में सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना के विकास को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान श्री दीपक मलिक, श्रीमती ममता यादव, डॉ. रणजीत सिंह, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. अर्पित त्रिपाठी, डॉ. शिवांगी रानी, डॉ. मुक्ता गुप्ता, डॉ. पूनम चौहान, डॉ. शेफाली जैन, डॉ. पवन कुमार मंडल, श्री महेश कुमार, डॉ. रवि प्रकाश सिंह, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. नाहिद सहित विभाग के सभी शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन छात्र अतेंद्र कुमार ने किया।

● ये रहे विजेता बास्केटबॉल में नवोदिता एवम् टीम, वॉलीबॉल में अत्येंद कुमार झा एवम् टीम, खो-खो में क्रिस्टीना सिंह एवम् टीम विजेता रहे। दीपांशु कनौजिया और वंशिका सिद्धू 100 मीटर रेस के विनर बने। बैडमिंटन बॉयज में अरहम जैन विजेता रहे। 200 मीटर की रेस वंशिका सिद्धू ने जीती। टेबल टेनिस बॉयज और अरहम जैन का खिताब अपने नाम किया। टेबल टेनिस गर्ल्स में अन्वेष जैन विजेता रहीं। टेबिल टेनिस में विशाल कुमार रहे विजेता रहे।

टग आफ वार गर्ल्स की विजेता खुशी दयाल एवम् टीम रहे। ब्वायज का टग ऑफ वार तुषार भास्कर एवम् टीम ने जीता। वॉलीबॉल प्रतियोगिता अर्पित जैन एवम् अन्य टीम विजेता रही, जबकि बास्केटबॉल में अर्पित जैन एवम् टीम विजेता बने।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद फैजान व पुत्रवधू श्रीमति नूरी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**रहासत पुत्र मुस्तफा निवासी ग्राम महमूदपुर तिगरी, थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैने अपने पुत्र राहुल कुमार व उसकी पत्नी संध्या दिवाकर को गलत संगत में पड जाने व मेरे व मेरे परिवारजनो के प्रति गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में राहुल कुमार व उसकी पत्नी संध्या दिवाकर के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
चंद्रपाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी Y-1730 मंगोलपुरी दिल्ली पिन कोड 110083 पूर्व निवासी लाइनपार श्रीनगर कॉलोनी थाना मझौला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने सबसे बड़े पुत्र शहजाद व पुत्रवधू श्रीमती सुबहाना को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
श्रीमती रुखसाना पत्नी मोहम्मद हनीफ व मोहम्मद हनीफ पुत्र अब्दुल मजीद नि. जम-जम वाली मस्जिद सराय हुसैनी बेगम थाना नागफनी तह. व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र हैदर अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। पूर्व व भविष्य में हैदर अली के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से इनका कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती ननिया पत्नी शिराकत हुसैन निवासी मोहम्मदपुर बस्तौर थाना मैनाठेर तहसील बिलारी व जिला मुरादाबाद।**

# चक्कर की मिलक डबल मर्डर केस में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र के चक्कर की मिलक में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को जिला अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद हिरासत में लिया गया। पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार, 20 अप्रैल की रात करीब 8 बजे जमीन के बकाया पैसे को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। फरजन्द, अनस, फहीम, आरिफ, नवाब और एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर राजा और उसकी पत्नी फरहा की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। दोनों मृतक चक्कर की मिलक क्षेत्र में जिलानी मस्जिद नाले के पास के निवासी थे।इस घटना के संबंध में मृतक के भाई सुएेब की तहरीर पर थाना सिविल लाइन्स में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके का




निरीक्षण किया और फील्ड यूनिट ने साक्ष्य एकत्र किए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी फहीम पुत्र अब्दुल वाहिद को गिरफ्तार किया। फहीम घटना के दौरान घायल हो गया था और जिला अस्पताल में भर्ती था, जिसे डिस्चार्ज होने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी फहीम ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथियों आरिफ और नवाब के साथ मिलकर करीब एक वर्ष पहले राजा को 2,24,000 रुपये में एक प्लॉट बेचा था, जिसमें से 24,000 रुपये बकाया रह गए थे। कई बार मांगने के बावजूद राजा ने पैसे नहीं लौटाए। 19 अप्रैल को विवाद के दौरान राजा ने ईंट मारकर उसे घायल कर दिया था, जिससे वह अस्पताल में भर्ती हो गया।आरोप है कि इसी अपमान का बदला लेने के लिए फहीम ने अपने बेटे फरजन्द को उकसाया, जिसके बाद फरजन्द अपने साथियों के साथ राजा के घर पहुंचा और उसने राजा व उसकी पत्नी की हत्या कर दी।पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरफ्तार आरा. ेपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नगर पालिका की लापरवाही से सड़कों पर बह रहा पानी, लीकेज पाइपलाइन से राहगीर परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका की अनदेखी और लापरवाही के चलते शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज होने से सड़कों पर पानी बह रहा है, जिससे एक ओर पानी की बर्बादी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अग्रवाल सभा रोड पर दिनेश पुठिया की चक्की के पास पिछले दो दिनों से पानी की पाइपलाइन लगातार लीकेज कर रही है। सड़क पर पानी भर जाने से कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन गई है, जिससे पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत नगर पालिका से कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों में नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। एक ओर भीषण गर्मी का प्रकोप है, वहीं दूसरी ओर पाइपलाइन लीकेज के कारण पेयजल की भारी बर्बादी हो रही है, जिससे कई इलाकों में पानी की किल्लत गहराने लगी है। नागरिकों का कहना है कि जहां एक तरफ पानी के लिए लोग जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर यूं ही पानी बहना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत कराने और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और पानी की बर्बादी रोकी जा सके।



**ठाकुरद्वारा। अग्रवाल सभा रोड स्थित मार्ग पर नगर पालिका द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन लीकेज , सड़क में भरा पानी।**

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सेलिब्रिटिंग इंस्पायरिंग वूमेन विषय पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में एक्टिविटी क्लब द्वारा "मिशन शक्ति-5" योजना के अंतर्गत "सेलिब्रिटिंग इंस्पायरिंग वूमेन" विषय पर स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग (एसएएसई) की ओर से एक एक प्रेरणादायक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की प्रेरणादायक भूमिका को उजागर करना तथा छात्र-छात्राओं को नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता एवं नेतृत्व के प्रति जागरूक करना रहा। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की छात्रा निशा को प्रथम, एसएएसई के तृतीय वर्ष के छात्र अंकित एवं स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की प्रथम वर्ष की छात्रा सिमरन को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं एसएएसई की छात्रा अनंता भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. ए.एन. चौबे, डॉ. कमलेश कुमार यादव एवं डॉ. आँचल सिंह निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। प्रतिभागियों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से यह दर्शाया कि आज की नारी केवल परिवार तक सीमित नहीं, बल्कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, प्रशासन एवं सामाजिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही है। विशेष रूप से छात्राओं की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। उनके विचारों में आत्मविश्वास, दृढ़ता एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान विभाग की महिला शिक्षिकाओं डॉ. अक्षिता बिष्ट, डॉ. तान्या राठौर एवं डॉ. विजेता सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रेरणादायक महिलाएँ समाज की दिशा बदलने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने छात्राओं को अपने सपनों को साकार करने, आत्मनिर्भर बनने एवं चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विकास बाजपेयी द्वारा प्रभावशाली एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सुलेखा एवं डॉ. आयशा नेगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि प्रेरणादायक महिलाएँ न केवल समाज की शक्ति हैं, बल्कि वे भविष्य की दिशा निर्धारित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएएसई के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने की तथा विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। अंत में डॉ. सिंह ने कहा कि यह आयोजन "मिशन शक्ति-5" के उद्देश्य-नारी सशक्तिकरण, जागरूकता एवं आत्मनिर्भरताकृको सार्थक रूप से आगे बढ़ाने में सफल रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के कुल 68 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।



# विवाह समारोह में सम्मिलित होने आए बाइक सवार चाचा-भतीजे की अज्ञात वाहन से टक्कर , चाचा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शादी समारोह में सम्मिलित होने आए चाचा भतीजे की बाइक में तेज रफ्तार अज्ञात बहाने टक्कर मार दी । जिसमें चाचा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भतीजे को एंबुलेंस की मदद से सी एच सी ठाकुरद्वारा अस्पताल में भर्ती कराया । घायल का चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया । जनपद बिजनौर के गांव जहानाबाद निवासी विनीत पत्र सूरजभान अपने चाचा नवनीत पुत्र ऋषिपाल एक दिन पूर्व थाना ठाकुरद्वारा की पुलिस चौकी सूरजन नगर के गांव टांडा अफजल निवासी अजय कुमार की बेटी की शादी में सम्मिलित होने के लिए आए थे । मंगलवार की शाम 5.00 बजे बाइक से किसी काम के लिए निकले थे , जैसे ही वह दूल्हापुर की मंडैयो मार्ग के पास पहुंचे तभी अचानक पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी



**सरकारी अस्पताल में दुर्घटना के बाद पूछताछ करती पुलिस।**

। जिसमें 25 वर्षीय नवनीत पुत्र ऋषिपाल की मौके पर मौत हो गई जबकि विनीत पुत्र सूरजभान गंभीर रूप से घायल हो गये । सूचना मिलते ही शादी के घर में कोहराम मच गया । सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से तत्काल दोनों को उपचार के लिए ठाकुरद्वारा भर्ती कराया । जहां चिकित्सक ने नवनीत को मृत घोषित कर दिया और विनीत का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने रिश्तेदारों से पूछताछ कर मृतक के घर सूचना भेजी । मौत की सूचना पाकर परिजनो में को. हराम मच गया। विवाह के घर में शोक की लहर दौड़ गई । पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराने की कार्यवाही शुरू कर दी।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी, आयकर, परिवहन, स्टाम्प, नलकूप, खनन, मण्डी, बाटमाप, परिवहन निगम आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्टाम्प, आबकारी, परिवहन एवं आयकर को अपने राजस्व कलक्शन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अवैध शराब बेचने वालों पर पूर्णतया अंकुश लगाए जाने के लिए भी सख्त निर्देश दिए और कहा कि ऐसी शिकायत पर तत्काल और कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने वाहन कर एवं खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये और राजस्व की प्रगति बढ़ाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि 5 वर्ष से अधिक समय से लम्बित वादों का डिस्पोजल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पेन्डिंग आरसी का भी



संबंधित विभागों से मिलान अवश्य कर लें। जनपद के सभी तहसीलों में आरसी पेन्डिंग होने पर जिलाधिकारी ने निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि धारा 24 के वादों का भी निस्तारण करते रहें। निस्तारण न होने से सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैकिंग खराब हो रही है। उन्होंने धारा 80 एवं धारा 116 के वादों को भी प्राथमिकता प्रदान करते हुए निस्तारण के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कृषि भूमि आवंटन, आवासीय आवंटन तथा तालाबों का आवंटन भी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निवास, आय तथा हैसियत प्रमाण पत्र की पेंडेंसी होने पर जिलाधिकारी ने सभी पेंडेंसियों को समाप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व परिषद, मण्डलायुक्त कार्यालय, शासन से प्राप्त लम्बित प्रकरणों तथा कृषक दुर्घटना बीमा प्रकरणों को समयबद्धता से निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को विशेष ध्यान देकर रैकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर जनपद की अच्छी रैकिंग बनाये रखने में सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक की स्थिति खराब होने पर ठीक प्रकार से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जितेन्द्र पाल, समस्त उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार, एआईजी स्टाम्प, जिला आबकारी अधिकारी, डीसी जीएसटी, मण्डी सचिव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पुत्र अनुराग को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अनुराग के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती विमलेश कुमारी पत्नी सुनील कुमार सैनी निवासी शांति नगर एकता कालोनी मंडी समिति के पीछे थाना मझोला, मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र कासिम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में कासिम के द्वारा किए गए किसी भी कुकृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **आसिम पुत्र च्चीद्दन निवासी ग्राम बगरौआ, थाना कुंदरकी तहसील बिलारी, जनपद मुरादाबाद।**

# स्मार्ट मीटर को लेकर कुंदरकी में विरोध, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों में जबरदस्त विरोध सामने आया। गांव काजीपुरा की महिलाएं और पुरुष मुरादाबाद-चंदौसी मार्ग पर उतर आए और सड़क जाम कर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पहुंचे और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल में बढ़ोतरी हुई है और समय पर



भुगतान न करने पर बिजली आपूर्ति काट दी जाती है। इससे बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि स्मार्ट मीटर सरकार की योजना के तहत लगाए गए हैं और इनमें बिलिंग अधिक पारदर्शी होती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को बिल में समस्या है तो उसका समाधान किया जाएगा, लेकिन मीटर हटाने का कोई आदेश नहीं है।

# कोविड-19 में दिवंगत शेष पत्रकारों के परिवारों को मिलेगी आर्थिक सहायता

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अनुरोध पर सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कोविड - 19 संक्रमण में दिवंगत 12 पत्रकारों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शासन से अनुरोध किया है। प्रदेश सरकार पहले ही 102 दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को दस-दस लाख रूपये की आर्थिक सहायता दे चुकी है। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष मुहम्मद जान तुर्की ने बताया कि यू.पी. वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह संजय प्रसाद को पत्रा लिखकर शेष 12 दिवंगत पत्राकारों के परिवारों को उक्त आर्थिक सहायता दिए जाने का अनुरोध किया था। उक्त पत्रा का संज्ञान लेते हुए सूचा निदेशक ने शासन से तत्सम्बन्धी धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। यूनियन ने अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद और सूचना निदेशक विशाल सिंह का आभार व्यक्त किया है।

# मुरादाबाद में गूंजा फीवर एफएम 93.7 शहर का पहला निजी एफएम स्टेशन शुरू

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** देश के जाने-माने रेडियो नेटवर्क फीवर एफएम ने मुरादाबाद में अपना स्टेशन 93.7 एफएम शुरू कर दिया है। यह शहर का पहला निजी एफएम रेडियो स्टेशन है। इसके साथ ही मुरादाबाद फीवर नेटवर्क का आठवाँ शहर बन गया है। इससे पहले फीवर एफएम लखनऊ, कानपुर, बरेली, आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर और प्रयागराज समेत उत्तर प्रदेश के सात शहरों में श्रोताओं का मनोरंजन कर रहा था। मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए यह जरूरी शुरुआत है। उन्होंने कहा, मुरादाबाद के लोगों के लिए इससे पहले एफएम की कोई सेवा उपलब्ध नहीं थी। फीवर 93.7 के आने से लोगों को मनोरंजन के साथ जागरूकता का भी नया माध्यम मिलेगा। रामपुर, सम्भल, बिजनौर और अमरोहा की अपनी विशिष्टताएं और समृद्ध इतिहास है। फीवर 93.7 के बाद लोगों को एक ऐसा मंच मिलेगा जिससे वे अपने पूरे क्षेत्र के बारे में और अधिक जान सकेंगे।ष्मेयर बोले: दिल्ली से सुनते थे, अब अपने शहर से सुनेंगे। मेयर विनोद अग्रवाल ने कहा कि यह मुरादाबाद के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा, मुरादाबाद एक बड़ा एक्सपोर्ट हब है, लेकिन एफएम रेडियो के मामले में हम पीछे थे। अक्सर दिल्ली जाते वक्त गाजियाबाद पहुँचने के बाद ही एफएम पर गाने और कार्यक्रम सुनाई देते थे। मुरादाबाद में वो सुविधा नहीं थी। आज वो कमी पूरी हो गई।

मैं फीवर एफएम की पूरी टीम और मुरादाबाद की जनता को इस नए स्टेशन के लिए बधाई देता हूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि यह शहर के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि यह रेडियो स्टेशन मनोरंजन के साथ जन-जागरण के सशक्त माध्यम के रूप में भी काम करेगा। समाज के अहम मुद्दों पर जनता को जागरूक करना और उन्हें संवेदनशील बनाना भी एक रेडियो स्टेशन की बड़ी जिम्मेदारी होती है। मुझे विश्वास है कि फीवर एफएम 93.7 इस भूमिका को बखूबी निभाएगा। स्टेशन पर सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक हर उम्र के श्रोताओं के लिए कार्यक्रम चलेंगे। मुरादाबाद के लोग आरजे वैभव, किशोर कुमार के सुपुत्र अमित कुमार, पंखुरी और राहुल माकिन की आवाज में शहर की बातों से लेकर फिल्म जगत की बातें सुन सकेंगे।

# अभिषेक ने छुड़ाए दिल्ली के छक्के

### हैदराबाद ने दिल्ली को दिया 243 रन का टारगेट

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक की शतकीय पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (आरएच) ने आईपीएल में मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को 243 रन का टारगेट दिया है। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आरएच ने 20 ओवर में दो विकेट पर 242 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने नाबाद 135 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 68 गेंद की पारी में 10 चौके और 10 छक्के लगाए।

हेनिरक क्लासन ने नाबाद 37 रन बनाए। दोनों ने नाबाद 66 रन की पार्टनरशिप की। अभिषेक के अलावा, ट्रैविस हेड ने 37, ईशान किशन ने 25 रन का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। हैदराबाद की पारी के आखिरी ओवर से 20 रन आए। इसमें 3 चौके ओर एक छक्का लगा। आखिरी बाल पर आए चौके के दम पर




हैदराबाद ने 20 ओवर में 242 रन बना डाले और दिल्ली को 243 रन का टारगेट दिया। 18वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 14 रन खर्च कर दिए। हेनरिक क्लासन ने उनकी चौथी और 5वीं बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। बाकी के रन सिंगल के जरिए आए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अभिषेक ने नटराजन के ओवर की आखिरी बाल पर रिवर्स स्वीप करके चौका लगाया। इसी चौके से टीम का स्कोर 200 पार हो गया। 16वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने महज 6 रन दिए। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है। सभी रन सिंगल और डबल के जरिए बने। 15वें ओवर में हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। नीतीश की चौथी बाल पर ईशान किशन रनआउट हो गए। बाल नीतीश के हाथ से लगकर नान स्ट्राइक के स्टंप पर लगी। ईशान 25 रन ही बना सके। इसी के साथ अर्धशतकीय साझेदारी टूट गई। नीतीश राणा ने इस ओवर में 23 रन आए। 15वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने शतक पूरा किया। उन्होंने नीतीश राणा की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए और 47 बाल पर शतक पूरा किया। अभिषेक ने अपने आईपीएल करियर में दूसरा शतक लगाया।

उनके टी-20 क्रिकेट में 9 शतक हो गए हैं। 14वें ओवर में अभिषेक शर्मा को जीवनदान मिला। टी. नटराजन की बाल पर डीप बैकवर्ट पाइंट पर नीतीश राणा ने कैच ड्राप किया। यहां अभिषेक शर्मा 86 रन के स्कोर पर खेल रहे थे। 13वें ओवर में अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। उन्होंने मुकेश कुमार की आखिरी बाल पर छक्का लगाकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। इसी के साथ हैदराबाद का स्कोर भी 150 पार हो गया। 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने 21 रन खर्च कर लिए। उनके इस ओवर में 4 बाउंड्री लगी। इनमें दो चौके और दो छक्के शामिल रहे। 9वें ओवर की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा ने हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। उन्होंने अक्षर पटेल की पहली बाल को मिडविकेट की ओर खेला और अर्धशतक पूरा किया। अभिषेक ने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में अक्षर पटेल ने 5वीं बाल पर ट्रैविस हेड को समीर रिजवी के हाथों कैच कराया। यहां फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। हेड 37 रन बनाकर आउट हुए। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद ने मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 67 रन बना लिए थें।

## टी-20 वर्ल्ड कप में प्रोटियाज के लिए अच्छे संकेत

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी विमेंस टी-20 प्लेयर रैंकिंग के लेटेस्ट अपडेट के बाद दक्षिण अफ्रीका की टॉप परफॉर्मर बड़ी विनर रही हैं। दक्षिण अफ्रीका और भारत अभी इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी तैयारियों को फाइनल कर रहे हैं, जिसमें पांच मैचों की सीरीज होगी और दोनों टीमों के प्लेयर्स को अपडेटेड रैंकिंग में बड़ी बढ़त मिली है।

प्रोटियाज की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट भारत के खिलाफ सीरीज के दूसरे गेम में शानदार हाफ-सेंचुरी के बाद टी-20 बैटर्स की अपडेटेड रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल के बाद पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि टीम की साथी एनेरी डर्कसेन (18 पायदान ऊपर 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ पायदान ऊपर 35वें स्थान पर) भी डरबन मुकाबले में अच्छे योगदान के बाद इसी लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब रही।

भारत की ओपनर शेफाली वर्मा की बैटर रैंकिंग में भी फायदा हुआ है, प्रोटियाज के खिलाफ 57 रन की पारी के बाद दाएं हाथ की यह बल्लेबाज दो पायदान ऊपर चढ़कर कुल मिलाकर छठे स्थान पर आ गई हैं। आईसीसी के अनुसार, स्मृति मंधाना (चौथे) टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में शेफाली से आगे भारत की एकमात्र खिलाड़ी हैं, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर (दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर) दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में नाबाद 47 रन की पारी के बाद टॉप 10 से ठीक बाहर हैं।

### खेल विशेष

#### इंदिरा गांधी और जाकिर हुसैन कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस (आईजीआईपीईएसएस) और जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज ने तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी-20 डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैचों में जीत दर्ज की। अनन पुप (9 रन पर 4 विकेट) और आशीा (57) के उम्दा प्रदर्शन से इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस (115/4, 11-1ओवर) ने राम लाल आनंद कॉलेज (113/10, 16-4 ओवर) को 6 विकेट से हराया। आशीा को मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। गर्व (73 रन व 21 पर 4 विकेट) के शानदार आलराउंड प्रदर्शन और केशव यादव (53) की बल्लेबाजी से जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज (154/01, 9-4 ओवर) ने शिवाजी कॉलेज (151/9, 20 ओवर) को 9 विकेट से मात दी।

#### पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने मेड्रिड में उतरेंगे सिनर

**मैड्रिड, वार्ता।** जानिक सिनर का लगातार पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 टाइटल जीतने का सपना इस हफ्ते मटुआ मैड्रिड ओपन से शुरू होगा और इटैलियन खिलाड़ी को सोमवार को स्पेनिश राजधानी में हुए ड्रॉ के बाद अपना रास्ता पता चल गया। एटीपी रैंकिंग में नम्बर 1 खिलाड़ी एक क्वालिफायर के खिलाफ शुरुआत करेंगे और तीसरे राउंड में पिछले साल के क्वार्टर-फाइनलिस्ट गैब्रियल डायलो का सामना कर सकते हैं। टॉमी पॉल चौथे राउंड के संभावित विरोधी हैं और एलेक्स डी मिनौर सिनर के सीडेड क्वार्टर-फाइनल मैच में हैं। लेकिन, नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार जोआओ फोंसेका और राफेल जोदार दोनों ही ड्रॉ में डी मिनौर के सेक्शन में हैं।

#### भारत कबड्डी, 3X3 बास्केटबॉल में अपनी पहचान बनाना चाहेगा

**सान्या, वार्ता।** 31 सदस्यों वाला भारतीय दल 22 से 30 अप्रैल तक पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हैनान आइलैंड पर मौजूद सान्या में होने वाले एशियन बीच गेम्स 2026 में हिस्सा लेगा। एशियन बीच गेम्स के छठे एडिशन में 15 डिसिप्लिन में मेडल इवेंट होंगे, जिसमें कुल 62 गोल्ड मेडल दांव पर होंगे। भारत चार डिसिप्लिन में हिस्सा लेगा - 3ग3 बास्केटबॉल, बीच कबड्डी, सेलिंग और बीच रेसलिंग। भारत के टॉप बास्केटबॉल खिलाड़ी प्रणव प्रिंस और हर्ा डागर 3ग3 टीम में हेडलाइन करेंगे। ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) द्वारा ऑर्गनाइज किया जाने वाला एशियन बीच गेम्स एक मल्टी-स्पोर्ट इवेंट है जो बीच और कोस्टल डिसिप्लिन पर फोकस करता है। पहली बार 2008 में इंडोनेशिया के बाली में हुए इन गेम्स में ऐसे स्पोर्ट्स दिखाए गए जो हमेशा एशियन गेम्स में शामिल नहीं होते थे। एशियन बीच गेम्स पिछली बार 2016 में वियतनाम के डा नांग में हुए थे, और शुरू में इन्हें 2020 में वापस आना था।

## महिला टी-20 रैंकिंग में भारत-दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ियों का बड़ा उछाल

**दुबई, वार्ता।** भारत की ओप. नर शेफाली वर्मा डरबन में दूसरे टी-20 में 38 बॉल में 57 रन बनाने के बाद आईसीसी महिला टी-20 बैटिंग रैंकिंग में दो स्लॉट ऊपर चढ़कर छठे नम्बर पर आ गई हैं। ओपनर ने दो छक्के और चार चौके मारे, लेकिन यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने मैच आठ विकेट से जीत लिया।

मेजबान टीम वीकेंड की शुरुआत में छह विकेट से मिली जीत के बाद पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे है, इस हफ्ते मैच डरबन से जोहान्सबर्ग शिफ्ट हो रहे हैं। वर्मा की तरक्की से वेस्टइंडीज की कैप्टन हेली मैथ्यूज एक स्लॉट ऊपर चढ़कर तीसरे नम्बर पर आ गई हैं। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले मैच में 33 बॉल में नाबाद 47 रन बनाए थे,

जिससे उन्हें दो स्लॉट ऊपर चढ़कर जॉइंट 11वें नम्बर पर जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कैप्टन लॉरा वोल्वार्ट अब तक सीरीज में सबसे ज्यादा 105 रन बना चुकी हैं, उन्होंने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। वह बैट्समैन में पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। लिस्ट में दूसरी रैंकिंग में एनेरी डर्कसेन और सुने लुस शामिल हैं। डर्कसेन अपने दूसरे मैच में नाबाद 44 रन बनाने के बाद 18 स्लॉट ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर आ गईं।

## RR का मुकाबला संघर्षरत लखनऊ से

**लखनऊ, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2026 के इस जरूरी मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगी, और यह सही भी है। उनका क्रिकेट फीयरलेस यंग बैटिंग और एक बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक से चला है, जिसने अक्सर अच्छा परफॉर्म किया है।

दूसरी ओर, लखनऊ अपने होम ग्राउंड पर काफी प्रेशर में लौटा, लगातार निराशाजनक नतीजों के बाद रिदम और कंसिस्टेंसी की तलाश में। यह मुकाबला, कई मायनों में, स्टाइल में एक क्लासिक कंट्रास्ट है। एक तरफ राजस्थान का फीयरलेस यूथ-ड्रिवन अप्रोच है, और दूसरी तरफ लखनऊ, जो अपने सीजन को होम ग्राउंड पर और गहरे



संकट में जाने से रोकने की बहुत कोशिश कर रहा है। लखनऊ ने अब तक 6 मैचों में से सिर्फ 2 जीते हैं, और वे अभी तीन मैचों में हार का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। हालांकि कुछ इंडिविजुअल पल क्वालिटी के रहे हैं, लेकिन वे एक यूनिट के तौर पर पूरा परफॉर्मेंस नहीं दे पाए हैं। यही उनकी सबसे बड़ी चिंता रही है। वहीं, राजस्थान ने 6 मैचों में से 4 जीते हैं। भले ही उन्हें हाल ही में कुछ झटके लगे हों, लेकिन इस मैच में उनका ओवरऑल स्ट्रक्चर, बैलेंस और फॉर्म अभी भी अपने अपोनेंट्स से ज्यादा मजबूत दिख रहा है। लखनऊ के लिए, बैटिंग यूनिट सबसे बड़ी चिंता का विाय रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्करम ने अच्छी शुरुआत दी है, लेकिन उस शुरुआत को बड़े, मैच जिताने वाले योगदान में नहीं बदला है।

निकोलस पूरन एक मुश्किल सीजन से गुजर रहे हैं, मिडिल ऑर्डर में टाइमिग और कंसिस्टेंसी के लिए संर्घा कर रहे हैं। कप्तान, ऋाभ पंत ने कुछ असरदार कैमियो के साथ इरादा दिखाया है, लेकिन एक कमांडिग पारी जो सच में टीम को संभाले, इस सीजन में अभी तक नहीं आई है।

मुकुल चौधरी और अब्दुल समद ने कभी-कभी योगदान दिया है, लेकिन उनमें भी कंसिस्टेंसी की कमी रही है। बॉलिंग डिपार्टमेंट में, मोहम्मद शमी अभी तक अपनी बेस्ट रिदम में नहीं आए हैं, जबकि आवेश खान इनकंसिस्टेंट रहे हैं। मणिमारन सिद्धार्थ और दिग्वेश राठी ने टुकड़ों में योगदान दिया है। हालांकि, प्रिंस यादव कंट्रोल और समय पर ब्रेकथ्रू के साथ सबसे अच्छे परफॉर्मर रहे हैं।

बैटिंग में और गहराई लाने के लिए आयु बदोनी एक जरूरी ऑप्शन बने हुए हैं। इस बीच, राजस्थान को उनके टॉप ऑर्डर से अच्छा फायदा हुआ है। वैभव सूर्यवंशी एक असली ब्रेकआउट स्टार के तौर पर उभरे हैं, जो पूरी आजादी और अटैकिंग इरादे से खेल रहे हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल ने टॉप पर स्थिरता और मैच्योरिटी दी है। ध्रुव जुरेल नम्बर तीन की भूमिका में अच्छी तरह से जम गए हैं।

## बुमराह ने पहला ओवर फेंककर मुंबई में 'विश्वास जगाया'

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) को हराने से पहले मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2026 के जो पांच मैच खेले थे, उनमें उनके पहले ओवर दीपक चाहर (तीन बार) और ट्रेंट बोल्ट (दो बार) ने फेंके थे। एमआई ने उनमें से सिर्फ एक गेम जीता था और जसप्रीत बुमराह के नाम एक भी विकेट नहीं था। जिन तीन मौकों पर चाहर ने बॉलिंग की शुरुआत की थी,

उनमें बुमराह ने दूसरा ओवर फेंका था - और बाकी मौकों पर पांचवां और चौथा। अगर आप दूसरा ओवर नीचे भेजते हैं, तो आपको लगेगा कि यह अभी भी बॉलिंग की शुरुआत है, लेकिन आजकल टी-20 में ओवर अलग तरह से होते हैं। दूसरा ओवर पहले ओवर से काफी अलग होता है। यही बुमराह ने जीटी के खिलाफ किया, और बस! पहला विकेट।



बी साई सुदर्शन का। उनकी पहली ही गेंद पर। फाफ डू प्लेसिस के लिए यह मजाक करने के लिए काफी है: आपको लगता है कि यह अब बाकी मैचों में बार-बार होने वाली बात होगी। अभिनव मुकुंद ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट शो पर कहा कि (अगर बुमराह पहला ओवर फेंकते हैं) तो आप तीन दूसरे पेस-बॉलिंग ऑप्शन के साथ, पावरप्ले स्पेशलिस्ट को रखने का जोखिम उठा सकते हैं। उन्होंने बोल्ट को ट्राई किया। उन्होंने चाहर को ट्राई किया। और 2022 के बाद पहली बार, जसप्रीत बुमराह को पहला ओवर फेंकने को मिला, और तब नहीं जब टीमें बिना किसी नुकसान के 40, बिना किसी नुकसान के 50, बिना किसी नुकसान के 60 रन पर हों। पूरे सीजन में (दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ को छोड़कर) हर बार जब वह बॉलिंग करने आए हैं, तो कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस मौके पर, यह 0 पर 0 था, वह अंदर आते हैं, और फिर अचानक वह स्ट्राइक करते हैं और आप एक अंतर देखते हैं। मैं यह नहीं कह रहा कि पहले ओवर का विकेट गेम का टर्निंग पॉइंट था, लेकिन मैं बस यह कह रहा हूं कि गुजरात टाइटन्स जैसी टीम के खिलाफ ऐसा करना, जो बीच के ओवरों में स्पिन के खिलाफ इतनी अच्छी नहीं है - इसलिए आपने दो स्पिनरों के साथ जाने का फैसला किया - इस गेम के लिए एक तरह से फायदेमंद रहा।

## आयुष म्हात्रे आईपीएल से बाहर

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किग्स को मंगलवार (21 अप्रैल) को बड़ा झटका लगा जब आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए।

सीएसके ने कन्फर्म किया है कि 18 साल के इस खिलाड़ी की चोट के लिए 6-12 हफ्ते के रिहैबिलिटेशन पीरियड की जरूरत होगी, जिससे वह कॉम्पिटिशन से बाहर हो गए हैं। 18 अप्रैल को हैदराबाद में एसआरएच के खिलाफ बैटिंग करते समय दूसरा रन लेने की को. शिश में इस युवा खिलाड़ी को अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी हुई देखी गई। आउट होने से पहले उन्हें मैदान पर कुछ बार ध्यान देने की जरूरत पड़ी, और वापस आते समय, रामकृण घो और फिजियो टॉमी सिमसेक ने उन्हें मैदान से बाहर जाने में मदद की। इसके बाद सोमवार को बैटर का स्कैन हुआ ताकि यह पता चल सके कि उसकी चोट कितनी गंभीर है।



म्हात्रे की गैरमौजूदगी में सीएसके की संभावनाओं को बहुत नुकसान होगा क्योंकि पांच बार की चैंपियन टीम पहले से ही टूर्नामेंट में लय हासिल करने के लिए संर्घा कर रही है। अपने पहले तीन गेम हारने के बाद, सीएसके ने अगले दो गेम जीते और हाल ही में हैदराबाद में हार गई। म्हात्रे अब तक 177-87 के शानदार स्ट्राइक रेट से उनके टॉप स्कोरर रहे हैं। सीएसके को कुछ दिन पहले ही एक झटका लगा था जब सीमर खलील अहमद टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाथन एलिस को भी चोट के कारण खो दिया था और डेवाल्ड ब्रेविस भी शुरुआती गेम में नहीं खेले थे। अनुभवी एमएस धोनी अभी तक खेलने के लिए उपलब्ध नहीं हैं और अब उनकी फिटनेस के आधार पर वे प्लेइंग एक्सआइआइ में आने के दावेदारों में से एक होंगे।

## अल्काराज, सबालेंका ने लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स में टॉप अवॉर्ड जीते

**मैड्रिड, वार्ता।** स्पेनिश टेनिस प्लेयर कार्लोस अल्काराज को सोमवार रात 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स में वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया। अल्काराज ने साइकिलिस्ट तादेज पोगाकर, जिन्होंने 2025 में अपना चौथा टूर डी फ्रांस जीता था, और कई दूसरी रेस जीती थीं,

और अपने मुख्य टेनिस राइवल, जानिक सिनर जैसे कैंडिडेट्स को हराया। टेनिस को एक और कामयाबी तब मिली जब आर्यना सबालेंका को वर्ल्ड स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर चुना गया। उन्होंने कहा, इस समय स्पोर्ट्स में बहुत सारी मजबूत, महान और इंस्पायरिग महिलाएं हैं, उन्होंने एक ऐसे कमरे में शुक्रिया अदा किया जहां 'बहुत सारे स्टार्स' थे। यह सेरेमनी लगातार दूसरे साल मैड्रिड में हुई, जिसमें टेनिस प्लेयर नोवाक जोकोविच और




चीनी फ्रीस्टाइल स्कीयर गु ऐलिंग प्रेजेंटिंग ड्यूटी पर थे। गु ने अपनी नई भूमिका की तुलना स्कीइंग से करते हुए कहा कि दोनों से उनके पेट में 'तितलियां' दौड़ जाती हैं। एफसी बार्सिलोना के स्पेन इंटरनेशनल खिलाड़ी लैमिन यामल को वर्ल्ड यंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर चुना गया, गु ने अपनी जीत का एक कारण यह बताया कि उनका 'पूरी पीढ़ी पर' असर पड़ा है। यामल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इससे मुझे आगे बढ़ने में मदद मिलेगी, क्योंकि अभी लंबा रास्ता तय करना है। एक और फुटबॉल जीत हुई जब यूरोपियन चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन को लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला।

## तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं: हार्दिक

**अहमदाबाद, वार्ता।** अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस (जीटी) पर मिली जीत को मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान हार्दिक पंड्या ने 'टीम के लिए बहुत जरूरी' बताया। हार्दिक ने गेंद से जॉस बटलर को आउट किया और इससे पहले तिलक वर्मा के साथ 81 रनों की साझेदारी भी की। इससे आईपीएल 2026 में उनके लगातार चार हार का सिलसिला भी टूट गया।

तिलक इस मैच के सबसे बड़े सितारे रहे। उनकी 45 गेंदों में नाबाद 101 रन की पारी ने एमआई को आखिरी चार ओवरों में 73 रन बनाने में मदद की और उन्होंने जीटी के सामने 200 रन का लक्ष्य रखा। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। हार्दिक ने मैच के बाद ब्रॉडकास्ट




पर बात करते हुए कहा कि तिलक के पास जितनी प्रतिभा है, उन्हें ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं उन्हें बस यही कहता रहा कि गेंद को देखो और मारो, क्योंकि मुझे सच में लगता है कि उनके बल्ले से गेंद जिस तरह निकलती है, वह बहुत खास है। समय आ गया था कि वह आकर प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि मैं डगआउट में इतना जोर से चिल्लाया कि मुझे थोड़ा चक्कर आ गया। लेकिन यह टीम के लिए जरूरी था, तिलक के लिए जरूरी था, मुंबई इंडियंस के लिए जरूरी था। एक कप्तान के तौर पर भी मुझे उस तरह की ऊर्जा चाहिए थी ताकि चीजें बदली जा सकें। इन शानदार शॉट्स के बाद, अब बारी थी जसप्रीत बुमराह की। उन्होंने 2022 के बाद पहली बार आईपीएल में गेंदबाजी की शुरुआत की और पहली ही गेंद पर बी साई सुदर्शन को आउट कर दिया।हार्दिक ने कहा कि जसप्रीत बुमराह इतने खास हैं कि आप उन्हें वहीं इस्तेमाल करते हैं, जहां टीम को उनकी जरूरत है। आज हमने सोचा कि नई गेंद से असर डालना है और उनसे बेहतर कोई नहीं है। बुमराह शायद ही कभी पहला ओवर डालते हैं। यह 151 आईपीएल मैचों में सातवीं और कुल मिलाकर 276 टी-20 मैचों में 16वीं बार था, जब उन्होंने ऐसा किया। उन्होंने गेंदबाजी की शुरुआत इसलिए की क्योंकि एमआई नई गेंद से असर डालना चाहती थी।

# भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति की सड़क हादसे में मौत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रुखह्सत हुआ तो आँख मिला कर नहीं गया, वो क्यूँ गया है ये भी बता कर नहीं गया, वो यूँ गया कि बाद-ए-सबा याद आ गई, एहसास तक भी हम को दिला कर नहीं गया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति की सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई शाम को उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर निवासी राजपाल सिंह प्रजापति अपने मृदुल व्यवहार के लिए जाने जाते थे उन्होंने दो बार कांठ नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव भी लड़ा लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें काठ मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जिसे उन्होंने बखूबी निभाया राजपाल सिंह प्रजापति ने प्रजापति समाज के साथ-साथ किसी भी पीड़ित व्यक्ति को निराश नहीं होने दिया और वह उनकी हर परेशानी में हर समय साथ खड़े दिखाई दिए, मामला थाना स्तर का हो या तहसील स्तर का जितनी मदद वह कर सकते थे उन्होंने लोगों की



उतनी मदद करने का काम किया और सबसे बड़ी बात तो यह थी कि उन्होंने प्रजापति समाज को एक सूत्र में बांधकर रखा। बताया गया कि सोमवार की रात को उनके भांजे की शादी थी और मंगलवार की सुबह को बारात विदाई के बाद वह अपने बहनोई और भांजे के साथ घर के लिए गाड़ी से निकले गाड़ी उनका भांजा चल रहा था लेकिन अचानक स्कूटी सामने आने के कारण चालक ने गाड़ी के ब्रेक लगा दिए जिससे गाड़ी में अंदर रखी चौकी उछलकर राजपाल सिंह प्रजापति के सर में लग गई और उनका सर फट गया। रिश्तेदार उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई मौत का समाचार नगर में आया तो शोक की लहर दौड़ गई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियो का दिन भर उनके आवास पर अंतिम दर्शनों के लिए तांता लगा रहा शाम को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रजा. पति अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। लेकिन उनके निधन से भारतीय जनता पार्टी को जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई होना मुश्किल है।

# अरुण की मौत खींच लायी चन्दौसी

**चन्दौसी।** जब व्यक्ति के साथ अमंगल होने को होता है तो सारी परिस्थितियां भी वैसी ही बन जाती हैं। सोमवार को आटा गांव के पास हुई कार-बाइक की भिडंत में बाइक सवार सहित कार चालक अरुण शर्मा उर्फ भोला पुत्र स्व0 भुवनेश शर्मा नि0 गोलागंज बहजोई की मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, अरुण की शादी हो चुकी है पर पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी मायके में रह रही थी जिससे अरुण परेशान रहता था। हालांकि मृतक पैथालॉजी लैब चलाकर परिवार का भरण पोषण कर रहा था लेकिन एक लत ने सारा खेल बिगाड़ दिया, वह शराब पीने का आदी था। घटना वाले दिन अरुण ने अपनी बुलेट मोटरसाईकिल अपने दोस्त अनिकेत के यहां रख दी और उसकी कार एवं ड्राईविंग लाइसेंस ले लिया और अल्लेपुर थाना इस्लामनगर जिला बदायूं के रहने वाले दोस्तों ललतेश पुत्र प्रेमपाल, हिमांशु पुत्र सोमेश व ऋतिक को साथ ले लिया। फिर एक होटल पर खाना खाया। शराब के नशे में चारों कार लेकर घर के लिए चले। कार अरुण शर्मा चला रहा था जिसके गले में चांदी की



मृतक अरुण। फाइल फोटो

चैन भी थी। चालक के बराबर वाली सीट पर ऋतिक बैठा थ। कार जैसे ही आटा गांव के पास पहुंची तो रफ्तार तेज होने के कारण कार पहले बाइक से टकराई जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं कार अनियंत्रित होकर पेड़ टकरा गई और सीएनजी होने के कारण किसी तरह कार ने आग पकड़ ली और कुछ ही क्षणों में कार में भीषण आग लग गई और अरुण शर्मा कार से बाहर नहीं निकल पाया जिस कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। कार के पास उपले के बीटोड़े ने भी आग पकड़ ली। मौके पर फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग बुझाई। परिवार वाले ने चांदी की चौन से अपने बेटे की शिनाख्त की। जानकारी के अनुसार, लगभग 16 वर्ष पूर्व अरुण के पिता कीी मौत रोडवेज बस की टक्कर लगने से भकरौली के पास हुई थी। अब बेटे की भी सड़क हादसे में जान गई है।

## हरिहर मंदिर/जामा मस्जिद विवाद में आज होगी सुनवाई

**चन्दौसी।** हरिहर मंदिर/शाही जामा मस्जिद संभल विवाद को लेकर जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में मंगलवार को सुनवाई प्रस्तावित है। यह मामला पिछले वर्ष 24 नवंबर 2024 को सर्वे के दौरान हुए विवाद के बाद से चर्चा में है। हिंदू पक्षकार विवादित स्थल को हरिहर मंदिर बताते हैं, जबकि मुस्लिम पक्ष का कहना है कि उक्त स्थल पर पूर्व से ही मस्जिद मौजूद है।

मामले की सुनवाई सिविल जज ( सीडी ) आदित्य कुमार की अदालत में होनी है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता रामबाबू शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मुस्लिम पक्ष की ओर से पैरवी सकील वारसी एड0 द्वारा की जायेगी।

## पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र में मंगलवार तड़के हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम फरीदपुर खास निवासी बंटी पुत्र अतरसिंह अपनी बाइक ( यूपी 21 आर 0394 ) से मुरादाबाद स्थित विश्वकर्मा धर्मकांटा रोड की ओर जा रहा था। सुबह करीब 5:30 बजे रास्ते में एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस के अनुसार चालक की पहचान चंद्रपाल पुत्र मुरारीलाल शर्मा निवासी हाथरस के रूप में हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बिलारी समाचार

### रेलवे फाटक का बूम टूटने से लगा जाम वाहन चालक हुए परेशान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रेलवे फाटक का बूम टूटने से आज जाम लग गया जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। सर्व विदित है कि रेलवे फाटक 433 बी पर जाम लगना तो रोजाना की ही बात है लेकिन किसी दिन फाटक में आई खराबी के कारण यह जाम बड़ा हो जाता है।

आज किसी वाहन की टक्कर से रेलवे फाटक 433 बी का बूम टूट गया जिसको मरम्मत करने में विभाग को घंटो लग गए इस बीच दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई और जब तक बूम बदला गया तब तक वाहनों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। जिन्हें रास्ते मालूम थे वह तो बैकल्पिक रास्तों से निकल गए लेकिन जो बाहर के लोग थे उन्हें घंटो तक जाम का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों को भी आज लगे जाम के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ी है।

### हाजियों का जत्था खुशी और भावुक माहौल के बीच हुआ रवाना

**कुंदरकी।** नगर कुंदरकी से इस साल हज के सफर पर जाने वाले हाजियों का जत्था आज खुशी और भावुक माहौल के बीच रवाना हुआ। इस मौके पर परिजनों, दोस्तों और स्थानीय लोगों ने हाजियों को





फूल-मालाएं पहनाकर और दुआओं के साथ विदा किया। रवानगी से पहले हाजियों ने अल्लाह से अपने सफर की कामयाबी और सलामती की दुआ मांगी। पूरे माहौल में "लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक" की सदाएं गूं. जती रहीं। हाजी पवित्र स्थान काबा की जियारत के लिए रवाना हुए, जिसे हर मुसलमान अपनी जिंदगी का अहम मकसद मानता है।

### अक्षय तृतीया पर श्रीमदनमोहन महाराज की प्रतिमा स्थापना





**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट स्थित नया मंदिर, जो श्रीमदन मोहन महाराज के प्राचीन मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है, में हाल ही में नई प्रतिमा की स्थापना की गई। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर बाबू ब्रजकिशोर परिवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ व विशेष पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से प्रतिमा स्थापित की गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रहीं, जिन्होंने ढोलक और मंजीरों की थाप पर भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के उपरांत श्रीमदनमोहन महाराज को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में राजकिशोर, प्रेम किशोर, नेम किशोर, गिर्राज किशोर, कमल किशोर, ललित किशोर, प्रभात किशोर सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद में प्रांतीय मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी तीसरी बार संभालेंगे सुदेश विश्नोई

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारत विकास परिषद् रुहेलखंड पश्चिम (विकास रत्न) प्रांत की प्रांतीय कार्यकारिणी 2026-27 के लिए



गठन किया गया है प्रांत स्तर पर विभिन्न दायित्व दिए गए हैंस प्रांतीय संयोजक गुरू वन्दन छात्र अभिनन्दन एस०के० दीक्षित, प्रांतीय संयोजक समूह गान दुर्गा टण्डन, प्रांतीय संयोजक, भारत को जानो, दीपक पुंडीर,प्रा० संयो० एकाउंट वित्त एवं ऑडिट सी०ए० सजल अग्रवाल, बलिदान दिवस प्रा० संयो० गुरू तेग बहादुर सरदार गुरुप्रीत सिंह,निजी युवा भागीदारी अमित चावला,प्रा० संयो० सूरज प्रकाश जयन्ती उमेश कुमार रस्तोगी,प्रा० संयो० सांस्कृतिक 8. कार्यक्रम व संस्कृत सप्ताह अमित गुप्ता, प्रा० संयो० दिव्यांग सहायता अजय चर्तुवेदी,प्रा० संयो० स्वास्थ्य चिकित्सा एवं नेत्रदान डा० मनोज अग्रवाल,निजी रक्तदान प्रभारी बनवारी लाल तोदी, प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश विश्नोई, प्रा० संयो० सामूहिक सरल विवाह अनीता वैश्य,निजी चिकित्सा शिविर प्रभारी क्षमा गोयल,प्राइवेट एसोसिएशन का स्थापना दिवस प्रभारी संजीव आकाँक्षी, प्रा० संयो० पर्यावरण जल संरक्षण अशोक विश्नोई, प्रा० संयो० स्पोर्ट्स प्रलभ अग्रवाल, प्रा० संयो० स्थाई प्रकल्प अंकित अग्रवाल, प्रा० संयो० कॉर्पस फंड नमन जैन,प्रा० संयो० बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ वर्षा अग्रवाल,प्रा० सह संयो० मीडिया प्रभारी डा० आनन्द सिंह को बनाया गया है।

## ब्लड डोनेशन कैम्प के सराहनीय कार्य के लिए सीएमएस ने प्रदीप सक्सेना एडवोकेट को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर एक



बार फिर समाज सेवा की मिसाल बन गया। इस शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्र कर जरूरतमंद मरीजों, विशेष रूप से थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए उपलब्ध कराया गया। ट्रस्ट के इस सराहनीय कार्य के लिए ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना, एडवोकेट को जिला चिकित्सालय की सीएमएस एवं मंडलीय अपर निद. ेशक डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ. संगीता गुप्ता ने कहा कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, ऐसे में इस तरह के शिविर बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ट्रस्ट के निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि संस्था अब तक करीब 90 यूनिट रक्त जिला अस्पताल को समर्पित कर चुकी है, जो एक सराहनीय उपलब्धि है।प्रदीप सक्सेना ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ व अन्य गणमान्य लोगों ने ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्य जारी रखने की उम्मीद जताई।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में महिलाओं के लिए हुआ 'निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर' का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत हुआ गर्ल्स हेल्थ क्लब की ओर से ''निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर'' का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व. विद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने शिविर के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्र के विकास में महिलाओं की विशेष भूमिका है, इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। अमरोहा की राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविता मुदगिल की देख-रेख में शिविर का संचालन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं और बालिकाएं झिझकता के कारण अपने मन की बातें खुल कर नहीं





कह पाने के कारण वे चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं तथा इस तरह के शिविरों के माध्यम से ऐसी अनेक महिलाओं और बालिकाओं को निश्चित तौर पर लाभ मिलता है। डॉ. मुदगिल ने बताया शिविर में स्वास्थ्य जांच के अलावा उन्हें औषधियां और आवश्यक परामर्श भी दिए गए, जो कि पूर्णतया निःशुल्क रहे। उन्होंने यह भी बताया कि कि महिलाओं और छात्राओं ने शिविर में विशेष रुचि दिखाई। इस मौके पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका व गर्ल्स हेल्थ क्लब की अध्यक्षा डॉ. निशा अग्रवाल ने डॉ. मुदगिल को बुके और प्रतीक- चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। डॉ. अग्रवाल ने शिविर में आई सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस शिविर में 60 से अधिक शिक्षिकाओं, महिलाओं और छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर के सफल आयोजन में फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. सारिका दुबे, डॉ शेफाली अग्रवाल समेत डिस्पेंसरी के डॉ. अनीस एवं श्री गो. विंद की विशेष भूमिका रही।

## जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में एबीसी किड्ज के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**चन्दौसी।** एबीसी किड्ज मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम



रोशन किया। प्रतियोगिता 19 अप्रैल 2026 को मुरादाबाद के एस.एस. चिल्ड्रेन एकेडमी, कांठ रोड पर आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। चन्दौसी से 14 प्रतिभागियों की टीम शामिल हुई, जिनमें 11 बच्चे एबीसी किड्ज स्कूल के थे। प्रतियोगिता में बच्चों ने संतुलन, गति और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसमें आर्यन सांगवान ने प्रथम, ऐश चौधरी ने द्वितीय तथा अनाश्वी अग्रवाल, मयेशा वार्ष्णेय व सांची अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने सम्मानित किया। इस सफलता में कोच हर्ष राणा के मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संभल के युवक की विद्युत करंट लगने से मध्य प्रदेश में हुई मौत

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ निवासी युवक प्रमोद फूलमाली ( 19 वर्ष ) की मध्य प्रदेश के उरई में टेंट का कार्य



करते समय बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। ठेकेदार द्वारा युवक प्रमोद पुत्र रामौतार फूलमाली की मौत की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। प्रमोद अपने तीन भाइयों में विजयपाल व अशोक से छोटा था तथा तीन बहनें हैं। मां प्रेमवती पिता रामौतार पुत्र की मौत की खबर मिलते से बहुत दुखी है। बड़े भाई विजय पाल ने बताया कि झांसी के पास उरई में टैंट में साज सज्जा का कार्य करता था। मंगलवार को ठेकेदार द्वारा बिजली का करंट लगने से मौत होने की सूचना दी गई। शव को ठेकेदार द्वारा ही बुधवार तक लाने की बात कही गई है।

### 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक नोडल अधिकारी/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश संभल, अवधेश कुमार सिंह के विश्राम कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण शीघ्र, सुलभ और सौहार्दपूर्ण तरीके से किया जाए। अधिकारियों को बताया गया कि लोक अदालत में समझौते के आधार पर निपटाए गए मामलों में कोई अदालती शुल्क नहीं लिया जाएगा, जिससे पक्षकारों को त्वरित राहत मिलेगी। विशेष रूप से लंबित ऋण वसूली के मामलों को अधिक संख्या में लोक अदालत में प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया, ताकि आपसी सहमति से उनका समाधान हो सके।

### आदि गुरु शंकराचार्य व सूरदास जयंती धूमधाम से मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में गुरु शंक. राचार्य व महाकवि सूरदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन व पूजन से किया। अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि ने शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत, चार मठों की स्थापना और सनातन संस्कृति में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही सूरदास को भक्ति काल के प्रमुख कवि बताते हुए उनके कृष्ण भक्ति पदों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय और बीएसई द्वारा 'वित्तीय साक्षरता' विषय पर क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता सेमिनार का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसबीएम), इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) सेल और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सहयोग से ''वित्तीय साक्षरता'' विषय पर एक क्षेत्रीय निवेशक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने इस बेहतरीन पहल की सराहना करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि युवाओं को वास्तविक दुनिया की वित्तीय समझ और कौशल से परिपूर्ण करने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत के बीच इस प्रकार के सहयोगात्मक कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस ज्ञानवर्धक सेमिनार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के वरिष्ठ कार्यकारी श्री प्रशांत कुमार दीक्षित ने मुख्य वक्ता के रूप में रहे। उन्होंने वित्तीय



बाजारों की जटिलताओं को अत्यंत सरल शब्दों में समझाते हुए धन सृजन, जोखिम प्रबंधन और व्यक्तिगत वित्तीय योजना के लिए आवश्यक रणनीतियों को साझा किया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आज के तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य में, सोच-समझकर और सुरक्षित निवेश करने के लिए वित्तीय साक्षरता केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक बुनियादी आवश्यकता है। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री दीक्षित ने स्पष्ट किया कि एक संपूर्ण व्यावसायिक शिक्षा के लिए वित्तीय बाजारों और निवेश रणनीतियों का व्यावहारिक ज्ञान होना नितांत आवश्यक है।

इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इनोवेशन और उद्यमिता की सफलता के लिए वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान होना अनिवार्य है।

जब छात्र वित्तीय रूप से साक्षर होते हैं, तभी वे अपने नवीन विचारों को एक स्थायी और सफल व्यावसायिक मॉडल में बदलने में सक्षम होते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कॉर्पोरेट जगत में कदम रखने वाले युवाओं के लिए केवल पेशेवर कौशल ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन की समझ उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र और भविष्य के प्रति सुरक्षित बनाती है। इस तरह के सेमिनार विद्यार्थियों के समग्र विकास और कॅरियर प्लानिंग में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. यादव, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, सीनियर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल के अलावा एसबीएम के शिक्षकों डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. आरती गर्ग, डॉ. संजय कुमार सिंह, श्री अक्षय शर्मा, डॉ. अर्चना, सुश्री नम्रता श्रीवास्तव एवं डॉ. चारू दत्ता की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रतिभागियों ने भविष्य में अपनी वित्तीय योजनाएं आत्मविश्वास के साथ बनाने और सही निवेश करने का संकल्प लिया। सेमिनार के दौरान विभिन्न स्कूलों के निदेशक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, शिक्षकों के अलावा 130 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# वार्ता पर संशय खत्म

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की शांति वार्ता फेल होने के बाद दोनों देशों के बीच तनातनी और बढ़ गई है, लेकिन इस बीच अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अगले दो दिनों में ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत हो सकती है और इन वार्ताओं के लिए पाकिस्तान फिर से संभावित स्थान हो सकता है। ट्रम्प के दावों के बीच अमेरिका मीडिया ने दावा किया है कि जेडी बैंस अभी अमेरिका में ही हैं और उनका पाकिस्तान जाना संभव नहीं है। पहले दौर की वार्ता के बाद जेडी बैंस अमेरिका लौट गए थे और उन्होंने कहा था कि युद्ध की धमकी के बाद फिर से वार्ता करने का कोई मतलब नहीं है। जिस यूरेनियम को लेकर अमेरिका भड़का और उसने इजरायल को ईरान से युद्ध के लिए भड़काया, अब वही अमेरिका वार्ता का दबाव बना रहा है, हालांकि ईरान ने साफ कर िदया है कि जब तक अमेरिका उसकी बात नहीं मानता, तब तक वार्ता का कोई औचित्य नहीं है। ईरान का यह कहना था कि अमेरिका पहले होर्मुज से अपनी नाकाबंदी हटाए, तभी वार्ता संभव है। इसी से समझ में आता है कि न तो अमेरिका ने नाकाबंदी हटाई है और न ही ईरान वार्ता के लिए तैयार है। हालांकि अमेरिका और ईरान दोनों देशों को होर्मुज से अपनी-अपनी दावेदारी हटा देनी चाहिए, क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता को लेकर भारी सस्पेंस बना हुआ है और तनाव बढ़ गया है। 21 अप्रैल 2026 तक की स्थिति के अनुसार ईरान ने अमे. रिका के साथ दूसरे दौर की बातचीत से इन्कार कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर संघर्षविराम के उल्लंघन का आरोप लगाया है। पाकिस्तान में मध्यस्थों के माध्यम से बातचीत की कोशिशें हो रही थीं, लेकिन ईरान ने इसे ठुकरा दिया। 22 अप्रैल 2026 को समाप्त होने वाले दो सप्ताह के नाजुक सीजफायर पर अब बड़ा खतरा मंडरा रहा है। वार्ता में मुख्य अड़ंगा यूरेनियम एनरिचमेंट को लेकर है। अमेरिका चाहता है कि ईरान यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद करे, जबकि ईरान ने 5 साल तक रोकने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अमेरिका ने ठुकराकर 20 साल तक रोकने की मांग की है। ईरान ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों को समुद्री डकैती करार दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी जहाजों को रोकने के जवाब में जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे पहले इस्लामाबाद में हुई लंबी वार्ता किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी थी, क्योंकि परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों में राहत जैसे मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई थी। वर्तमान में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने के बजाय और गहरा गया है।

## संसद की गरिमा आहत हुई



राष्ट्र संबोधन में पीएम ने सांसदों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे संसद की गरिमा आहत हुई, यह लो. कतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है, खासकर 131वें संविधान संशोधन बिल पर चर्चा के बाद, यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि संसद और लोकतंत्र की गरिमा से जुड़ा मुद्दा है, लोकसभा अध्यक्ष मामले में तुरंत कार्रवाई करें, सांसदों के अधिकारों की रक्षा और संसद की गरिमा बनाए रखना जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो, यह संबोधन पहले से तय परंपराओं के खिलाफ था और इसमें विपक्ष पर कई राजनीतिक हमले किए गए।

**-केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस सांसद**

# धधकती धरती : विकास की अंधी दौड़ या विनाश का काउंटडाउन



योगेश कुमार गोयल



धरती आज केवल गर्म नहीं हो रही, वह मानो भीतर ही भीतर धधक रही है और यह आग प्राकृतिक नहीं, मानवीय लालसाओं की उपज है। हर साल 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला 'विश्व पृथ्वी दिवस' मानव सभ्यता के सामने खड़े उस गहन संकट की चेतावनी है, जिसे हमने स्वयं अपने हाथों से जन्म दिया है। विडंबना यह है कि जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक मंचों (दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन) में वर्षों से चिंतन, विमर्श और संकल्पों की पुनरावृत्ति होती रही है किन्तु धरातल पर परिवर्तन नगण्य है। विकास की परिभाषा जब केवल आर्थिक वृद्धि, उपभोग और संसाधनों के अधिकतम दोहन तक सीमित हो जाए तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ना अपरिहार्य हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में प्रकृति अपने विकराल रूप के माध्यम से लगातार संकेत दे रही है कि संतुलन की सीमा लांघी जा चुकी है। कहीं भीषण सूखा, कहीं अनियंत्रित वर्षा, कहीं असामान्य ठंड और कहीं प्रचंड गर्मी, मौसम अब अनुमान का विषय नहीं रहा। उत्तरी ध्रुव के तापमान में असामान्य वृद्धि और पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती गर्माहट इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करती है।

विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ए सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी।

यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं बल्कि उस असंतुलन की सजीव अभिव्यक्ति है, जिसे हमने तथाकथित विकास के नाम पर जन्म दिया है। वनों की अंधाधुंध कटाई ने न केवल जैव विविधता को संकट में डाला है बल्कि कार्बन संत. ुलन को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। सवाल है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल और डीजल आधारित ऊर्जा स्रोतों ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर इतना बढ़ा दिया है कि पृथ्वी की तापीय संत. ुलन प्रणाली चरमराने लगी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है।

धरती के बढ़ते तापमान का प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मानव अस्तित्व के लिए भी चुनौती बन चुका है। ध्रुवीय क्षेत्रों में तेजी से पिघलती बर्फ समुद्र के जलस्तर को बढ़ा रही है, जिससे विश्व के कई तटीय शहरों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। आने वाले दशकों में तापमान में संभावित 4-5 डिग्री की वृद्धि न केवल जंगलों में आग की घटनाओं को बढ़ाएगी बल्कि विशाल भूभाग को सूखे और मरुस्थलीकरण की ओर धकेल देगी। यह परिदृश्य कोई भविष्यवाणी नहीं बल्कि वर्तमान संकेतों का तार्किक विस्तार है। इस संकट के मूल में केवल औद्योगिक गतिविधियां ही नहीं, अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि और उपभोगवादी जीवनशैली भी प्रमुख कारण हैं। बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं ने प्राकृतिक संसाधनों पर असहनीय दबाव डाला है। पृथ्वी का क्षेत्रफल सीमित है लेकिन मानव की इच्छाएं असीमित। यही असंतुलन आज वैश्विक पर्यावरणीय संकट का मूल कारण बन चुका है। प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो पृथ्वी भविष्य में 'आग का गोला' बन सकती है, केवल एक वैज्ञानिक टिप्पणी नहीं बल्कि गंभीर भविष्यसूचक संकेत है।

अब प्रश्न यह नहीं कि संकट है या नहीं बल्कि यह है कि क्या हम इसे स्वीकार कर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने को तैयार हैं? पृथ्वी दिवस हमें केवल जागरूकता का संदेश नहीं देता बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी प्रदान करता है। आवश्यकता इस बात की है कि विकास की अवधारणा को पुनर्परिभाषित किया जाए, जहां आर्थिक उन्नति के साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी समान महत्व मिले। नवीकरणीय ऊर्जा, वनीकरण, जल संरक्षण और सतत विकास की नीतियां अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुकी हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियां हमें उस पीढ़ी के रूप में याद करेंगी, जिसने अपनी सुविधाओं के लिए पूरी पृथ्वी को संकट में डाल दिया। धरती हमारी विरासत नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों से लिया गया उधार है और इस उधार को सुरक्षित लौटाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# योग व आयुर्वेद से मधुमेह नियंत्रण पर लगी विज्ञान की मुहर

**अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फ्रंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है।**



आचार्य बालकृष्ण

डायबिटीज के इलाज को लेकर पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से किए गए शोध ने एक क्रांति को जन्म दिया है। जो वैश्विक स्तर पर लंबे समय से टाइप-1 डायबिटीज के मुख्य उपचार इंसुलिन थेरेपी को लेकर नजरिया बदलने को मजबूर कर देगा। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान फंटियर्स इन क्लिनिकल डायबिटीज एंड हेल्थकेयर शोध ने यह प्रमाणित किया है कि केवल इंसुलिन से नहीं बल्कि समग्र इलाज से ही मधुमेह को मात दी जा सकती है। जिसके लिए योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित आहार, जीवनशैली में सुधार तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अपनाना होगा। इसी अप्रैल माह में शोध को प्रकाशित किया गया है। शोध में यह भी साबित किया है कि योग-प्राणायाम आदि को अपनाने से मरीजों के शुगर नियंत्रण, तनाव स्तर और जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार देखा गया।

शोध अध्ययन में लगभग 612 शोध पत्रों का विश्लेषण किया गया। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने लीड किया है। इस शोध ने यह भी प्रमाणित किया है कि पतंजलि वेलनेस का वह मॉडल है, जिससे करोड़ों मरीज पहले से लाभ उठा रहे हैं और अब विज्ञान भी इसे सार्थक बता रहा है।

## शोध में चौंकाने वाले तथ्य

टाइप 1 डायबिटीज मेलिटस (टीवनडीएम) जिसे पहले जुवेनाइल डायबिटीज कहा जाता था, एक दीर्घकालिक जीवनशैली संबंधी रोग है। इसमें अग्न्याशय (पैंक्रियाज) की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं का नाश हो जाता है, जिससे शरीर में इंसुलिन की पूर्ण कमी हो जाती है और रक्त शर्करा (ब्लड ग्लूकोज) का स्तर अनियंत्रित हो जाता है। कुछ मामलों में अग्न्याशय से संबंधित ऑटोएंटीबॉडी कम मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इसे इडियोपैथिक T1b डायबिटीज भी कहा जाता है। विश्व में हर पांच में से एक बच्चा, जिसे टीवनडीएम होता है, भारतीय मूल का होता है। यह रोग आमतौर पर बचपन या किशोरावस्था में शुरू होता है, लेकिन वयस्कों में भी हो सकता है, जहां इसके लक्षण धीरे-धीरे और हल्के होते हैं। हर साल लगभग 65,000 बच्चों में इसका निदान होता है और इसकी दर हर साल लगभग 3 प्रतिशत बढ़ रही है।

## शोध को चार मुख्य विषयों में बांटा

शोध को मजबूत मानकों पर जांचा गया। शोध का निष्कर्ष निकालने से पहले उसे चार मानकों पर कसा गया। इसमें क्लिनिकल उपचार, योग और वैकल्पिक चिकित्सा, आयुर्वेद और भारत केन्द्रित दृष्टिकोण और व्यायाम और ग्लूकोज नियंत्रण।

## रिसर्च में इनका विशेष योगदान

इस शोध में पतंजलि हर्बल रिसर्च डिवीजन, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन, हरिद्वार, उत्तराखंड, डिपार्टमेंट ऑफ एलाइड एंड एप्लाइड साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पतंजलि, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के वैज्ञानिक जया उप्रेती, मुस्कान चौहान, मयूर चौहान, प्रशांत कटियार, अनुराग डाबस और वेद प्रिया आर्य का विशेष योगदान रहा। इस शोध को पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में किया गया। उनकी भूमिका इसमें सबसे अहम रही।

**कोट**- टाइप वन मधुमेह पर आई नई रिसर्च ने यह साबित कर दिया है कि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी जैसी इंट्रीग्रेटेड थरेपी मरीजों के लिए बेहद मददगार है। पतंजलि के वैज्ञानिकों ने इस ओर बड़ा पुरुषार्थ किया है। इतना ही नहीं एकीकृत इलाज से स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर दिखा है। अब दुनिया भर में इस विषय पर शोध तेजी से बढ़ रही है और भारत ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। पतंजलि योग, आयुर्वेद और नेचरोपैथी के जरिए मधुमेह सहित कई जटिल और असाध्य रोगों को लगातार अपने वैज्ञानिक और साक्ष्य आधारित प्रमाणों के साथ शोध कर रहा है।

**( लेखक पतंजलि योगपीठ के महामंत्री हैं )**

# दुनिया के 15 सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल जहां कर सकते हैं एंजॉय

दुनिया भर में प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरो. हरों से भरपूर अनगिनत स्थल हैं, जो यात्रा प्रेमियों के दिलों को आकर्षित करते हैं। इन स्थानों पर यात्रा करने से न केवल आत्मा को शांति मिलती है, बल्कि ये स्थान हमें प्रकृति की सुंदरता और मानव सभ्यता के अद्भुत रचनात्मकता का भी अहसास कराते हैं। इस लेख में हम दुनिया के उन 15 सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थलों के बारे में बात करेंगे, जो अपने आकर्षण, सांस्कृतिक धरोहर, और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं।

**स्विट्जरलैंड - ज्यूरिक और इंटरलाकेन**

स्विट्जरलैंड, दुनिया के सबसे खूबसूरत देशों में से एक है, जहां बर्फ से ढके पहाड़, हरियाली से भरपूर घाटियां, और झीलों की सुंदरता पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं। विशेष रूप से इंटरलाकेन और ज्यूरिक शहरों को स्विट्जरलैंड के पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिली है। इंटरलाकेन, दो झीलों के बीच स्थित है, और यह पर्वतारोहण, ट्रैकिंग, और पैराग्लाइडिंग के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, ज्यूरिक एक ऐतिहा. सिक शहर है, जहां आपको मध्यकालीन इमारतें और आधु. निक वास्तुकला का शानदार मिश्रण देखने को मिलता है।

**मालदीव**

मालदीव का नाम आते ही हमारे दिमाग में एक तस्वीर बनती है नीले पानी में लहराते सफेद रेतीले किनारे, लक्जरी रिसॉर्ट्स और शानदार समुद्र तट। यह द्वीपसमूह अपने खूबसूरत समुद्र तटों, शान्त वातावरण, और शानदार रिसॉर्ट्स के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यदि आप एक ऐसी जगह की तलाश में हैं जहां आप समुद्र के नीले पानी में तैर सकें और समुद्र के नीचे की जादुई दुनिया का अनुभव कर सकें, तो मालदीव एक आदर्श गंतव्य है।

**पेरू - माचू पिचू**

माचू पिचू, पेरू के एंडीज पर्वतों में स्थित एक प्राचीन इंका शहर है, जो अब विश्व धरोहर स्थल के रूप में UNESCO द्वारा मान्यता प्राप्त है। यह स्थल एक असाधारण पुरातात्विक धरोहर है, जो न केवल अपनी वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां की भव्यता और शांति भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। माचू पिचू को देखने के लिए यात्रा करना एक अद्वितीय अनुभव है। यहां से दृश्य अद्भुत होते हैं, और यहां का वातावरण यात्रियों को प्राचीन काल में खो जाने का अहसास कराता है।

**फ्रांस - पेरिस**

पेरिस, जिसे श्रोमांस और संस्कृति की राजधानीश भी कहा जाता है, दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। पेरिस का सबसे प्रसिद्ध स्थल एपर्मिस ज्वूमत है, जो न केवल एक विश्व धरोहर है, बल्कि एक प्रतीक है जो पेरिस की खूबसूरती और भव्यता को दर्शाता है। यहां के ऐतिहासिक संग्रहालय, जैसे लूव्र म्यूजियम, सांसी-लॉरेन, और नोट्रे डेम कैथेड्रल पर्यटकों के लिए खास आकर्षण हैं। पेरिस की सड़कों पर चलना, यहां के कैफे में बैठना, और फेंच व्यंजनों का स्वाद लेना किसी भी यात्रा प्रेमी का सपना होता है।

**आइसलैंड-ब्लू लैगून**

आइसलैंड के जलवायु और अद्वितीय भौगोलिक संरचना ने इस देश को एक अनोखा पर्यटन स्थल बना दिया है। ब्लू लैगून एक प्राकृतिक गर्म पानी का झील है जो अपनी नीली जलधारा के कारण प्रसिद्ध है। यह स्थान विशेष रूप से अपने खनिजों से भरपूर पानी और अद्भुत दृश्य के लिए जाना जाता है। आइसलैंड में गीजर, जलप्रपात और ज्वालामुखी के अद्भुत .श्य भी देखने को मिलते हैं। यहां का थिंगवेलीर नेशनल पार्क और गोल्डन सर्कल ट्रेल भी पर्यटकों के बीच बहुत प्रसिद्ध हैं।

**इटली-वेनिस**

वेनिस इटली का एक ऐतिहासिक और रोमांटिक शहर है, जिसे अपनी अद्भुत नहरों और सुंदर वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां की गोंडोला नाव यात्रा और सेंट मार्क स्क्वायर पर आकर पर्यटक असली वेनिस की खूबसूरती का अनुभव कर सकते हैं। वेनिस का ऐतिहासिक महत्व और इसकी सड़कों पर चलने का अनुभव पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है। इस शहर की अद्भुत नहरों, ऐतिहासिक चर्चों, और महलों का .श्य अविस्मरणीय होता है।

**अर्जेंटीना-पातागोनिया**

पातागोनिया अर्जेंटीना और चिली का एक विशाल क्षेत्र है, जो अपनी खूबसूरत पहाड़ियों, बर्फीले ग्लेशियर्स और अद्वितीय वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। यह जगह उन यात्रा प्रेमियों के लिए आदर्श है जो प्रकृति के बीच शांतिपूर्ण वातावरण का अनुभव करना चाहते हैं। यहां के लोस ग्लेशियर्स नेशनल पार्क और फिट्ज रॉय माउंट की खूबसूरती पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। पातागोनिया में पर्यटक ट्रैकिंग, हाइकिंग, और वाइल्डलाइफ सेंट्री में घूमने का आनंद ले सकते हैं।

**ऑस्ट्रेलिया-ग्रेट बैरियर रीफ**

ग्रेट बैरियर रीफ, जो दुनिया का सबसे बड़ा कोरल रीफ है, ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से मिलता है। यह स्थल न केवल समुद्र विज्ञानियों के लिए, बल्कि पर्यटकों के लिए भी एक आदर्श गंतव्य है। यहां आप अद्भुत समुद्री जीवन, रंग-बिरंगे



कोरल, और मछलियों के झुंडों को देख सकते हैं। स्नॉर्कलिंग और स्कूबा डाइविंग के शौकिनों के लिए यह स्थान स्वर्ग से कम नहीं है।

**कनाडा-बन्फ नेशनल पार्क**

बन्फ नेशनल पार्क, कनाडा के एल्प्स पर्वत में स्थित है, और यह दुनिया के सबसे खूबसूरत नेशनल पार्कों में से एक है। यहां के नीले झीलें, बर्फ से ढके पहाड़, और घने जंगल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। लेक लुइस और मोरिन झील यहां के प्रमुख आकर्षण हैं। यह स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है और ट्रैकिंग, हाइकिंग, और स्कीइंग के लिए आदर्श है।

**जापान-फुजी पर्वत**

फुजी पर्वत, जापान का सबसे ऊंचा और पवित्र पर्वत है, जो यात्रा प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। यह पर्वत विशेष रूप से अपनी भव्यता और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है। हर साल हजारों लोग फुजी पर्वत की चोटी पर चढ़ने के लिए आते हैं। इसके अलावा, इसके पास के हाकोन झील और अशी झील भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

**थाईलैंड-कओ सामुई**

कओ सामुई, थाईलैंड का एक खूबसूरत द्वीप है जो अपनी सफेद रेत, नीले पानी और शानदार समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध है। यहां के बीच रिजॉर्ट्स, जलप्रपात और प्राचीन मंदिर भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। समुद्र के किनारे आराम करने और पानी की गतिविधियों में भाग लेने के लिए यह आदर्श स्थान है।

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान खान से अमानवीय व्यवहार किया जा रहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान ने आरोप लगाया है कि उनके भाई को एकांत कारावास में रखकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा नहीं दी जा रही। सुखान द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इमरान खान को 16 अक्टूबर 2025 से एकांत कारावास में रखा गया है। उन्होंने 2025 में केवल दो बार और फरवरी 2026 में एक बार, वह भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, अपने बेटों से बात की थी। बयान के अनुसार, उन्हें पढ़ने के लिए किताबें भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं और जो किताबें भेजी गईं, उनमें से केवल तीन ही उन्हें मिल पाईं।

### नाटो ने एनपीटी प्रतिबद्धताओं के साथ परमाणु स्थिति दोहराई

**न्यूयॉर्क।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने मंगलवार को कहा कि वह परमाणु गठबंधन बना रहेगा और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करता रहेगा। नाटो ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान 'बिगड़ता सुरक्षा माहौल' एनपीटी के लिए नई चुनौतियां पेश कर रहा है, क्योंकि परमाणु प्रसार से जुड़े संकट लगातार बढ़ रहे हैं। गठबंधन देशों ने एनपीटी के पूर्ण कार्यान्वयन के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई। 1970 में लागू होने के बाद से यह संधि वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने में महत्वपूर्ण रही है।

### रूस ने लुगांस्क क्षेत्र पर पूरी तरह नियंत्रण कर लियाः सेना प्रमुख

**मॉस्को।** रूसी जनरल स्टाफ के प्रमुख वैलेरी गेरासिमोव ने मंगलवार को घोषणा की है कि रूसी सेना ने लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है। गेरासिमोव ने कहा कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की मुक्ति का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। इस समय रूसी सेना सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं और उनका अभियान जारी है। गौरतलब है कि लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (एलपीआर) यूक्रेन के लुहान्स्क क्षेत्र में एक स्वघोषित अलगाववादी क्षेत्र है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र समेत अधिकांश देश इसे यूक्रेन का ही हिस्सा मानते हैं।

### कुब्रा सैत ने की ADHD पर खुलकर बात

**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के घरिए अपने अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) के सफर के बारे में खुलकर बात की और इसे अपनी कमी के बजाय अपना 'सुपर पावर' बताया है । वीडियो में कुब्रा ने बताया कि कैसे सालों की सेल्फ-रिफ्लेक्शन और थेरेपी ने उन्हें अपने मन को बेहतर तरीके से समझने में मदद की।



जम्मू-कश्मीर। किश्तवार जिले में सिंथम टॉप तक बर्फ हटाने का काम पूरा हो चुका है, जिसके बाद दकसुम-किश्तवार सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया।

## ईरान के परमाणु ठिकानों से सामग्री निकालना 'लंबी और कठिन प्रक्रिया': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के परमाणु स्थलों से सामग्री निकालना 'लंबी और कठिन प्रक्रिया' होगी। ट्रम्प ने दावा किया कि 'ऑपरेशन मिडनाइट हैमर' के तहत ईरान के परमाणु स्थलों को 'पूरी तरह नष्ट' कर दिया गया है और वहां मौजूद समृद्ध यूरेनियम को निकालना आसान नहीं होगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर अमेरिकी मीडिया की आलोचना करते हुए कहा कि वह अमेरिकी पायलटों को उनके योगदान का श्रेय देने में विफल रहा है और लगातार उनकी उपलब्धियों को कम करके दिखाता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बना हुआ है और 10 दिन का अस्थाई युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

# भारत ने इजरायल की मदद कर कानून तोड़ाः यूएन दूत

## हथियार भेजना नियमों के खिलाफ, इससे ग्लोबल सिस्टम कमजोर हो रहाः फ्रांसेस्का अल्बनीज

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल के साथ उसके संबंध और युद्ध के समर्थन को लेकर भारत की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

'टार्चर एंड जेनोसाइड' नाम की इस रिपोर्ट को यूएन स्पेशल दूत फ्रांसेस्का अल्बनीज ने 23 मार्च को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पेश किया। द हिंदू से बात करते हुए उन्होंने भारत पर आरोप लगाया कि इजरायल के साथ करीबी संबंधों के चलते भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है और उसे इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस ने इजरायल के कब्जे को गलत बताया है और देशों से हथियारों का लेन-देन रोकने को कहा है। इसके बावजूद भारत का हथियार भेजना नियमों के खिलाफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि कानून के साथ-साथ भारत की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। उनका मानना है कि भारत का इतिहास और न्याय की सोच ऐसे फैसलों के खिलाफ खड़ी होती है, लेकिन अभी सरकार का रुख उससे अलग नजर आ रहा है। टार्चर एंड जेनोसाइड रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्टूबर 2023 से इजरायल ने गाजा और डिटेंशन सेंटर्स में फलस्तीनियों के खिलाफ व्यवस्थित यातना का इस्तेमाल किया। रिपोर्ट में गाजा को बहुत बड़ा यातना शिविर बताया गया है। इसी रिपोर्ट के आधार पर अल्बनीज ने भारत की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इजरायल के साथ करीबी संबंधों के चलते भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है और उसे इसकी जिम्मेदारी उठानी पड़ सकती है। इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फरवरी में इजरायल यात्रा और 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का जिक्र किया। उनके अनुसार, यह संबंध अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में जाता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टार्चर केवल जेलों तक सीमित नहीं है। निगरानी, फेस रिकग्निशन, ड्रोन और चेकपाइंट्स के जरिए फिलिस्तीनियों के जीवन पर लगातार नियंत्रण रखा जा रहा है। इससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी भी एक तरह के मानसिक और सामाजिक दबाव में रहती है। अल्बनीज ने बताया कि गाजा में हालात बेहद खराब हैं। करीब 1,90,000 लोग 50 वर्ग किमी से कम इलाके में रह रहे हैं। वहां दवाइयों, साफ-सफाई और सुरक्षा की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति कंसंट्रेशन कैंप से भी बदतर हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जेलों के अंदर और बाहर दोनों जगह एक जैसी नीतियां लागू हैं, जैसे भूख से दबाव बनाना और बुनियादी जरूरतों से वंचित रखना। उनके मुताबिक, यह सब लोगों की उम्मीद खत्म करने की कोशिश है।



■ इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस ने इजरायल के कब्जे को गलत बताया है और देशों से हथियारों का लेन-देन रोकने को कहा है: फ्रांसेस्का

# जापान दूसरे देशों को घातक हथियार बेचेगा

## 50 साल बाद टोक्यो ने नीति में बदलाव किया, ऑस्ट्रेलिया के साथ 7 अरब डॉलर का समझौता

**टोक्यो।** जापान ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद अपनी शांतिवादी नीति में बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री साने ताकाइची की कैबिनेट ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगी दशकों पुरानी रोक हटा दी है। इसके तहत अब जापान फाइटर जेट, मिसाइल और वारशिप जैसे हथियार दूसरे देशों को बेच सकेगा। मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए ताकाइची ने कहा कि अब सभी रक्षा उपकरणों का ट्रांसफर संभव होगा। उन्होंने कहा कि हथियार सिर्फ उन देशों को दिए जाएंगे जो यूएन चार्टर (संविधान) के मुताबिक उनका इस्तेमाल करने का वादा करेंगे। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कई देश जापानी हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं।

हाल ही में जापान और आस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है। इसके तहत मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज आस्ट्रेलियाई नौसेना के लिए 11 में से पहले 3 वारशिप बनाएगी। इससे पहले 1976 में लागू प्रावधानों के तहत जापान सिर्फ गैर-घातक सैन्य उपकरण ही निर्यात कर सकता था। इनमें निगरानी और माइन स्वीपिंग जैसे उपकरण शामिल थे। आस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और जापान के रक्षा मंत्री कोइजुमी शिंजिरो ने मेलबर्न में मेमोरेंडम पर साइन किए। सेकेंड वलर्ड वार और हिरोशिमा-नागासाकी परमाणु हमले के बाद जापान ने तय किया कि वह युद्ध से दूर रहेगा। संविधान के आर्टिकल 9 में साफ लिखा गया कि जापान युद्ध नहीं करेगा और सेना सिर्फ आत्मरक्षा तक सीमित रहेगी। इसी वजह से जापान ने सेल्फ डिफेंस फोर्स (एसडीएफ) बनाई। 1976 में जापान ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगभग पूरी तरह रोक लगा दी। हालांकि 2014 में थोड़ी ढील दी गई लेकिन सख्त सीमाएं बनी रहीं। अब नए फैसले में जापान ने अपनी शांति नीति में बड़ा बदलाव किया है। अल जजीरा के मुताबिक, इस फैसले के तहत कम से कम 17 देश जापान से हथियार खरीद सकेंगे। इसमें आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। अगर और देश जापान के साथ समझौते करते हैं तो यह सूची बढ़ सकती है। वहीं, जापानी अखबार असाही के मुताबिक जापान उन देशों को हथियार नहीं बेचेगा जहां फिलहाल युद्ध चल रहा है। हालांकि विशेष परिस्थितियों में जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला हो तो इसमें छूट दी जा सकती है। बदलते सुरक्षा हालात की वजह से यह बदलाव लाया गया हैं। खासतौर पर इंडो-पैसिफिक में चीन की बढ़ती ताकत, उत्तर कोरिया के मिसाइल टेस्ट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे घटनाक्रम इसकी बड़ी वजह माने जा रहे हैं। अब जापान सिर्फ शांतिवादी देश नहीं रहना चाहता बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा में एक सक्रिय और जिम्मेदार साझेदार बनना चाहता है। अल जजीरा के मुताबिक, ताकाइची ने इस फैसले को बदलते वैश्विक हालात से जोड़ा। उनके अनुसार, मौजूदा समय में कोई भी देश अकेले अपनी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता इसलिए सहयोग और साझेदारी जरूरी हो गई है। जापान के इस फैसले को सिर्फ विदेश नीति का बदलाव नहीं, बल्कि उसके डिफेंस इंडस्ट्री के लिए बड़ा टर्निंग पाइंट माना जा रहा है। दशकों तक हथियार निर्यात पर रोक होने की वजह से जापान की रक्षा कंपनियां घरेलू आर्डर तक सीमित थीं जिससे उनकी ग्रोथ धीमी रही। अब यह बाधा हटने से कंपनियों के लिए वैश्विक बाजार खुल गया है जिससे घरेलू डिफेंस इंडस्ट्री को स्केल (पैमाना) बढ़ाने का मौका मिलेगा। सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जापानी कंपनियों को बड़े पैमाने पर नए ग्राहक मिलेंगे। अभी तक अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों का हथियार बाजार पर दबदबा था, लेकिन अब जापान भी इसमें एंट्री कर रहा है। रोजगार और इकोनामी पर भी इसका असर पड़ेगा।



■ हाल ही में जापान और आस्ट्रेलिया के बीच 7 अरब डॉलर का समझौता हुआ है
■ 1976 में जापान ने घातक हथियारों के निर्यात पर लगभग पूरी तरह रोक लगा दी

### ब्रिटेन और फ्रांस परमाणु शुरू कर रहे हैं हथियारों की होड़ः रूस

**मास्को।** रूस ने कहा है कि ब्रिटेन और फ्रांस अपनी परमाणु क्षमता में वृद्धि करके परमाणु हथियारों की होड़ को जन्म दे रहे हैं। यह परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। यह बात रूस के उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुशको ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पुतनिक के साथ साक्षात्कार में कही। उन्होंने कहा कि फ्रांस के नए सैद्धांतिक दृष्टिकोण कई मायनों में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की विस्तारित परमाणु निवारण नीति की याद दिलाते हैं और वे खुले तौर पर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के संयुक्त परमाणु मिशनों में सहायक बनने की योजनाओं को भी उजागर करते हैं। ग्रुशको ने कहा कि ऐसे कदम नाटो के सदस्य देशों की उकसाने वाली सैन्य-परमाणु गतिविधियों के सामान्य पैटर्न के अनुरूप हैं, जो हमारे देश के खिलाफ हैं। ब्रिटेन ने पहले भी अपनी परमाणु क्षमताओं में वृद्धि की घोषणा की थी और वह भी रूस-विरोधी नारों के तहत। यह अपने आप में हथियारों की होड़ को बढ़ाने का काम करता है, जो न केवल एनपीटी के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है, बल्कि संधि के प्रत्यक्ष दायित्वों के भी सीधे तौर पर विपरीत है।

# वेंस के साथ पाकिस्तान में दिखा विवादित करोबारी

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा के दौरान एक विवादित कारोबारी की मौजूदगी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उमर फारूक जहूर, जिसे नार्वे में बैंक फ्राड और मनी लान्ड्रिंग के मामलों में वांछित बताया जाता है, इस्लामाबाद में अमेरिकी अधिकारियों के साथ नजर आया। 11 अप्रैल को वेंस के इस्लामाबाद पहुंचने के दौरान सामने आए एक वीडियो में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ उन्हें एक शख्स से मिलवाते दिखे। बाद में उस शख्स की पहचान जहूर के रूप में हुई। यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब वेंस ईरान से जुड़ी शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे। जहूर पाकिस्तान मूल का कारोबारी है, जिसका जन्म नार्वे के ओस्लो में हुआ और वह फिलहाल दुबई में रहता है। वह खुद को निवेशक और उद्यमी बताता है। हालांकि उसकी छवि अलग-अलग देशों में अलग है। यूरोप में उस पर गंभीर आरोप हैं, जबकि पाकिस्तान में उसे एक सफल निवेशक के तौर पर देखा जाता है। नार्वे की एजेंसियों के अनुसार, जहूर 2010 से नार्डिया बैंक से जुड़े फ्राड केस में वांछित है और उस पर मनी लान्ड्रिंग के आरोप भी हैं। उसे 2003 में गबन के मामले में सजा भी हो चुकी है।

■ जहूर पाकिस्तान मूल का कारोबारी है, जिसका जन्म नार्वे के ओस्लो में हुआ

## जब तक समझौता नहीं हो जाता नहीं हटाएंगे नाकेबंदीः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हो जाता, तब तक अमेरिका ईरानी बंदरगाहों से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है जब इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि युद्ध खत्म करने को लेकर दोनों देशों के बीच नई बातचीत होगी या नहीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा है कि एक हफ्ता पहले शुरू हुई यह नाकेबंदी ईरान को पूरी तरह तबाह कर रही है और अमेरिका इस संघर्ष में काफी आगे चल रहा है।

# नोबेल शांति पुरस्कार की बढ़ रही चाहत

## ट्रम्प के बाद अब पाक के पीएम और सेना प्रमुख को भी सम्मानित करने की उठी मांग

**इस्लामाबाद।** पाक के खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मंगलवार को एक प्रस्ताव पेश किया गया। इस प्रस्ताव में पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की विधायक फराह खान ने यह प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय में पेश किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि इन दोनों नेताओं ने अपनी कूटनीति से क्षेत्रीय तनाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। दुनिया और क्षेत्र में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच पाकिस्तान ने बहुत ही जिम्मेदारी और समझदारी से काम लिया। प्रस्ताव के मुताबिक, सदन क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति को बढ़ावा देने में पाकिस्तान के योगदान को स्वीकार किया है। इस प्रस्ताव में शहबाज शरीफ और असीम मुनीर के नेतृत्व की जमकर तारीफ की गई है। इसमें उनके दूरदर्शी नेतृत्व, रणनीतिक सूझबूझ और कूटनीतिक प्रयासों को सराहा गया है। प्रस्ताव का दावा है कि इन कोशिशों की वजह से पाकिस्तान की वैश्विक साख बढ़ी है। पाकिस्तान अब दुनिया के सामने एक जिम्मेदार और शांति चाहने वाले देश के रूप में उभरा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान की इस भूमिका को पहचान मिली है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान की कोशिशों ने एक संभावित वैश्विक संकट को टालने में मदद की। इससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को भी कम किया जा सका। इन्हीं योगदानों को देखते हुए शहबाज शरीफ और असीम मुनीर का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेजने की सिफारिश की गई है। हालांकि, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होने की संभावना कम है। क्योंकि, खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पास बहुमत है। पीटीआई इस प्रस्ताव का विरोध कर सकती है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने साल 2022 में असीम मुनीर को सेना प्रमुख बनाने का विरोध किया था।



■ प्रस्ताव में यह भी कहाः पाकिस्तान की कोशिशों ने एक संभावित वैश्विक संकट को टालने में मदद की

# ट्रम्प के ऐलान से पहले दांव लगाकर करोड़ों कमाए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान एक दिलचस्प और विवादित ट्रेंड देखने को मिला है। कई ट्रेडर्स (शेयर बाजार में दांव लगाने वाले लोग) बड़े ऐलान से ठीक पहले करोड़ों डॉलर के दांव लगाते दिखे हैं। बीबीसी ने अलग-अलग फाइनेंशियल मार्केट के ट्रेड डेटा का विश्लेषण किया और उसे ट्रम्प के बड़े बयानों और घोषणाओं के समय से मिलाया। इसमें एक पैटर्न सामने आया कि कई बार उनके बयान आने से कुछ घंटे या मिनट पहले ही ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल दिखा। कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि यह इनसाइडर ट्रेडिंग का मामला हो सकता है। यानी सूचनाएं पहले ही लीक हो रही थीं, जिससे आम निवेशकों के भरोसे के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

■ बयान से कुछ मिनट पहले ट्रेडिंग में अचानक तेज उछाल, इनसाइडर ट्रेडिंग का शक गहराया

### धमकियों के बीच अमेरिका से बातचीत नहीं करेगा ईरानः गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान ने धमकी के दबाव में अमेरिका के साथ बातचीत करने से इन्कार किया है। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने ईरान को समझौता करने के लिए मजबूर करने के मकसद से अमेरिका की ओर से अपनाए जा रहे हथकंडों (जिसमें नौसैनिक नाकेबंदी भी शामिल है) की कड़ी निंदा की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ईरान युद्ध के मैदान में अपने नए पत्ते खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है।



देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)


# भारतीय के हत्यारे को उम्रकैद की सजा सुनाई

## गाजियाबाद यूपी के छात्र कार्तिक वासुदेव को कनाडा के टोरंटो स्थित हाईकोर्ट से मिला इंसाफ

**टोरंटो।** टोरंटो की एक अदालत ने भारतीय छात्र कार्तिक वासुदेव की हत्या के मामले में दोषी व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी की मानसिक बीमारी के आधार पर आपराधिक जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने की मांग खारिज कर दी। टोरंटो की उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेन केली ने आरोपी रिचर्ड एडविन को दो अलग-अलग हत्याओं में प्रथम श्रेणी हत्या का दोषी करार दिया। यह हत्याएं 7 अप्रैल और 9 अप्रैल 2022 को हुई थीं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अदालत ने उसे बिना पैरोल की संभावना के आजीवन कारावास की सजा दी। मामले में आरोपी ने 21 वर्षीय कार्तिक वासुदेव को गोली मारने की बात स्वीकार की थी। हालांकि बचाव पक्ष ने दलील दी थी कि घटना के समय वह मानसिक बीमारी सिजोफेनिया से पीड़ित था और सही-गलत में फर्क करने की स्थिति में नहीं था, इसलिए उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार न माना जाए। अदालत ने माना कि आरोपी मानसिक बीमारी से जूझ रहा था, लेकिन यह दलील स्वीकार नहीं की कि वह अपने कृत्य की प्रकृति समझने में असमर्थ था। इसी आधार पर अदालत ने एनसीआर (आपराधिक रूप से उत्तरदायी नहीं) की याचिका खारिज कर दी। फैसले में अदालत ने बताया कि कार्तिक वासुदेव शेरबोर्न स्टेशन के पास ब्लूर स्ट्रीट ईस्ट की सीढ़ियों की ओर जा रहे थे, तभी आरोपी तेजी से उनके पास से निकला, फिर वापस मुड़ा और उनकी पीठ पर कई गोलियां दाग दीं। कार्तिक वासुदेव गाजियाबाद के रहने वाले थे और सेनेका कॉलेज में मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे थे। वह जनवरी 2022 में उच्च शिक्षा के लिए कनाडा गए थे, लेकिन कुछ ही महीनों बाद उनकी हत्या कर दी गई। बताया गया था कि लूटपाट के चलते गोली मारी गई।



■ अदालत ने माना कि आरोपी मानसिक बीमारी से जूझ रहा था


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108